CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 06-03-2026 00:10 Color:

नई दिल्ली > बुधवार, 3 जून 2026 > ज्येष्ठ 13 शक संवत 1948 ज्येष्ठ कृष्ण तृतीया, विक्रम संवत 2083

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 130 > पेज 18 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित
*मासिक खरीद पर ही लागू

www.nbt.in

वर्ल्ड साइकल डे आज



# NBT नवभारत टाइम्स

ग्लोबल रनिंग डे भी आज



एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

## फटाफट खबरें

### ड्रग्स तस्करी: बेल की अर्ज़ी SC से खारिज



सुप्रीम कोर्ट ने ड्रग्स के दो अलग मामलों में आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी। कहा, नशीले पदार्थों की तस्करी सिर्फ कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि युवाओं, समाज और देश की अर्थव्यवस्था पर हमला है। ▶▶पेज 11

### सीमा विवाद: भारत का नेपाल को जवाब

भारत ने नेपाल के पीएम बालेन्द्र शाह के सीमा विवाद के हल में चीन और ब्रिटेन को शामिल करने की बात को सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को साफ कहा कि तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं हो सकती। ▶▶पेज 15

### SC: शादीशुदा बेटी परिवार से बाहर नहीं



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुकंपा आधार पर नियुक्ति/आवंटन के मामलों में विवाहित बेटियों को परिवार की परिभाषा से बाहर करना मनमाना है। यह संविधान के अनुरूप नहीं है। रूढ़ियों को बढ़ावा देता है। ▶▶पेज 11

### शेयर मार्केट रैंकिंग में भारत फिसला

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) के बढ़ते दबदबे और चिप बनाने वाली दिग्गज कंपनियों में आई जबरदस्त तेजी की बदौलत साउथ कोरिया का शेयर बाजार भारत से आगे निकल गया है। साउथ कोरिया दुनिया का छठा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। रैंकिंग में भारत 7वें पायदान पर खिसक गया है। ▶▶पेज 14

### 15 दिन बंद रहेगा श्रीनगर हवाई अड्डा

श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे की मरम्मत और रखरखाव के लिए 1 अक्टूबर से 15 दिन तक सभी उड़ानों का परिचालन बंद रहेगा। 1 अक्टूबर से उड़ानों का निलंबन दुर्गा पूजा की छुट्टियों के साथ होगा। ट्रैवल ऑपरेटरों को डर है कि बंदी से बड़े पैमाने पर बुकिंग रद्द होंगी। आर्थिक नुकसान होगा।

**GOOD न्यूज़**

गुड न्यूज़ से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 9

**खबरों के अंदर की बात**

**NBT Lens**

देखें पेज 2, 11 और 13

**हैपी मॉर्निंग**

गप्पू: रातभर मुझे नींद नहीं आई,
टप्पू: क्यों?
गप्पू: रातभर मैंने सपने में देखा कि मैं जाग रहा हूं...!

**अर्थसार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74,649.84 (+382.50) |
| निफ्टी | 23,483.55 (+100.95) |
| रु/यूएस डॉलर | 95.17 (+0.27) |
| रु/यूरो | 110.86 (+0.27) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,61,450 (+1,050) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹2,71,000 (+1300) |

स्रोत: ऑल इंडिया सर्राफा असोसिएशन

**मौसम**

न्यूनतम तापमान 26.8°

37.7° अधिकतम तापमान

सूर्यास्त 7:15 बुधवार | सूर्योदय 5:24 गुरुवार

आज दोपहर बाद हल्की आंधी आ सकती है। कल-परसों भी आसार।

# मार्किंग विवाद में केंद्र ने CBSE चेयरमैन और सचिव को हटाया

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** CBSE की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (OSM) सिस्टम को लेकर उठे विवाद के बाद केंद्र सरकार ने ऐक्शन लिया है। उसने CBSE के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता को उनके पद से हटा दिया। साथ ही CBSE की ओर से ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम के लिए सेवाओं की खरीद से संबंधित मामलों की जांच के लिए एक सदस्यीय कमिटी बनाई गई है। जांच समिति एक महीने के अंदर केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (DoPT) को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

**सीनियर IAS वरुण भारद्वाज को सचिव बनाया गया**

केंद्र ने IAS अफसर लोखंडे प्रशांत सीताराम को CBSE का नया चेयरमैन बनाया है। वह गृह विभाग में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं। सीनियर IAS अधिकारी वरुण भारद्वाज नए सचिव होंगे। सरकार ने मंगलवार की देर शाम नए चेयरमैन और सचिव की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया। राहुल सिंह का तबादला कृषि मंत्रालय में कर दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि CBSE की ऑन-स्क्रीन मार्किंग स्कीम की प्रक्रिया संदेह के घेरे में है। रिजल्ट के बाद बोर्ड का री-वैल्यूएशन (पुनर्मूल्यांकन) भी छात्रों के लिए परेशानी का सबब बना, जिसको लेकर सरकार नाखुश थी। मेडिकल टेस्ट NEET के रीएग्जाम के साथ-साथ PMO CBSE के मामले पर भी लगातार निगाह बनाए हुए था। CBSE के बड़े अधिकारियों पर ऐक्शन होने की खबर NBT ने मंगलवार को दी थी।

## लोखंडे प्रशांत सीताराम होंगे नए चेयरमैन




Sanjay Hadkar

**विरोध** NEET-CBSE में विवाद को लेकर यूथ कांग्रेस ने मुंबई में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर प्रदर्शन किया।

### री-वैल्यूशन के लिए 6 जून तक खुला रहेगा पोर्टल

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** CBSE ने री-वैल्यूशन और आंसरशीट की स्कैन कॉपी में पाई गई समस्याओं के वेरिफिकेशन के लिए मंगलवार को ऑनलाइन पोर्टल शुरू कर दिया। पोर्टल 6 जून की आधी रात तक खुला रहेगा। कोई ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**पोर्टल पर साइबर अटैक भी किया गया**

CBSE ने कहा कि साइबर अटैक के जरिए पोर्टल रोकने की कोशिश की गई। इसकी वजह से दो मिनट के भीतर प्लेटफॉर्म पर 15 लाख 'हिट' हुए। अनधिकृत रूप से फाइल हासिल करने के लिए एक लाख से अधिक बार कोशिश की गई।



**CBSE के चेयरमैन और सचिव का तबादला दिखावा है। मोदी जी को धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत बर्खास्त करना चाहिए। इससे कम कुछ भी CBSE छात्रों को न्याय नहीं दिलाएगा।**
-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### 17 साल के स्टूडेंट ने बताईं OSM की खामियां

**शिक्षा संबंधी** संसदीय समिति के सामने 17 साल के स्टूडेंट सार्थक सिद्धांत ने ऑन-स्क्रीन मार्किंग (OSM) सिस्टम की खामियों से लेकर टेंडर प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी के बारे में बताया। मीटिंग में शिक्षा मंत्रालय और CBSE के सीनियर अधिकारी भी मौजूद थे। सार्थक के प्रेजेंटेशन के बाद समिति CBSE के जवाब को भी देखेगी। मीटिंग में CBSE चेयरमैन समेत दूसरे अधिकारियों से OSM को लेकर छात्रों को हुई दिक्कतों के बारे में सवाल भी पूछे गए। समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा कि सार्थक सिद्धांत ने अपना पक्ष रखा। समिति तय करेगी कि क्या निर्णय लिया जाए।


सार्थक सिद्धांत

**हाई कोर्ट में मामला**

दिल्ली हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की गई है, जिसमें CBSE के OSM सिस्टम में बड़े पैमाने पर तकनीकी गड़बड़ियों और सिस्टमिक कमियों का आरोप लगाया गया है। NSUI की ओर से अर्जी दी गई है। ▶▶पेज 5

## मुकुंदपुर में तेज़ धमाके के बाद मकान ढहा, 11 लोग ज़ख्मी



■ दिल्ली के मुकुंदपुर इलाके की यीशु कॉलोनी में अचानक हुए तेज धमाके से एक मकान ढह गया। 11 लोग मलबे में दबकर जख्मी हो गए।

■ रिहायशी इलाके के मकान में स्टील के बर्तनों पर पॉलिश होता था, दूसरे हिस्से में LPG सिलिंडरों में गैस रिफिलिंग। ▶▶पेज 4

## 24 घंटे के अंदर दिल्ली में चाकू से वार कर 3 मर्डर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

**24 घंटे** के अंदर दिल्ली में अलग-अलग जगह पर चाकू से वार कर तीन मर्डर हुए। नॉर्थ ईस्ट के न्यू उस्मानपुर इलाके में सोमवार देर रात 17 साल के अभिषेक की करीब एक दर्जन से अधिक आरोपियों ने दौड़ा-दौड़ा कर चाकू मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि अभिषेक पर 15 बार चाकू से वार किया। पुलिस ने दो नाबालिग समेत चार को पकड़ा है। दूसरी घटना, न्यू उस्मानपुर की भगत सिंह कॉलोनी में सोमवार देर रात हुई, जहां बचपन के दोस्त मोहित ने 26 वर्षीय ललित की चाकू मारकर हत्या कर दी। मोहित का अपनी पत्नी के साथ पिछले दो साल से तलाक को लेकर विवाद चल रहा है। उसकी पत्नी ललित के घर आती थी। इससे मोहित नाराज था और शक में हत्या कर दी। ▶▶पेज 3




**शक के कारण दोस्त ने की ललित की हत्या**

**भीड़-भाड़ वाले द्वारका मोड़ के पास मार डाला**

तीसरी हत्या द्वारका जिला के बिंदापुर इलाके में हुई। मंगलवार सुबह भीड़-भाड़ वाले द्वारका मोड़ के पास एक शख्स सोनू कुमार की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वह मोहन गार्डन थाना इलाके के रहने वाले थे। पुलिस ने एक नाबालिग समेत तीन को पकड़ा।

## हिंसा के विरोध में धरना, ममता बोलीं- कार्यकर्ताओं को मझधार में नहीं छोड़ेंगे

■ **पीटीआई, कोलकाता**

**TMC चीफ** ममता बनर्जी ने हाल में राज्य विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जीत के बाद अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं पर कथित तौर पर हुए हमलों के विरोध में मंगलवार को कोलकाता में धरना दिया। ममता ने कहा कि वह चुनाव में पार्टी की हार के बाद TMC कार्यकर्ताओं को मझधार में नहीं छोड़ेंगी। अगले हफ्ते होने वाली 'INDIA' ब्लॉक की बैठक का जिक्र करते हुए कहा, बहुत जल्द, बीजेपी विरोधी सभी पार्टियां दिल्ली में बैठक करेंगी। कुछ दिन इंतजार करें, जल्द ही विपक्ष की देशव्यापी कार्ययोजना की घोषणा करेंगे।

PTI



**धरना-प्रदर्शन** पूर्व सीएम ममता के साथ पार्टी के कई नेता मौजूद रहे।

**TMC टूट की ओर बढ़ रही है: BJP**

पश्चिम बंगाल के मंत्री तापस रॉय ने मंगलवार को दावा किया कि विपक्षी पार्टी TMC में महाराष्ट्र जैसी टूट होने के संकेत दिखाई दे रहे हैं। ▶▶पेज 8

### गाज़ियाबाद: फ्लैट में आग से 3 पालतू डॉग्स की मौत

■ **NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद:** कविनगर इलाके के अवंतिका फेज-2 में एसके होम्स नाम की चार मंजिला इमारत के तीसरे फ्लोर पर कूलर कारोबारी पवन शर्मा के फ्लैट में आग लग गई। आग सोमवार देर रात करीब 3 बजे लगी। दमकल की टीम ने फ्लैट में फंसे कारोबारी के परिवार को बालकनी की तरफ सीढ़ी लगाकर नीचे उतारा। वहीं, फ्लैट में फंसे कारोबारी के तीन पालतू डॉग्स की धुएं में दम घुटने से मौत हो गई।

**मरने वालों में 2 जर्मन शेफर्ड और एक हस्की ब्रीड का डॉग**

### जुडिशल कस्टडी में भेजे गए त्विषा के पति, सास

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली/भोपाल**

**पूर्व मॉडल** त्विषा शर्मा के पति और उनकी सास गिरिबाला सिंह को दहेज उत्पीड़न के आरोप में मंगलवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। CBI की हिरासत की पूरी होने के बाद भोपाल की एक अदालत ने उन्हें जेल भेजा।

त्विषा के परिवारवालों के वकील अनुराग श्रीवास्तव ने कहा, 'CBI ने एक आवेदन दिया है जिसमें कहा गया है कि उसकी जांच का एक बड़ा हिस्सा अब भी पेंडिंग है। कई गवाह हैं, जिनसे पूछताछ करने की जरूरत है। उनके बयान दर्ज किए जाने हैं।' उन्होंने कहा कि CBI ने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त की है। उन्हें फरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। CBI ने संकेत दिया कि दोनों की फिर से हिरासत की जरूरत हो सकती है।





**CBI की हिरासत** पूरी होने के बाद मां-बेटे को कोर्ट ने जेल भेज दिया।

### धोखाधड़ी में अर्थ ग्रुप के 4 प्रमोटर गिरफ्तार किए गए

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ED) ने करीब 2,000 करोड़ रुपये के कथित होमबायर और निवेशक धोखाधड़ी मामले में अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के चार प्रमोटरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में अवधेश कुमार गोयल, रजनीश मित्तल, अतुल गुप्ता और विकास गुप्ता हैं। उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग के तहत गिरफ्तार किया है। कोर्ट से इन सभी आरोपियों को पांच दिन की ED को रिमांड मिली है।

**2 हजार करोड़ की धोखाधड़ी का है यह मामला**

## लेबनान पर हमला रोकने का ट्रंप का दावा, इस्राइल का ड्रोन अटैक जारी रहा

AFP



**साउथ लेबनान** में इस्राइल के ड्रोन हमलों में 8 की मौत हो गई।

■ **पीटीआई, वॉशिंगटन**

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने इस्राइल के पीएम बेन्यामिन नेतन्याहू को लेबनान पर हमले को रोकने के लिए राजी कर लिया है। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों नेताओं के बीच तीखी बातचीत हुई। हालांकि, इसके बाद भी लेबनान पर इस्राइल के हमले जारी रहे। हिजबुल्ला की ओर से भी फायरिंग हुई।

ईरान की ओर से लेबनान पर इस्राइल के हमलों को लेकर अमेरिका के साथ बातचीत को खत्म करने की धमकी के बाद ट्रंप और नेतन्याहू के बीच फोन पर बातचीत हुई। नेतन्याहू ने कहा था कि अगर हिजबुल्ला इस्राइल पर हमले बंद नहीं करता है तो बेरूत में आतंकी ठिकानों पर हमला करेगा। ट्रंप ने दावा किया कि उनकी गुजारिश पर इस्राइल ने सेना को वापस बुला लिया। ▶▶पेज 15

### US-ईरान बात पटरी पर लौटी

ईरानी मीडिया ने संकेत दिया है कि ईरान-US के बीच बातचीत जारी है। मगर, ईरान के शीर्ष वार्ताकार ने लेबनान पर इस्राइल के हमलों के जारी रहने पर स्थिति को और बिगाड़ने की धमकी दी। ईरान की अर्ध-सरकारी न्यूज एजेंसी मेहर ने बताया कि US के साथ युद्धविराम समझौते के लिए ईरान का अंतिम मसौदा प्रस्ताव अब भी विचाराधीन है। इससे संकेत मिलता है कि बातचीत फिर से पटरी पर आ गई है।

**ईरानी मीडिया ने संकेत दिया कि बातचीत जारी है**


## IPL जीतने के बाद विराट-अनुष्का वृंदावन पहुंचे, गुरु प्रेमानंद का आशीर्वाद लिया

■ लगातार दूसरी बार IPL ट्रॉफी जीतने के बाद विराट कोहली और अनुष्का शर्मा वृंदावन पहुंचे, गुरु प्रेमानंद महाराज से आशीर्वाद लेकर आभार जताया।

■ दोनों सुबह श्रीहित राधा केलि कुंज आश्रम पहुंचे, करीब दो घंटे रहे। बाहर निकले तो माथे पर संत के समान ही चंदन और त्रिपुण्ड नजर आ रहा था। आश्रम से पुस्तक उपहार में मिली।

■ विराट-अनुष्का ने स्वामी हित गोविंद शरण के भी दर्शन किए।

Social Media





## सैदुलाजाब: पांच लाख के लालच में बन रही थी इमारत

■ **अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली**

नई दिल्ली के सैदुलाजाब में ढही इमारत मामले की जांच में नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपी करमवीर से पूछताछ में पता चला कि इमारत उसके नाम पर थी और चार मंजिलों से उसे करीब 10 लाख रुपये मिलने थे। जांच में सामने आया है कि वह दो और मंजिलें बनवा रहा था, जिनसे करीब पांच लाख रुपये अतिरिक्त मिलने की उम्मीद थी। मलबे से करमवीर के नाम के कुछ बिजली मीटर भी मिले हैं, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस किरायेदारों से भी पूछताछ कर रही है। इमारत का स्वीकृत नक्शा नहीं मिला है। फरार बिल्डर मनीष की तलाश जारी है। ▶▶पेज 4

Anushka Kogta




**जांच जारी** मलबे से करमवीर के नाम के कुछ बिजली मीटर भी मिले हैं

### 4 जून को मॉनसून पहुंचेगा केरल



**छई छपाक छई...** नासिक में मंगलवार को बारिश हुई।

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 4 जून को केरल में दस्तक दे सकता है। इसके लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई है। IMD के मुताबिक 4 जून के आसपास मॉनसून केरल, तमिलनाडु, अरब सागर के कुछ और हिस्सों के साथ बंगाल की खाड़ी के पश्चिमी, मध्य, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भागों में आगे बढ़ सकता है। ▶▶पेज 15

**'सक्सेस फॉर्म्युला' की तलाश** 15 की उम्र में मिली कामयाबी के राज़ किए जाएंगे डिकोड, तीन महीने तक होगी रिसर्च

## 'वंडर बॉय' की कहानी से निकलेगा सफलता का मंत्र, वैभव पर IIM इंदौर करेगा स्टडी

■ **भाषा, इंदौर**

**महज 15** साल की उम्र में क्रिकेट में धमाल मचाने वाले राजस्थान रॉयल्स के ओपनर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पर अब इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (IIM) इंदौर केस स्टडी करेगा। वंडर बॉय के नाम मशहूर हुए वैभव पर मल्टीडिसीप्लिनरी स्टडी होगी, जिसमें खेल मनोविज्ञान और प्रबंधन एक्सपर्ट साथ मिलकर इतनी छोटी उम्र में हासिल किए गए सफलता के फॉर्मूले पर रिसर्च करेंगे।

IIM इंदौर के निदेशक हिमांशु राय ने बताया कि रिसर्च का मकसद सिर्फ वैभव की उपलब्धियों का विश्लेषण करना नहीं, बल्कि यह समझना है कि असाधारण प्रतिभाओं के विकास में परिवार, कोच, शिक्षक, व्यक्तित्व और अभ्यास की क्या भूमिका होती है। शोध में यह भी देखा जाएगा कि कम उम्र में मिली शोहरत, सोशल मीडिया और बढ़ती अपेक्षाओं के दबाव से कैसे निपटा जा सकता है। अगले दो हफ्ते में शुरू होने वाली यह रिसर्च 3 महीने तक चलेगी। इसके निष्कर्ष BCCI और शोध पत्रिकाओं के साथ साझा किए जाएंगे।

**रिसर्च के निष्कर्ष बीसीसीआई के साथ साझा करेंगे**




**क्यों खास है यह अध्ययन?**

15 वर्षीय वैभव ने IPL-2026 में 776 रन, एक शतक, पांच अर्धशतक और रेकॉर्ड 72 छक्के लगाकर सबको चौंका दिया। IIM इंदौर का मानना है कि कम उम्र में मिली बड़ी सफलता प्रतिभा के विकास और मानसिक दबाव, दोनों को साथ लेकर आती है। अध्ययन के जरिए ऐसी बाल प्रतिभाओं के समग्र विकास के लिए व्यावहारिक और नीतिगत सुझाव तैयार किए जाएंगे।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: cci Time: 06-02-2026 23:00 Color:



# गाज़ियाबाद में लगी आग, दम घुटने से तीन डॉग्स की मौत

Rahul.Singhal
@timesofindia.com

■ **गाजियाबाद:** कविनगर एरिया के अवंतिका फेज-2 में एसके होम्स नामक चार मंजिला बिल्डिंग के थर्ड फ्लोर पर कूलर कारोबारी के फ्लैट में आग लगने से तीन तीन पालतू डॉग्स की जान चली गई। इनमें दो जर्मन शैफर्ड और एक हस्की ब्रीड की थी। गनीमत रही कि फायर ब्रिगेड की टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई और परिवार के लोगों से बालकनी में आने को कहा। टीम ने तुरंत ही सीढ़ी के सहारे परिवार के सभी चार लोगों को सकुशल नीचे उतार लिया। हालांकि, पालतू डॉग्स को बचाने के लिए फ्लैट के मालिक ने सभी को गोद में उठा लिया था। बाद में सभी घर के अंदर की ओर चले गए। ऐसे में दम घुटने से उनकी जान चली गई।

**तत्काल मिली मदद तो बच गई चार लोगों की जान**



सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि कूलर कारोबारी पवन शर्मा पत्नी व बेटा और बेटी के साथ एसके होम्स नामक चार मंजिला बिल्डिंग में थर्ड फ्लोर पर रहते हैं। आग लगने के बाद सीढ़ी से सभी परिजनों को सकुशल नीचे उतार लिया गया। पवन शर्मा ने बताया कि उनके पर एक मेल जर्मन शैफर्ड था, उसका नाम जैकी था। सात साल की जिम्मी फीमेल जर्मन शैफर्ड ब्रीड की थी और मानू फीमेल हस्की ब्रीड की थी। शर्मा ने बताया कि वह खुद जैकी, जिम्मी और मानू को बालकनी की तरफ लेकर जा रहे थे। वे उनकी गोद से गिर गए और अंदर चले गए। धुएं से बेसुध से होने लगे।

# मौसम को सुहावना करने कल फिर आएगी बारिश

## 4-5 को बारिश का येलो अलर्ट, फिर बढ़ेगी गर्मी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**राजधानी में** एक बार फिर बारिश आएगी। इससे मौसम सुहावना हो जाएगा। 4 और 5 जून को आंधी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। आंधी के दौरान हवाओं की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक जा सकती है।

एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस 3 जून की देर रात तक हिमालयी क्षेत्रों में पहुंच रहा है। इसके असर की वजह से 3 से 6 जून के बीच जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम की गतिविधियां बढ़ेंगी। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और पूर्व पश्चिम दिशा में बनी ट्रफ रेखा के संयुक्त प्रभाव से उत्तर भारत के मैदानी इलाकों खासकर दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में भी बारिश और आंधी को मजबूती मिलेगी। मंगलवार को उमस भरी गर्मी रही। धूप भी खिली रही। अधिकतम तापमान बढ़कर 37.7 डिग्री पहुंच गया। यह सामान्य से 2.3 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.1 डिग्री कम रहा।

**अधिकतम तापमान बढ़कर 37.7 डिग्री पहुंच गया मंगलवार को**

पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार को आंशिक बादल रह सकते हैं। दोपहर के समय हल्की बूंदाबांदी और आंधी आ सकती है। हवाओं की गति 20 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रहेगी।



File Photo

आज आंशिक बादल रह सकते हैं। दोपहर के समय हल्की बूंदाबांदी-आंधी आ सकती है

अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री के आसपास रह सकता है। 4 और 5 जून को बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। दोनों दिन बादल छाए रहेंगे। दोपहर के समय बारिश और आंधी आएगी। आंधी के दौरान हवाओं की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। हल्की बारिश होगी। इससे तापमान में गिरावट होगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 37 से 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री तक रह सकता है। 6 जून को आंशिक बादल रहेंगे। मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री तक रह सकता है। वहीं 7 और 8 जून को तेज धूप खिलेगी। इसकी वजह से तापमान फिर से बढ़ेगा। अधिकतम तापमान 38 से 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहेगा।

### अब कुछ दिन सामान्य रहेगा प्रदूषण

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली** : प्रदूषण का स्तर मंगलवार को सामान्य रहा। अब यह कुछ दिनों तक सामान्य ही बना रहेगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के एयर बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का एक्यूआई 106 रहा। मुख्य प्रदूषक ओजोन रहा। ओजोन का स्तर तय मानकों से कुछ जगह पर अधिक दर्ज हुआ। वही फरीदाबाद का एक्यूआई 171, गाजियाबाद का 132 और नोएडा का 124 रहा।

### प्रदूषण-विकास के कामों की समीक्षा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली** : हरियाणा सीमा से लगते क्षेत्रों में प्रदूषण व विकास संबंधित कार्यों को लेकर पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को निरीक्षण किया। उन्होंने मुंगेशपुर गांव और बवाना औद्योगिक क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की समीक्षा भी की। इस दौरान उनके साथ स्थानीय विधायक रविंद्र इंद्राज सिंह भी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने हरियाणा सीमा से सटे औद्योगिक इकाइयों से बढ़ते प्रदूषण को लेकर अपनी चिंताएं मंत्री के समाने रखी। सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करते हुए आगे बढ़ना है। सिरसा ने निरीक्षण करते हुए अधिकारियों के क्षेत्र में चल रहे कामों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने गंगा टोली मंदिर में आयोजित वार्षिक भंडारे में भाग लिया।

# 10 साल में 11% घटे पानी-हरियाली, बढ़ रही तपिश

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे से पहले सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (CSE) ने दिल्ली को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीते दस साल में दिल्ली का ग्रीन और ब्लू इन्फ्रास्ट्रक्चर 11 प्रतिशत से भी ज्यादा कम हुआ है। ग्रीन और ब्लू इन्फ्रास्ट्रक्चर किसी भी शहर को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। ब्लू इन्फ्रास्ट्रक्चर में जलाशय, झीलें आदि आती हैं, जबकि ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर में पेड़-पौधे आदि आते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2014 में कुल क्षेत्रफल का 25.36% हिस्सा ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर था, जो 2024 में 14.14% रह गया। जलाशयों का क्षेत्रफल भी 1.25% से घटकर 0.99% रह गया है। सीएसई के सेंटर्स प्रोग्राम डायरेक्टर रजनीश सरीन ने बताया कि बदलावों के कारण हरित और जल क्षेत्र स्थानीय तापमान को नियंत्रित करने की अपनी क्षमता खो रहे हैं।

**वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे से पहले CSE ने जारी की रिपोर्ट**

NBT दिल्ली उत्सव

## क्या आप हैं दिल्ली के प्रेरणादीप?

**नवभारत टाइम्स** एक बार फिर अपनी सालगिरह मनाने जा रहा है। एनबीटी उत्सव में इस बार भी हम दिल्ली-एनसीआर के प्रेरणादीपों का सम्मान करेंगे। अगर आपने समाज के लिए कुछ ऐसा किया है जो दूसरों को प्रेरणा दे सकता है तो अपनी कहानी और कॉन्टैक्ट डिटेल शेयर करें। अगर अपने आस-पास के ऐसे किसी शख्स को जानते हैं तो उनकी कहानी भी हमें बता सकते हैं। **nbtreader @timesofindia.com** पर ईमेल या वट्सऐप नंबर **9220747220** पर जानकारी भेज कर सकते हैं नॉमिनेशन। **आज आखिरी दिन** है आपके पास। सब्जेक्ट में लिखें **Prernadeep**

# दिल्ली के 'ग्रीन लंग्स' को बचाएगा DRMB

## रिज की सुरक्षा के लिए मैनेजमेंट बोर्ड

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली में** बढ़ते प्रदूषण और घटती ग्रीन बेल्ट के बीच सबसे महत्वपूर्ण हरित संपदा माने जाने वाले दिल्ली रिज की सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। एलजी टीएस संधू ने दिल्ली रिज मैनेजमेंट बोर्ड (DRMB) के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है। रिज सिर्फ एक जंगल नहीं, बल्कि स्वच्छ हवा और पर्यावरणीय संतुलन का महत्वपूर्ण स्रोत है। यही कारण है कि नई व्यवस्था के तहत रिज की निगरानी और संरक्षण के लिए विभिन्न विभागों और एजेंसियों को एक मंच पर लाया गया है।

**एलजी ने DRMB के पुनर्गठन को दी है मंजूरी**

मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाले इस बोर्ड में DDA, दिल्ली नगर निगम (MCD), नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (NDMC), दिल्ली पुलिस, सीपीडब्ल्यूडी, राजस्व विभाग और पर्यावरण एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल किया गया है। सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी अरविंद माधव सिंह और पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. मालविका कौल को बोर्ड में गैर-सरकारी सदस्य बनाया गया है।



### फैसला क्यों अहम?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

**दिल्ली रिज** पर अतिक्रमण, अवैध गतिविधियों और पर्यावरणीय दबाव को लेकर लगातार चिंताएं उठती रही हैं। ऐसे में विभिन्न विभागों, स्थानीय निकायों, पुलिस और पर्यावरण विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर रिज की सुरक्षा, निगरानी और संरक्षण को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे राजधानी की हरित संपदा को संरक्षित रखने और जलवायु चुनौतियों से निपटने में मदद मिलने की उम्मीद है।

# हीट वेव: 4.70 लाख लोगों तक पहुंचाई राहत सामग्री

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**राजधानी में** बढ़ती गर्मी और हीट वेव के प्रभाव को देखते हुए दिल्ली सरकार ने बड़े स्तर पर राहत अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि 6 मई 2026 से संचालित मोबाइल हीट रिलीफ यूनिटों के माध्यम से अब तक 4.70 लाख से अधिक लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाई जा चुकी है।

**राजधानी के सभी 13 जिलों में चल रहा अभियान**

मुख्यमंत्री के अनुसार, राजधानी के सभी 13 जिलों में चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक 1.84 लाख लीटर पेयजल, 2.43 लाख ओआरएस पैकेट, 67 हजार से अधिक गमछे और करीब 50 हजार कैप वितरित किए गए हैं। सबसे अधिक 83,703 लोगों को उत्तर-पूर्व जिले में राहत मिली, जबकि पूर्वी जिले में 66,964 और नई दिल्ली जिले में 41,667 लोगों को लाभ पहुंचा है।

सरकार ने लोगों को तेज धूप से बचाने के लिए नांगलोई, रोहिणी और पीरागढ़ी समेत कई मेट्रो स्टेशनों, बस अड्डों और प्रमुख बाजारों में 'कूलिंग ज़ोन' और अस्थायी शेड स्थापित किए हैं।


**कार्यालय जनपद न्यायाधीश, लखनऊ।**

**सूचना** दिनांकः 30.05.2026

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा निर्गत पत्र सं. 6983/2025/SJM/Admin 'G-I'/Allahabad दिनांकित 21.05.2026 के द्वारा जनपद न्यायालय, लखनऊ में स्पेशल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के रिक्त 01 पद पर नियुक्ति हेतु जनपद न्यायाधीश, लखनऊ द्वारा संस्तुति सहित निम्नानुसार प्रारूप पर दिनांक 25.07.2026 तक इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है। उक्त फार्म को जिला न्यायालय की वेबसाईट **https://lucknow.dcourts.gov.in/notice-category/recruitments/** से प्राप्त किया जा सकता है। उक्त आवेदन पत्र दिनांक 25.07.2026 सांय 04:00 बजे तक जनपद न्यायाधीश, लखनऊ महोदय के प्रशासनिक कार्यालय में जमा किये जायेंगे।

**प्रभारी अधिकारी, नजारत, जनपद न्यायालय, लखनऊ।**

UPID- 252063 DT 02/06/2026
www.upgov.nic.in

**SBI**

मुख्य अधिकारी (सुरक्षा) विभाग, नौवीं मंजिल, कॉर्पोरेट सेंटर,, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, नरीमन पॉइंट, मुंबई-400021

**निविदा आमंत्रण सूचना**

आरएफपी नं.: GEM/2026/B/7601985 दिनांकित: 30.05.2026

भारतीय स्टेट बैंक, अपनी शाखाओं के लिए केंद्रीकृत निगरानी स्टेशन, कमांड सेंटर और घटना प्रबंधन प्रणाली की स्थापना हेतु 'मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर' (एमएसआई) के चयन के लिए, पात्र बोलीदाताओं से बोलियाँ आमंत्रित करता है. विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/sbi-in-the-news/procurement-news** पर प्रोक्योरमेंट न्यूज़ एवं GeM पोर्टल **https://gem.gov.in/** देखें.
आरएफपी डाउनलोड आरंभ तिथि: 30.05.2026 को 13:29 बजे से
बोलियां जमा कराने की अंतिम तिथि व समय : 20.06.2026 को 15:00 बजे तक
**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 30.05.2026 **मुख्य अधिकारी (सुरक्षा)**

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्याः** डिप्टी सी0ई0-झांसी डब्लू-93 **दिनांकः** 01.06.2026

**ई टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर/कारखाना/झाँसी हेतु आनलाईन ई टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** झाँसी (आर0सी0एन0के0/झाँसी)- आर0सी0एन0के0/झाँसी में वर्षा जल संचयन और संबंधित कार्यों का शेष कार्य।

**अनुमानित लागत (रूपये):** ₹ 11739011.75 (एक करोड़ सत्रह लाख उनतालीस हजार ग्यारह रुपये और पचहत्तर पैसे मात्र)

**अमानत राशि (रूपये):** ₹ 234800/- | **निविदा प्रपत्र कर मूल्य रूपयेः** कुछ नही

**निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 24.06.2026 15:30 बजे**

**स्वीकृत पत्र जारी समय होने से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 09 माह

पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **1225/26(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**
**अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029**

**फा.सं. 3-5/2025-Estt.(RCT)**

**रिक्ति सूचना**

इस संस्थान में निम्नलिखित पदों को भरने के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र.सं. | पद का नाम | वेतनमान | भर्ती का तरीका | ऊपरी आयु सीमा | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रधान पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी | लेवल-13 | पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति (समग्र विधि) | 56 वर्ष | 01 |
| 2. | वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी | लेवल-11 | प्रतिनियुक्ति पर | 56 वर्ष | 01 |

आवश्यक पात्रता शर्तों, अन्य विवरणों और नियमों व शर्तों के लिए, कृपया संस्थान की वेबसाइटः **www.aiims.edu** और **www.aiimsexams.ac.in** पर 'भर्ती' शीर्षक के तहत देखें। जो उम्मीदवार निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं, वे अपने आवेदन निर्धारित प्रपत्र (वेबसाइट पर उपलब्ध) में निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029 को **30.06.2026** को या उससे पहले जमा कर सकते हैं।

CBC 17112/11/0017/2627 **प्रशासनिक अधिकारी (भर्ती)**



Ministry of Tribal Affairs
Government of India
JANJATIYA GARIMA UTSAV 2026

समावेशी विकास, आदिवासी गौरव और राष्ट्रीय प्रगति के 12 वर्ष



राष्ट्रीय सम्मेलन | 2026



पर
आईटीडीए और आईटीडीपी को सुदृढ़ करना
एक राष्ट्र ✦ एक संवाद ✦ एक प्रतिबद्धता
सबसे दूर, सबसे पहले

मुख्य अतिथि
श्रीमती द्रौपदी मुर्मू
भारत की माननीय राष्ट्रपति

03 जून, 2026 | प्रातः 11:00 बजे
विज्ञान भवन, नई दिल्ली

भारत की माननीय राष्ट्रपति राष्ट्र को समर्पित करेंगी
सेंटर फॉर नैनो साइंस एंड इंजीनियरिंग (CeNSE), भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बेंगलुरु, कर्नाटक में ट्रेनिंग फैब
देश भर के 75 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRS) में स्थापित अंतरिक्ष प्रयोगशालाएं

विषयगत सत्र
संस्थागत ढाँचा और मानव संसाधन
निधि प्रवाह और वित्तीय वास्तुकला
निगरानी, मूल्यांकन और आईटी
अभिसरण और योजना वितरण

तेज अंतिम-मील सेवा वितरण | आगे बढ़ना उत्तरदायी शासन | विचारों और संस्थानों का अभिसरण | सुदृढ़ करना जमीनी स्तर पर

डीडी न्यूज़ पर सीधा प्रसारण | #जनभागीदारी #सबसेदूरसबसेपहले

CBC 43101/13/0007/2627



**रक्षा मंत्रालय (सेना) आईएचक्यू/क्यूएमजी शाखा**
**डीजीएसटी/सेना खरीद संगठन**
**तीसरी मंजिल, 'सी' विंग, सेना भवन,**
**नई दिल्ली-110011**
**ई-मेल: apo-mod@nic.in**
**टेलीफोन नंबर: 011-21410903**

62015/क्यू/डीएवीपी एडीवीटी/एपीओ (COORD)

1. सभी संभावित बोलीदाताओं/विक्रेताओं/इच्छुक पार्टियों को सूचित किया जाता है कि सेना खरीद संगठन भारतीय सेना के लिए विषय पर सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार GeM पोर्टल के माध्यम से नीचे उल्लिखित वस्तुओं की खरीद करने जा रहा है:-

2.1 अलसी कुचली हुई
2.2 रिटॉर्टेबल पाउच में बिना हड्डी वाला चिकन करी
2.3 बिना छिलके वाला बादाम
2.4 साबुत कच्चे काजू (ग्रेड 240)
2.5 अंडा पाउडर (स्प्रे-ड्राइड)
2.6 डिब्बाबंद मटन (मटन रोगन जोश/मटन पालक गोश्त)
2.7 डिब्बाबंद मछली (मैकेरल/टूना)
2.8 सूखा फल (किशमिश हरा)

2. इन वस्तुओं की आपूर्ति में रुचि रखने वाले सभी विक्रेताओं को बोली में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और उनसे अनुरोध है कि वे विषय पर प्रकाशित होने वाली बोलियों के लिए GeM पोर्टल की जांच करें। किसी भी निविदा संबंधी प्रश्नों के लिए कृपया ईमेल आईडी **apo-mod@nic.in** पर संपर्क करें।

ब्रिगेडियर (खरीद)
सेना खरीद संगठन

CBC 10602/11/0001/2627

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार**
**पर्यटन विभाग**
**सी-ब्लॉक, दूसरा तल, विकास भवन-2,**
**अपर बेलारोड, दिल्ली-110054.**

**सार्वजनिक सूचना**

दिल्ली बेड एंड ब्रेकफास्ट नीति, 2026 का मसौदा पर्यटन विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार तथा दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात् (**https://tourism.delhi.gov.in**) एवं **https://delhitourism.gov.in/** पर सभी हितधारकों सहित आम जनता की जानकारी हेतु अपलोड किया गया है।

मसौदा दिल्ली बेड एंड ब्रेकफास्ट नीति, 2026 पर अभिमत/टिप्पणियां **25.06.2026** तक निम्नलिखित माध्यमों से आमंत्रित की जाती है:

ई-मेलद्वाराः bndpolicy2026@gmail.com
डाक द्वाराः उप सचिव (पर्यटन), पर्यटन विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार, सी-ब्लॉक, दूसरा तल, विकास भवन-2, अपर बेला रोड, दिल्ली-110054.
निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

**उप सचिव (पर्यटन),**
**पर्यटन विभाग,**
**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार**

DIP/Shabdarth/Classified/0092/26-27



**उत्तर रेलवे**

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

सं. 128-W/280/e Tender Notice/NIT-16-26-27-W-II दिनांक: 02.06.2026

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT--16 | **कार्य का नाम** :– (1) सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधीन SSE/W/MOZ सेक्शन में स्थित सेवा भवनों एवं प्लेटफार्मों की सफेदी तथा पेंटिंग का कार्य और (2) सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधीन SSE/W/MOZ सेक्शन में KAT से TPZ तक स्थित स्टाफ क्वार्टरों की मरम्मत, सफेदी एवं पेंटिंग का कार्य। और (3) सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधीन SSE/W/MOZ सेक्शन में THJ, NGL, DBD, RNA एवं TPZ स्टेशनों पर स्थित स्टाफ क्वार्टरों की भारी मरम्मत का कार्य। और (4) सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधीन SSE/W/MOZ सेक्शन में KAT, MSP एवं JDW स्टेशनों पर स्थित स्टाफ क्वार्टरों की भारी मरम्मत का कार्य आदि का प्रावधान, उपरोक्त सभी कार्य वरिष्ठ मंडल अभियंता-II के अधिकार क्षेत्र में किए जाने हैं। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** :– 72299991.20 **बयाना राशि (रुपये)** :– 1446000.00 |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 30.06.2026 15:00 Hrs. |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। **1872/26**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण **1. अंकित, पुत्रः सूरज, निवासीः मकान नंबर-18, वलका चौक, बाबा मोहल्ला, आया नगर, दिल्ली 2. देवेन्द्र उर्फ देवा, पुत्रः ब्रह्मा प्रकाश, निवासीः मकान नंबर-284 वलका चौक, बाबा मोहल्ला, आया नगर, दिल्ली** ने **FIR No.: 86/26, Dated: 03/02/2026, U/s: 109(1)/115(2)/351(3)/126(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023, पुलिस थाना सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. अंकित 2. देवेन्द्र उर्फ देवा** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. अंकित 2. देवेन्द्र उर्फ देवा** फरार हो गऐं है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली** के अभियुक्तगण **1. अंकित 2. देवेन्द्र उर्फ देवा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 15.07.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री देवांशी जनमेजा**
**जेएमएफसी-04, कमरा नंबर 212,**
**साकेत कोर्ट, नई, दिल्ली**

DP/7248/SW/2026




# नाबालिग पर 15 से ज्यादा बार चाकू से हमला, मौत

■ NBT रिपोर्ट,नई दिल्ली

**न्यू उस्मानपुर में सोमवार देर रात हुई घटना, दो नाबालिग समेत चार आरोपी पकड़े**

**नार्थ ईस्ट** जिले के न्यू उस्मानपुर इलाके में सोमवार देर रात 17 साल के एक लड़के की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। 12 से अधिक आरोपियों ने दौड़ा-दौड़ाकर चाकू से करीब 15 वार किए। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गए। हमले में मारे गए लड़के की पहचान अभिषेक के रूप में हुई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग समेत चार आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए बालिग आरोपियों की पहचान विवेक ठाकुर (21) और निक्की (21) के रूप में हुई है, जबकि पकड़े गए दो नाबालिग 17 साल के हैं। वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में है।


सीसीटीवी फुटेज में दिखे आरोपी

नॉर्थ ईस्ट जिले के अडिशनल डीसीपी संदीप लांबा ने बताया कि अभिषेक अपने परिवार के साथ पांचवां पुश्ता, न्यू उस्मानपुर इलाके में रहते थे। उन्होंने बताया कि सोमवार रात करीब 10:25 बजे, न्यू उस्मानपुर पुलिस को चाकूबाजी की घटना की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को 17 वर्षीय अभिषेक जमीन पर पड़े मिले। उनकी मौत हो चुकी थी।

**लगातार दे रहे थे धमकी :** अभिषेक के परिवार वालों का कहना है कि करीब 6 महीने पहले ही अभिषेक और उसकी मौसी के लड़के के साथ आरोपियों का झगड़ा हुआ था। इस दौरान चाकूबाजी भी हुई थी। पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर बाल सुधार केंद्र भेज दिया था। बताया जा रहा है कि 2-3 महीने पहले ही आरोपी वहां से बाहर आए थे। बाहर आने के बाद आरोपी अभिषेक को लगातार धमकी दे रहे थे।

## घरों में चोरी करने वाला गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** मंडावली थाना पुलिस ने घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चुराया गया लैपटॉप, फोन, कुछ भारतीय और नेपाली करंसी भी बरामद हुई है।




# चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर बचपन के दोस्त की हत्या

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**न्यू उस्मानपुर की भगत सिंह कॉलोनी का मामला, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस**

**न्यू उस्मानपुर** की भगत सिंह कॉलोनी में सोमवार देर रात शक में एक शख्स ने अपने दोस्त की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने दोस्त के छोटे भाई को फोन कर हत्या की बात भी बताई। मंगलवार तड़के सूचना के बाद पुलिस वाले मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मौके पर क्राइम और फरेंसिक टीम भी पहुंचीं और साक्ष्य जुटाए। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि ललित (26) अपने परिवार के साथ ब्रह्मपुरी इलाके में रहते थे। ललित के परिवार में पिता वेद प्रकाश, मां सुनीता देवी, तीन भाई और एक बहन हैं। वह सोम बाजार(साप्ताहिक बाजार) में किराए पर टेबल देने का काम करते थे। ललित की रिश्तेदार नीतू ने बताया कि ललित और मोहित बचपन के दोस्त थे। मोहित का अपनी पत्नी के साथ पिछले दो साल से तलाक को लेकर विवाद चल रहा है। मोहित की पत्नी उसके साथ नहीं रहती है। वह रहने के लिए बीच-बीच में ललित के घर के आती रहतीं थीं। दो दिन से वह ललित के घर पर ही थीं। इस बात को लेकर मोहित नाराज था। वह मोहित के छोटे भाई हिमांशु पर भी अपनी पत्नी के रिश्ते को लेकर शक करता था। बताया जा रहा है कि सोमवार देर रात मोहित ने ललित को बुलाया। इसके बाद झगड़ा करने लगा। झगड़े के दौरान उसने ललित पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पुलिस ने मंगलवार शाम को पोस्टमॉर्टम के बाद ललित के शव को परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस परिजनों के आरोप के आधार पर मोहित की तलाश कर रही है।

AI Image


### हत्या के बाद ललित के भाई हिमांशु को किया फोन

ललित के भाई हिमांशु ने बताया कि सोमवार शाम जब ललित घर पर थे, तभी किसी का फोन आया। वह फोन आने के बाद बाहर चले गए। देर रात को मोहित का फोन आया और उसने बताया कि उसने उसके भाई की हत्या कर दी है। वह उस वक्त शराब के नशे में था। इसलिए उन्हें विश्वास नहीं हुआ। मंगलवार तड़के फोन आया कि उनके भाई की हत्या हो गई है। तब वह परिवार के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मोहित ने अपनी पत्नी की वजह से ललित की हत्या की है।

डीसीपी नॉर्थ ईस्ट राहुल अलवाल ने बताया कि मंगलवार तड़के भगत सिंह कॉलोनी, न्यू उस्मानपुर में एक युवक की चाकू मारकर हत्या की सूचना मिली। टीम मौके पर पहुंची। वहां पर ललित कुमार नाम के युवक का शव मिला।

# द्वारका मोड़ के पास एक शख्स का मर्डर

■ NBT न्यूज, बिंदापुर

**द्वारका जिला** के बिंदापुर थाना इलाके में मंगलवार सुबह एक शख्स की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पीसीआर, लोकल पुलिस और उसके बाद क्राइम टीम जांच के लिए पहुंची। जिनकी हत्या की गई उनकी पहचान सोनू कुमार के रूप में हुई। वह मोहन गार्डन थाना इलाके के रहने वाले थे। घायल हालत में उन्हें द्वारका के आईजीआई हॉस्पिटल में ले जाया गया था, जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल होने और ज्यादा खून बहने के कारण उनकी मौत हो गई। मौके पर जिला के डीसीपी और अन्य आला अधिकारी भी छानबीन के लिए पहुंचे थे।

इस मामले का खुलासा पुलिस ने मंगलवार शाम को कर लिया। डीसीपी कुशल पाल सिंह ने बताया कि एडिशनल डीसीपी निहारिका भट्ट की देखरेख में एसीपी डाबड़ी संजीव कुमार की टीम ने छानबीन शुरू की। मौके पर पूछताछ की गई। आसपास के लोगों से जानकारी ली गई। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए हरि नगर के दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में भेज दिया गया।


हत्या की यह वारदात द्वारका मोड़ के पास स्थित एक बैंक्विट हॉल के नजदीक हुई। इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपियों की बारे में पता लगाया। कई जगह पर छापेमारी करके तीन लोगों को पकड़ा। जिनमें से एक 17 साल का नाबालिग भी है, बाकी दो आरोपियों की पहचान रमेश पांडे उर्फ अमन और चिराग के रूप में हुई है। यह दोनों आरोपी भी मोहन गार्डन के रहने वाले हैं, इन दोनों से आगे की पूछताछ की जा रही है। अभी हत्या के कारणों का खुलासा पुलिस ने नहीं किया है।

**पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा, इनमें से एक आरोपी नाबालिग**

### आरोपी के पिता से था सोनू का झगड़ा

इस हत्या के मामले में पुलिस ने जब तीन आरोपियों को पकड़ा और पूछताछ हुई तो पता चला कि यह हत्या लूट या किसी और कारण से नही हुई है। बल्कि पकड़े गए तीन आरोपी में से एक के पिता के साथ सोनू का कुछ दिन पहले झगड़ा हुआ था। उसी का बदला लेने के लिए आरोपियों ने प्लान बनाया और मंगलवार सुबह मौका देखकर कई लोगों ने मिलकर उस पर हमला करके सोनू को अधमरा कर दिया। घायल सोनू को द्वारका के इंदिरा गांधी अस्पताल ले जाया गया था, जहां इलाज के दौरान सोनू ने दम तोड़ दिया।

# रातभर की गश्त, लंबी ड्यूटी, लेकिन सैनिटरी पैड की सुविधा नहीं!

AI Image



**HC में महिला पुलिसकर्मियों की परेशानी पर याचिका दायर, जस्टिस फॉर राइट्स फाउंडेशन ने डाली है PIL**

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**राष्ट्रीय राजधानी** की सुरक्षा में दिन-रात ड्यूटी करने वाली महिला पुलिसकर्मियों की एक बड़ी समस्या अब दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गई है। एक जनहित याचिका (PIL) में दावा किया गया है कि राजधानी के ज्यादातर पुलिस थानों में महिला कर्मियों के लिए मासिक धर्म (पीरियड्स) से जुड़ी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

'जस्टिस फॉर राइट्स फाउंडेशन' ने हाई कोर्ट में दायर याचिका में कहा है कि हजारों महिला पुलिसकर्मी 12-12 घंटे की ड्यूटी करती हैं, रात में गश्त पर रहती हैं, लेकिन कई थानों में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन जैसी जरूरी सुविधाएं नहीं हैं। संस्था ने कोर्ट से सभी पुलिस थानों में ऐसी मशीनें लगाने और महिला कर्मियों के लिए एक स्पष्ट मासिक धर्म स्वच्छता नीति बनाने की मांग की है।

याचिका में 2024-25 के आरटीआई जवाबों का हवाला दिया गया है। इसके मुताबिक, नई दिल्ली जिले को छोड़कर अधिकांश पुलिस थानों में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनें नहीं हैं। दिल्ली पुलिस मुख्यालय ने इस विषय पर कोई अलग बजट तय नहीं किया है और न ही कोई आधिकारिक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

फाउंडेशन की ओर से एडवोकेट कर्णिका बहुगुणा और पूजा कुशवाहा ने कहा कि यह केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि सम्मान और समानता का मुद्दा है। उनका कहना है कि महिला पुलिसकर्मियों को जरूरी स्वच्छता सुविधाओं के बिना काम करने के लिए मजबूर करना उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है।

याचिका में बताया गया है कि आज हवाई अड्डों, स्कूलों और कई सार्वजनिक जगहों पर ऐसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, लेकिन पुलिस थाने, जहां महिलाएं कठिन परिस्थितियों में लंबे समय तक काम करती हैं, अभी भी पीछे हैं।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTAMM4 User: cci Time: 06-02-2026 23:49 Color:



# लालच और नियमों की अनदेखी के ‘पिलर’ पर खड़ी हुई थी यह इमारत

## सैदुलाजाब में शनिवार को पांच मंजिला इमारत गिरने से 6 लोगों की मौत हुई थी

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली

**सैदुलाजाब में** ढही इमारत के मलबे से हर दिन नए राज बाहर आ रहे हैं। शुरुआती जांच में अब जो सामने आया है, वह इस हादसे को महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि लालच, नियमों की अनदेखी और अवैध निर्माण की कहानी बता रही है। मामले में गिरफ्तार आरोपी करमवीर की तीन दिन की पुलिस रिमांड के दौरान कई अहम जानकारियां सामने आई हैं।

सूत्रों के अनुसार हादसे वाली इमारत कर्मवीर के नाम पर थी। पूछताछ में पता चला है कि चार मंजिलों से उसे करीब 10 लाख रुपये मिल रहे थे। प्रत्येक फ्लोर के लिए ढाई लाख रुपये तय किए गए थे। जांच में सामने आया है कि आरोपी इमारत पर दो और मंजिलें बनावा रहा था। सूत्रों के मुताबिक संभावित खरीदारों और निवेशकों से बातचीत भी हो चुकी थी। इन दो मंजिलों से आरोपी को करीब पांच लाख रुपये अतिरिक्त मिलने थे। वहीं मंगलवार को मलबा हटाने के दौरान पुलिस को कुछ बिजली के मीटर मिले हैं। जांच अधिकारियों के अनुसार ये मीटर करमवीर के नाम पर हैं। पुलिस ने इन्हें जब्त कर लिया है।

अधिकारियों का मानना है कि ये दस्तावेजी साक्ष्य मामले में स्वामित्व और निर्माण की जिम्मेदारी तय करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसके अलावा पुलिस अब उन लोगों तक पहुंच रही है जिन्होंने इमारत में किराए पर फ्लोर लिए हुए थे। सूत्रों के अनुसार कई लोगों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। पुलिस यह जानना चाहती है कि इमारत में निर्माण कब से चल रहा था, कितने लोग वहां रह रहे थे और क्या उन्हें किसी तरह की संरचनात्मक कमजोरी का अंदेशा था। पुलिस को अब तक इमारत का स्वीकृत नक्शा नहीं मिला है। यदि नक्शा नहीं था या स्वीकृत मानकों के विपरीत निर्माण हुआ था, तो जिम्मेदारी सिर्फ मालिक और बिल्डर तक सीमित नहीं रहेगी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मामले में फरार बिल्डर मनीष की तलाश भी तेज कर दी गई है। उसकी आखिरी लोकेशन देहरादून में मिली है। उसे पकड़ने के लिए एक टीम वहां भेजी गई है। पुलिस का मानना है कि बिल्डर की गिरफ्तारी के बाद निर्माण, मंजूरी और रुपये के लेनदेन से जुड़े कई और राज सामने आ सकते हैं।



Anushka Kogta
**जारी है काम:** घटनास्थल पर मलबा हटाने का काम अब भी जारी है। अभी कुछ दिन और लग सकते हैं इस काम में

## मलबा हटाने में देरी की ये हैं पांच वजहें

**सैदुलाजाब में चार दिन पहले ढही इमारत का मलबा हटाने का काम लगातार जारी है, लेकिन राहत और सफाई अभियान उम्मीद से कहीं ज्यादा जटिल साबित हो रहा है। मौके पर मौजूद NDRF, दमकल, पुलिस MCD की टीमों को साथ देते हुए बेहद सावधानी के साथ मलबा हटा रही हैं।**

### 1 इमारत का पांच मंज़िला होना

मौके पर मौजूद अधिकारियों के अनुसार मलबे की मात्रा और उसके फैलाव को देखकर लग रहा है कि ढही इमारत की ऊंचाई पांच मंजिल से भी अधिक रही होगी। बड़ी संख्या में कंक्रीट, सरिया और निर्माण सामग्री के कारण मलबा हटाने में ज्यादा समय लग रहा है। हर हिस्से को अलग-अलग करके हटाया जा रहा है ताकि किसी तरह का नया खतरा पैदा न हो।

### 2 हर फ्लोर पर था भारी-भरकम लेंटर

बचावकर्मियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती इमारत के मोटे और भारी लेंटर बने हुए हैं। मलबे में कई जगह पूरे के पूरे कंक्रीट स्लैब दबे हुए हैं। इनका वजन इतना अधिक है कि JCB से उठाना भी चुनौती बनी हुई हैं। पहले इन्हें छोटे हिस्सों में तोड़ा जा रहा है, उसके बाद मशीनों की मदद से इन्हें हटाया जा रहा है।

### 3 पिलरों में निकल रहा है अधिक सरिया

एक कर्मचारी ने बताया कि इमारत के पिलरों और लेंटर में बड़ी मात्रा में लोहे का इस्तेमाल किया गया था। मलबे में उलझे मोटे सरियों को हटाने से पहले गैस कटर से काटना पड़ रहा है, जिसमें समय लग रहा है। इसके बाद ही JCB और अन्य मशीनें मलबे को ट्रकों में भर पा रही हैं। लोहे की इस जटिल संरचना के कारण सफाई कार्य काफी धीमा लग रहा है।

### 4 बगल की इमारत को लेकर भी चिंता

ढही इमारत के बिल्कुल पास स्थित आराइस कोचिंग सेंटर भी हादसे में प्रभावित हुआ है। उसमें दरारें और संरचनात्मक नुकसान दिखाई दे रहा है। टीमों को आशंका है कि यदि बिना तैयारी के मलबा हटाया गया तो आसपास की इमारत को भी खतरा हो सकता है। इसी वजह से क्षतिग्रस्त इमारत को सुरक्षा कवच देने का भी काम किया जा रहा है।

### 5 किसी के दबे होने की आशंका

पुलिस का दावा है कि मलबे में अब किसी के फंसे होने की संभावना नहीं है। इसके बावजूद बचाव एजेंसियां कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे के वक्त इमारत में 2-3 लोगों के मौजूद होने की चर्चा थी। इसी कारण हर बड़े लेंटर और मलबे के हिस्से को सावधानी से तोड़कर हटा रहे हैं।

### बिल्डिंग मालिक पुलिस रिमांड में

**सैदुलाजाब में** इमारत के ढहने से छह लोगों की मौत के मामले में अदालत ने मंगलवार को इमारत के 71 वर्षीय मालिक करमबीर सेजवाल को तीन दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया। पुलिस का कहना है कि हादसे के पीछे अवैध निर्माण और ढांचागत खामियां हो सकती हैं, जिनकी जांच के लिए आरोपी से पूछताछ जरूरी है।

### कई को नोटिस, फिर भी एक्शन नहीं

**साउथ जोन** के बिल्डिंग विभाग ने 2015 से लेकर अब तक सैदुलाजाब इलाके में 80 से ज्यादा बिल्डिंग को सीलिंग, अवैध निर्माण के लिए कारण बताओ और डिमोलिशन नोटिस जारी किए। बिल्डिंग विभाग ने इक्का दुक्का बिल्डिंग पर छिटपुट एक्शन के बाद ज्यादातर बिल्डिंग्स के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी रवैये के कारण अवैध निर्माण पर अंकुश नहीं लगा।

मुकुंदपुर की यीशु कॉलोनी में मंगलवार सुबह हुआ हादसा

# तेज़ धमाके के साथ गिरी इमारत, मलबे में दबे 11 लोगों को बचाया

**स्थानीय लोगों की मदद से बचाव दल ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया** | **आरोप, रिहायशी क्षेत्र के बीचोंबीच चल रही थी कमर्शल एक्टिविटिज**

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली

**मुकुंदपुर की** यीशु कॉलोनी में मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे 250 गज में बनी एक इमारत में सिलिंडर में धमाका हुआ, जिससे पूरी बिल्डिंग गिर गई। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज 150 मीटर दूर तक सुनाई दी और आसपास खड़े वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा। हादसे के वक्त मलबे में करीब 11 लोग दब गए, जिन्हें स्थानीय निवासियों, पुलिस, फायर ब्रिगेड और बाद में बुलाई गई NDRF की टीम ने मिलकर सुरक्षित बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। एनडीआरएफ ने डॉग स्क्वॉड और विशेष उपकरणों से सर्च ऑपरेशन चलाकर मलबा हटाने का काम शुरू किया।

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय निवासियों के अनुसार, रिहायशी इलाके में स्थित इस इमारत में अवैध व्यावसायिक गतिविधियां चल रही थीं। इसके एक हिस्से में स्टील के बर्तनों पर पॉलिश और दूसरे हिस्से में बड़े पैमाने पर एलपीजी सिलिंडरों का भंडारण व गैस रिफिलिंग का काम होता था। पड़ोसियों का कहना है कि पहले यहां मसालों का काम भी होता था। इस अवैध भंडारण को लेकर संबंधित विभागों से पहले भी शिकायतें की गई थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। घटना के बाद प्रशासन की इस लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है।

Photos: PTI


स्थानीय लोगों की कोशिश के बाद पुलिस, फायर ब्रिगेड और बाद में बुलाई गई NDRF की टीम ने चलाया राहत बचाव कार्य

## सिलिंडर ब्लास्ट मामले में मकान मालिक के भाई समेत दो अरेस्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** ईशु विहार में सिलिंडर ब्लास्ट होने से एक दो मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में चंदन (28), कल्पना (30), श्याम (30), विवेक (40), सोफिया खातून (25), दीपा (35), अमन (18), अखिलेश उर्फ लंबू (38), लव (18) और आरिफ (47) घायल हो गए। इनमें से छह लोगों के झुलसने की भी जानकारी सामने आई है। पुलिस ने मामले में BNS की धारा 287, 125A, 125B और आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3, 7 के तहत केस दर्ज किया है। सिलिंडरों की बरामदगी के संबंध में अन्य मामले दर्ज किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि परिसर का इस्तेमाल सुधीर राय बर्तनों की कोटिंग के काम के लिए कर रहा था। वहीं मकान मालिक के भाई हरकेश बहादुर उर्फ बबलू द्वारा भी वहां गैस सिलिंडर रखे गए थे। इस मामले में आरोपी हरकेश उर्फ बबलू और सुधीर राय को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच के दौरान पास की एक अन्य घर से हरकेश उर्फ बबलू की निशानदेही पर 46 खाली सिलिंडर (25 घरेलू और 21 व्यावसायिक) बरामद किए।

## हादसे के बाद अपनों की तलाश में इधर-उधर भटकते रहे परिजन



■ राजेश पोद्दार, मुकुंदपुर

**मुकुंदपुर में** धमाके के बाद बिल्डिंग गिरने के बाद जहां राहत और बचाव कार्य जारी रहा, वहीं कई परिवार अपने परिजनों की तलाश में घंटों भटकते नजर आए। घायल हुए लोगों में दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लव कुश भी शामिल हैं। फिलहाल उनका इलाज बाबू जगजीवन राम अस्पताल, जहांगीरपुरी में चल रहा है। अस्पताल में भर्ती लव कुश की हालत ऐसी है कि वह ठीक से अपने बारे में बता नहीं पा रहे हैं। एनबीटी से बातचीत में उन्होंने बताया कि वह बुधवार को मजदूरी के लिए वहीं पास के मकान में आए थे। यह मकान उसी प्लॉट के पास है, जहां धमाका हुआ। धमाके की चपेट में आने से वह भी घायल हो गए।

**कई घायलों का बाबू जगजीवन राम अस्पताल में चल रहा है इलाज**

लव कुश को काम पर लेकर आए ठेकेदार राजकुमार ने बताया कि वह टाइल्स लगाने का काम करते हैं। फैक्ट्री से सटे एक मकान में निर्माण कार्य चल रहा था, जिसके लिए वह सुबह लेबर चौक से मजदूरों को लेकर आए थे। इसी दौरान तेज धमाका हुआ और लव कुश मलबे के नीचे दब गए। स्थानीय लोगों और हम सभी ने समय रहते उन्हें बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। राजकुमार के अनुसार लव कुश बिहार के रहने वाले हैं। सिर में गहरी चोट लगने के कारण उन्हें हादसे से जुड़ी बातें भी ठीक से याद नहीं हैं। फिलहाल उनके परिजनों की तलाश की जा रही है, ताकि उन्हें हादसे और इलाज की जानकारी दी जा सके।

### कई घायलों के लिए देवदूत बनकर आए पड़ोसी

*मुकुंदपुर में संकट के समय स्थानीय लोग मलबे में दबे लोगों के लिए देवदूत बनकर आए। सचिन, विनय जायसवाल और विजेंद्र ने अपनी जान की परवाह न करते हुए कई घायलों को बाहर निकाला।*

**‘खाना छोड़कर लोगों को बचाने दौड़े’:** सचिन ने बताया कि आवाज सुनकर वह बाहर आए। कई लोग विडियो बना रहे थे। उन्हें एक महिला बुरी तरह झुलसी दिखी। उन्होंने फौरन उसे बाहर निकाला। इसके बाद मेन गेट के पास गिरे एक अन्य व्यक्ति को भी निकालकर अस्पताल पहुंचाया।



**‘अपनी परवाह किए बिना बचाव कार्य में जुटे’:** वही, गाजीपुर से लौटे विनय जायसवाल ने बताया कि उन्होंने अपने हाथों से दो महिलाओं और गंभीर रूप से घायल एक शख्स को बाहर निकाला। राहत कार्य के दौरान मुझे चोट भी लगी। लेकिन मैंने इस पर ध्यान नही दिया। उस समय किसी ने अपनी परवाह नहीं की।



**रेस्क्यू टीम के आने से पहले कई को निकाला:** विजेंद्र ने बताया कि अचानक जोरदार धमाका हुआ। आसपास मौजूद लोग तुरंत घटनास्थल की तरफ दौड़े। सबसे पहले स्थानीय लोगों ने ही बचाव कार्य शुरू किया। वे बिना किसी इंतजार के मलबा हटाने और फंसे लोगों को निकालने में जुट गए।



सैदुलाजाब बिल्डिंग हादसे के बाद स्टूडेंट्स के सामने बढ़ी सुरक्षा की चिंता

# ‘घरवाले बोल रहे, कहीं और ले लो कमरा’

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली

**सैदुलाजाब हादसे** के बाद स्टूडेंट के सामने अब सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। यहां आसपास के कमरों, पीजी और लाइब्रेरी में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स का कहना है कि वे सामान्य माहौल में नहीं लौट पा रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता उनकी है जिनके नोट्स, किताबें और लैपटॉप हादसे वाली इमारत के पास स्थित लाइब्रेरी या कमरों में रखे हुए हैं।

इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे आकाश बताते हैं कि सुरक्षा को लेकर घरवालों के फोन लगातार आ रहे हैं। परिवार उन्हें दूसरी जगह कमरा लेने की सलाह दे रहा है। एक स्टूडेंट्स ने बताया कि 12 हजार किराये वाले 1 बीएचके फ्लैट में रहता हूं। 10 रुपये प्रति यूनिट रेट से बिजली बिल देता हूं। घरवाले लगातार कमरा बदलने का दबाव बना रहे हैं। घटना के बाद से पढ़ाई में मन नहीं लग रहा है।

पीजी में रहने वाले एक अन्य स्टूडेंट्स ने बताया कि यहां केवल रहने के लिए सात से आठ हजार रुपये प्रति व्यक्ति लिए जाते हैं, जबकि खाने का खर्च अलग है। उन्होंने बताया कि पीजी में चार स्टूडेंट्स एक कमरे में रहते हैं। हादसे के बाद परिवार के साथ-साथ स्टूडेंट के मन में भी डर बैठ गया है।



हादसे में जान गंवाने वाले स्टूडेंट्स को श्रद्धांजलि देते हुए कैंडल मार्च निकाला

### अब भी हो रहा निर्माण

स्टूडेंट्स का कहना है कि गली नंबर एक और दो के बीच कई पुराने और नए मकान मौजूद हैं। कुछ इमारतों का निर्माण अभी भी जारी है। इतने बड़े हादसे के बाद उन्हें उम्मीद थी कि इलाके में व्यापक स्तर पर इमारत की जांच होगी, लेकिन अब तक किसी तरह की विशेष जांच या सर्वे दिखाई नहीं दिया है।

## नोटिस का असर नहीं, धड़ल्ले से हो रहा कंस्ट्रक्शन

Rajesh.saroha
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** साउथ जोन के बिल्डिंग विभाग-2 सैदुलाजाब इलाके में अवैध रूप से बनकर तैयार हुई बिल्डिंगों को सीलिंग नोटिस देना शुरू किया हुआ है। मंगलवार को भी दो और बिल्डिंगों को सीलिंग नोटिस दिए गए। एमसीडी के इन नोटिस का ग्राउंड पर कोई असर देखने को नहीं मिला। हादसे वाली जगह से 100 मीटर के दायरे में जगह-जगह धड़ल्ले से नया कंस्ट्रक्शन होता मिला। इनमें से कई बिल्डिंग तो ऐसी है जो पहले से पांच मंजिला बनी हुई थी, पिछले कुछ समय के दौरान उसके ऊपर दो नई मंजिल खड़ी की गई है। नए कंस्ट्रक्शन को छिपाने के लिए उस पर रंग रोगन भी किया गया, लेकिन नया कंस्ट्रक्शन साफ नजर आ रहा है।

सैदुलाजाब के वेस्टर्न मार्ग की गली नंबर-5 के कॉर्नर पर ही पांच मंजिला बिल्डिंग है। बिल्डिंग को देखकर साफ पता चल रहा है कि बिल्डिंग हाल ही में बनी है। ध्वस्त हुई बिल्डिंग तक किसी को भी नहीं जाने दिया जा रहा है। मौके पर मौजूद तीन युवक बिल्डिंग की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हुए कोचिंग सेंटर से अपना जरूरी सामान निकालने के लिए बार बार गुहार लगा रहे थे, लेकिन वालंटियर्स और दिल्ली पुलिस के जवान उन्हें अंदर जाने से रोक रहे थे। इन्हीं युवकों ने बताया कि जो बिल्डिंग गिरी वह पहले से पांच मंजिला बनी हुई थी। बिल्डिंग में एक फ्लोर का मंथली रेंट पांच लाख रुपये है। इस तरह से एक फ्लोर से सालाना रेंट 60 लाख बैठेगा। इसी लालच में आकर बिल्डिंग के मालिक ने पहले छठी मंजिल बनाई। छठी मंजिल पूरी होते ही सातवीं मंजिल बनाने का काम शुरू किया हुआ था।

## MCD के संरक्षण में बन रहीं अवैध इमारतें : AAP

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (AAP) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने साकेत के सैदुलाजाब में पांच मंजिला इमारत गिरने को लेकर बीजेपी शासित एमसीडी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि एमसीडी के संरक्षण में दिल्ली में अवैध इमारतें खड़ी की जा रही हैं। शिकायत मिलने पर एमसीडी बिल्डिंग बुक तो करती है, लेकिन लाखों रुपये ऐंठने के बाद कोई कार्रवाई नहीं करती।

सौरभ ने बताया कि साकेत में गिरी यह बिल्डिंग भी 2015 में बुक हुई थी। इसके बाद 2021 में दोबारा शिकायत होने पर दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देशानुसार एमसीडी ने इसे गैरकानूनी मानकर कार्रवाई का आदेश दिया था। इसके बावजूद कोई कदम नहीं उठाया गया, जिससे बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई और उसमें लोग रहने लगे। मंगलवार को ‘आप’ ऑफिस में मीडिया को संबोधित करते हुए कई और आरोप लगाए।

### मेयर ऑफिस के बाहर प्रदर्शन

आम आदमी पार्टी (AAP) ने BJP शासित MCD में कथित भ्रष्टाचार और सैदुलाजाब इलाके में हुई बिल्डिंग हादसे को लेकर मंगलवार को निगम मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES



स्व: रमेश चन्द्र जैन
उन्नीसवीं पुण्य तिथि
भले ही मैं पिताजी की कुर्सी पर बैठ जाता हूँ ! पर आज भी अनुभव के मामले में उनके घुटने तक ही आता हूँ ! आपके आदर्श हमेशा प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे !
श्रीमती सरला जैन (पत्नी),
एवं डांगरोड परिवार 9810661245
(संजीव जैन) महामंत्री जैन समाज, गांधीनगर



In Loving Memory of
SHRI SANJAY AGARWAL
(21.08.1977 - 03.06.2008)
We all miss you every moment, you will always remain deep in our hearts, thoughts and dreams. Fondly remembered by:
All Family Members, Staff and Friends


TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727




## तीसरे चरण के नैतिक शिक्षण शिविर शुरू

■ **NBT न्यूज, नई दिल्ली:** दिगंबर जैन नैतिक शिक्षा समिति की ओर से तीसरे चरण के साप्ताहिक नैतिक शिक्षण शिविर यमुना विहार, स्वतंत्र नगर नरेला, त्रिनगर, मौजपुर, मानसरोवर पार्क, शंकर नगर, इंदिरापुरम, सुभाष चौक लक्ष्मी नगर, रोहिणी सेक्टर 5 व 7, वसुंधरा, कवि नगर, डबुआ कॉलोनी-फरीदाबाद के जैन मंदिरों में मंगलाचरण, ध्वजारोहण, पूजन और प्रार्थना के साथ शुरू हुए जो 7 जून तक चलेंगे। संस्था के महामंत्री मनोज जैन ने बताया कि ब्रह्मपुरी, शास्त्री नगर, नवीन शाहदरा, छोटा बाजार शाहदरा, राणाप्रताप बाग, पहाड़ी धीरज, रोहिणी सेक्टर-11, न्यू लाहौर शास्त्री नगर, प्रशांत विहार, गोविंद विहार, शालीमार गार्डन -साहिबाबाद के जैन मंदिरों में आयोजित दूसरे चरण के शिविरों के समापन पर बच्चों को पुरस्कार दिए गए।

स्पीकिंग ट्री धर्म कर्म

**यज्ञ अनुष्ठान:** सिद्ध शक्तिपीठ बालाजी धाम मंदिर, त्रिनगर में मंगलवारीय यज्ञ अनुष्ठान के मौके पर महंत प्रमोद महाराज ने कहा कि दूसरों का हक छीनने का विचार मत रखो, नही तो महान कष्ट भोगना पड़ेगा। इसलिए आज से ही अन्याय छोड़ दो, पाप मत करो। यहां सुंदरकांड पाठ भी हुआ।

**सत्संग:** बटुक भैरव शक्तिपीठ मंदिर नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी सत्संग में पुरोहित राजेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि नम्रता से जीवन में निखार आता है और व्यक्ति महान बनता है।

## अहिल्याबाई की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली बीजेपी ने मंगलवार को देवी अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल तथा बीजेपी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री संगम लाल गुप्ता मौजूद रहे।

**देश राष्ट्र निर्माताओं के योगदान को याद कर रहा है: बघेल**

हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का जीवन भारतीय संस्कृति, जनसेवा, महिला सशक्तिकरण और सुशासन का अनुपम उदाहरण है। अहिल्याबाई ने काशी, सोमनाथ, उज्जैन और गया सहित अनेक धार्मिक स्थलों के संरक्षण एवं पुनर्निर्माण में योगदान दिया। प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में देश राष्ट्र निर्माताओं के योगदान को सम्मानपूर्वक स्मरण कर रहा है। संगम लाल गुप्ता ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर के न्यायपूर्ण और जनहितैषी शासन विकसित भारत के निर्माण में आज भी मार्गदर्शक हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMM17 User: cci Time: 06-03-2026 00:15 Color:



# अब पिंक टिकट नहीं, 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' निकालिए!

Brijesh.Singh
@timesofindia.com



**10.01 लाख** पिंक स्मार्ट कार्ड जारी हो चुके हैं।

**6-7 लाख** महिलाएं रोजाना बस में सफर करती हैं।

**12-15%** महिलाएं ही पिंक कार्ड का इस्तेमाल करती हैं।

**नई दिल्ली:** दिल्ली परिवहन निगम (DTC) और क्लस्टर बसों में महिलाओं को मुफ्त सफर के लिए अब तक 10 लाख से अधिक पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद रोजाना बसों में सफर करने वाली महिलाओं में से केवल 10 से 15 फीसदी ही पिंक स्मार्ट कार्ड का उपयोग कर रही हैं। जबकि DTC और क्लस्टर बसों में प्रतिदिन 6 से 7 लाख महिलाएं मुफ्त यात्रा का लाभ लेती हैं।

महिला यात्रियों को स्मार्ट कार्ड के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से डीटीसी अगले सप्ताह से उन्हें टोकने का निर्णय लिया है। इसके तहत अगले सोमवार से बस कंडक्टर महिला यात्रियों कागज वाले पिंक टिकट जारी करने के बजाए पिंक स्मार्ट कार्ड के बारे में पूछेंगे। जिन महिलाओं के पास पिंक स्मार्ट कार्ड होगा, उन्हें टिकट जारी करने के बजाय कार्ड को इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीन (ईटीएम) पर टैप कराना होगा। अगर नहीं होगा तो उन्हें बनवाने की सलाह दी जाएगी।

डीटीसी के प्रबंध निदेशक जितेंद्र कुमार के अनुसार बड़ी संख्या में कार्ड जारी होने के बावजूद उनका उपयोग अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाया है, जिसे बढ़ाने के लिए यह अभियान शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने 90 दिन में 10 लाख से अधिक पिंक स्मार्ट कार्ड जारी किए। इसके बाद भी कागज वाले पिंक टिकट का इस्तेमाल ज्यादा हो रहा है। इसलिए अब महिला यात्रियों को टिकट जारी करने से पहले पिंक कार्ड के लिए टोका जाएगा।

आधिकारिक सूत्रों की मानें तो डीटीसी जुलाई में इसे अनिवार्य करने की योजना भी बना रही है। इसका प्रस्ताव जल्द ही मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। डीटीसी पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड को अनिवार्य करने से पहले भी महिलाओं को इसके प्रति जागरूक करना चाहती है। जिससे अचानक से अनिवार्य होने पर महिलाओं को परेशानी न हो। विभाग का मानना है कि स्मार्ट कार्ड के जरिए यात्रा करने से महिला यात्रियों के आंकड़ों का बेहतर रिकॉर्ड तैयार होगा।

**NBT आप पर असर**

**डीटीसी बसों** में महिलाओं के लिए मुफ्त सफर के लिए पिंक सहेली कार्ड का मकसद पूरा नहीं हो पा रहा है। इसलिए अगले सोमवार से डीटीसी बसों में अब कंडक्टर महिलाओं को कागज वाला पिंक टिकट देने के बजाए पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड के बारे में पूछेंगे। अगर आप के पास कार्ड है तो कागज वाला पिंक टिकट नहीं मिलेगा। अगर नहीं बना है तो अगली बार पिंक कार्ड बनवाने का निर्देश दिया जाएगा। क्योंकि जुलाई में इसे अनिवार्य करने की तैयारी है। ऐसे में डीटीसी उससे पहले महिलाओं को पिंक सहेली कार्ड के यूज की आदत डालने के लिए यह कदम उठाने जा रही है। इसलिए आपके पास कार्ड है तो उसे लेकर चलना शुरू कर दीजिए।

## रेप पीड़ित बच्ची की आवाज उठाई तो कराई FIR: सौरभ

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जनकपुरी स्थित एक स्कूल में तीन साल की बच्चे के साथ हुए रेप का मामला उठाने पर BJP ने मेरे खिलाफ FIR दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि स्कूल के ट्रस्ट में BJP के बड़े नेताओं के करीबी शामिल हैं और BJP चाहती है कि मैं स्कूल का नाम न लूं। शिकायतकर्ता के अनुसार पुलिस राजनीतिक दबाव में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जब अपनी बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए कोई बाप दो-चार मुकदमों से नहीं डरता, तो हम कैसे डर सकते हैं?

**AAP के प्रदेश अध्यक्ष ने BJP पर लगाया आरोप**

मंगलवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस कर सौरभ ने कहा कि BJP की केंद्र सरकार की पुलिस ने मेरे ऊपर FIR दर्ज कर दी है। यह FIR एक रेप पीड़ित बच्ची को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाने पर दर्ज की गई है। सौरभ ने आगे कहा कि जिस बच्ची का बलात्कार हुआ है, उसके मां-बाप को DCP द्वारा धमकाया जा रहा है।

## दिल्ली को जल्द मिलेगा मॉडल परिवहन सेवा केंद्र: रेखा गुप्ता

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**




सीएम ने मंगलवार को बुराड़ी DTO ऑफिस का किया औचक निरीक्षण

**मुख्यमंत्री रेखा** गुप्ता ने कहा कि दिल्लीवालों के लिए मॉडल परिवहन सेवा केंद्र बनाएंगे। साथ ही परिवहन विभाग के पुराने परिसरों के पुनर्विकास के लिए मास्टर प्लान बनाएंगे। सीएम ने यह बातें मंगलवार को बुराड़ी स्थित परिवहन कार्यालय के दौरे के दौरान कही। इस दौरान DTO (डिस्ट्रिक्ट ट्रांसपोर्ट ऑफिसर) ऑफिस में लोगों की लंबी कतारों और अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। बुराड़ी में ही बन रहे ऑटोमेटेड टेस्टिंग सेंटर के निर्माण कार्यों का भी जाएगा लिया, जहां हर साल 90 हजार कमर्शल गाड़ियों की फिटनेस जांच हो सकेगी।

दौरे के दौरान सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरे परिसर का एक इंटीग्रेटेड रीडिवेलपमेंट प्लान तैयार किया जाए। समग्र पुनर्विकास प्लान तैयार किया जाए, जिसमें नागरिक सुविधाएं, पार्किंग, ग्रीन एरिया, प्रशासनिक कार्यालय, ट्रेनिंग फैसिलिटी सुविधाएं और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास किया जा सके। उन्होंने कहा कि इतने बड़े परिसर को एक मॉडल परिवहन सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। सीएम ने इस दौरान वहां नागरिक सुविधाओं, बुनियादी ढांचे और सेवा गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन, जिला परिवहन कार्यालय, वाहन निरीक्षण इकाई और हैवी मोटर वीकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का दौरा किया और अधिकारियों को व्यापक सुधार की आवश्यकता बताई। ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन परियोजना के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सीएम को बताया कि नए स्टेशन में एक समय में 5 गाड़ियों की जांच की जा सकेगी। निरीक्षण के दौरान सीएम ने DTO ऑफिस आए लोगों से संवाद किया। लोगों ने बताया कि उन्हें लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, साफ पीने का पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। इस पर सीएम ने नाराजगी जताते हुए कहा कि लोगों को अनावश्यक रूप से इमारत के बाहर प्रतीक्षा करने के लिए बाध्य न किया जाए।

## जल मंत्री ने भी माना, दिल्ली में है पानी की किल्लत

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**



मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मामले में सरकार का पक्ष रखा

**लगातार कई** दिनों से दिल्ली में पानी की किल्लत पर मंगलवार को जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पानी की किल्लत है, लेकिन इसके अलग अलग कारण हैं। वजीराबाद वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में यमुना से रोजाना 209 क्यूसेक पानी मिलता था, अब 75 क्यूसेक ही मिल रहा है। कच्चे पानी के शॉर्टेज को पूरा करने के लिए हैदरपुर प्लांट के लिए हरियाणा से जो अतिरिक्त पानी छोड़ा जा रहा है, उसे वजीराबाद प्लांट में डायवर्ट किया गया है। इसके अलावा दिल्ली के तमाम इलाकों में 30-40 साल पुरानी लाइनें चेंज की जा रही हैं। इसके चलते भी कई इलाकों में सप्लाई प्रभावित हो रहा है।

**कहा, वजीराबाद प्लांट को मिल रहा महज 75 क्यूसेक पानी**

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के अनुसार वजीराबाद प्लांट में पानी उत्पादन के लिए यमुना से 209 क्यूसेक पानी लिया जाता है। वर्तमान परिस्थितियों में हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से इतना पानी नहीं आ रहा कि वह दिल्ली पहुंच सके। इसलिए यमुना वजीराबाद बैराज के आसपास लगभग सूख गई है। उस क्षेत्र में यमुना का एक बड़ा हिस्सा रेतीले टीले की तरह दिख रहा है। बैराज के आसपास अभी भी कुछ पानी बचा हुआ है, जिससे रोजाना 75 क्यूसेक पानी वजीराबाद प्लांट में भेजा जा रहा है। प्लांट में 100 फीसदी पानी उत्पादन के लिए जितना पानी चाहिए, यह उसका 35.8 प्रतिशत ही है। हरियाणा से जितना अतिरिक्त पानी हैदरपुर प्लांट में आ रहा है, वह भी वजीराबाद डायवर्ट किया जा रहा है। इससे हैदरपुर प्लांट में पानी उत्पादन थोड़ा कम हो रहा है।

कैबिनेट मंत्री के अनुसार दिल्ली में वॉटर सप्लाई लाइनों का नेटवर्क कुल 16,634 किमी लंबा है। इसमें से करीब 5500 किमी लंबी लाइन 30 साल से भी अधिक पुरानी है। करीब 3000 किमी लंबी लाइन 25 से 30 साल पुरानी है। दशकों पुरानी इन लाइनों में जगह-जगह लीकेज है। इसके चलते भी कुछ इलाकों में पानी की किल्लत है।

### रेणुका डैम से दिल्ली तक आएगा पानी

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** जिस तरह से उत्तर प्रदेश के मुरादनगर रेगुलेटर से सोनिया विहार वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक 30-32 किमी लंबी पाइपलाइन के माध्यम से गंगा का पानी लाया जा रहा है, उसी तरह से रेणुका डैम बनने के बाद दिल्ली तक पानी लाया जाएगा। इसके लिए डैम से दिल्ली तक करीब 300 किमी लंबी पाइप लाइन बिछाने का प्लान है। मकसद यह है कि डैम से मिलने वाला अधिक से अधिक मात्रा में पानी दिल्ली को मिले। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के अनुसार दिल्ली में पानी की बेहतर आपूर्ति के लिए रेणुकाजी डैम से 812 क्यूसेक (23 क्यूमेक) पानी के लिए एग्रीमेंट किया गया है।

## दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग में प्रशासनिक बदलाव

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में प्रशासनिक बदलाव करते हुए वरिष्ठ अधिकारी डॉ. वत्सला अग्रवाल की नई तैनाती का आदेश जारी किया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि डॉ. अग्रवाल, जो अब तक निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं (DHS) के पद पर कार्यरत थीं, उन्हें GTB अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर को रिपोर्ट करने और वहां कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही इस संबंध में पहले से जारी सभी आदेशों को निरस्त कर दिया गया है।



**DHS रहीं डॉ. वत्सला अग्रवाल को GTB अस्पताल भेजा गया**

इस मामले को लेकर सरकार ने DHS के पद पर अंतरिम व्यवस्था भी की है। आदेश के मुताबिक, जग प्रवेश चंद्र अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट को अगले आदेश तक अपने मौजूदा दायित्वों के साथ-साथ DHS का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस फेरबदल को दिल्ली के स्वास्थ्य प्रशासन में महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, दिल्ली सरकार के अस्पतालों में मेडिकल इंस्ट्रूमेंट की खरीदारी, सेंट्रल प्रोक्योरमेंट एजेंसी के जरिए की जाती है और यह विंग DGHS के अंदर आता है।

दिल्ली की खबरों के लिए टेलीग्राम पर फॉलो करें
t.me/nbtdilli

दिल्ली की खबरों के लिए एक्स पर फॉलो करें
@NBTDilli

पर्यावरण दिवस पर काऊ मिल्क की पैकेजिंग के साथ आएगा

## मदर डेयरी ने तैयार किया मिट्टी में गलने वाला पैकेट

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

**मदर डेयरी** ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में एक अनोखा कदम उठाया है। कंपनी ने भारत का पहला ऐसा दूध का पैकेट पेश किया है, जो मिट्टी में अपने आप प्राकृतिक रूप से गल जाएगा। यह पैकेट पर्यावरण में प्लास्टिक का नामोनिशान भी नहीं छोड़ेगा। सबसे अच्छी बात यह है कि इस नए और आधुनिक पैकेट की वजह से ग्राहकों के लिए दूध की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। फिलहाल इसे काऊ मिल्क की पैकेजिंग के लिए यूज किया जाएगा। बाद में अन्य प्रोडक्ट में लाया जाएगा।

**अगर यह कचरे में कहीं छूट भी जाता है, तो भी पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाएगा**



यह पैकेट 2 साल में ही मिट्टी में मिलकर गायब हो जाएगा

दिल्ली-एनसीआर में सबसे पहले इसकी शुरुआत की जा रही है। मदर डेयरी आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर इसकी शुरुआत करने जा रही है। इस नई तकनीक को तैयार करने के पीछे कंपनी की सालों की मेहनत छिपी है। मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक जयतीर्थ चारी ने बताया कि प्राकृतिक रूप से गलने वाले इस पैकेट को विकसित करने में कंपनी को 4 साल से भी ज्यादा का समय लगा है। यह पैकेजिंग इस तरह से बनाई गई है कि मिट्टी में जाने के बाद यह एक खास मोम (बायोअवेलेबल वैक्स) में बदल जाती है। इसके बाद मिट्टी में मौजूद छोटे-छोटे जीवाणु (माइक्रोब्स) इसे पूरी तरह से प्राकृतिक तत्वों में बदल देते हैं। जहां आम प्लास्टिक को गलने में सैकड़ों साल लग जाते हैं, वहीं यह पैकेट 2 साल में ही मिट्टी में मिलकर गायब हो जाएगा। यह नया पैकेट पूरी तरह से रीसाइकल तो रहेगा ही, साथ ही इसकी सबसे बड़ी खूबी यह होगी कि अगर यह कचरे में कहीं छूट भी जाता है, तो भी पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाएगा।

उन्होंने कहा, इसे मदर डेयरी की कंपनी आईडीएमसी ने कई एक्सपटर्स के साथ मिलकर तैयार किया है। मदर डेयरी नैशनल डेयरी डिवेलपमेंट बोर्ड (NDDB) के चेयरमैन मीनेश शाह ने कहा कि मदर डेयरी का यह कदम डेयरी सेक्टर के लिए एक मिसाल है।


Loot Blink
SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!
JOIN INDIA'S MOST TRUSTED
DEALS CHANNEL
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED
SAB PE BADI BACHAT!
UP TO 90% DISCOUNT DEALS
BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!
boat Airdopes 141 TWS Earbuds
₹2,990
₹249
92% OFF
YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch
₹4,999
₹349
93% OFF
YOU SAVE ₹4,650
iPhone 13 128GB
₹59,900
₹5,399
91% OFF
YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG
32" HD Smart TV
89% OFF
YOU SAVE ₹25,800
realme
Narzo N55 (6GB+128GB)
₹13,999
₹799
94% OFF
YOU SAVE ₹13,200
ASUS
Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD)
90% OFF
YOU SAVE ₹40,491
GREEN SOUL
Office Chair Ergonomic
₹14,999
₹1,499
92% OFF
YOU SAVE ₹17,500
SAMSUNG
980 500GB NVMe SSD
₹6,999
91% OFF
YOU SAVE ₹6,400
WILDCRAFT
Backpack
₹1,999
₹149
93% OFF
YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS
Trimmer Series 3000
₹1,995
₹199
90% OFF
YOU SAVE ₹1,796
AGARO
Air Fryer 4.5L
₹6,999
₹699
90% OFF
YOU SAVE ₹6,300
PUMA
Men's Running Shoes
₹3,999
91% OFF
YOU SAVE ₹3,650
ZEBRONICS
Study Headphones with Mic
₹1,499
₹169
89% OFF
YOU SAVE ₹1,330
PORTABLE
Laptop Table Foldable
₹1,299
₹129
90% OFF
YOU SAVE ₹1,170
boAt
Stone 650 Bluetooth Speaker
₹3,999
₹199
95% OFF
YOU SAVE ₹3,800
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMM18 User: cci Time: 06-02-2026 23:47 Color:



# अवैध कॉलोनियों को पक्का कराने की तेज़ होगी रफ्तार!

Brijesh.Singh
@timesofindia.com

**1511** अनधिकृत कॉलोनियां मौजूदा आधार पर होंगी पक्की | **1700-2000** आवेदन अब तक स्वगम पोर्टल के जरिए मिले | **45** दिन में पूरी प्रक्रिया को पूरा करने का लक्ष्य



■ **नई दिल्ली:** राजधानी में अनधिकृत कॉलोनियों को जैसा है, जहां है, की शर्त पर पक्का करने की घोषणा के बाद भी लोग उसमें रूचि नहीं दिखा रहे है। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो घोषणा के करीब एक महीने बाद भी अभी तक करीब 1700 आवेदन ही स्वगम पोर्टल पर मिले हैं, जबकि दिल्ली में 1511 कॉलोनियां है। अनधिकृत कॉलोनी वालों के इस रवैये पर दिल्ली सरकार का राजस्व विभाग जागरूकता अभियान चलाने जा रहा है। यही नहीं, सूत्र बताते है कि सीएम रेखा गुप्ता जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी करेंगी।

केंद्र सरकार ने बीते माह 7 अप्रैल को दिल्ली की 1731 में से 1511 कॉलोनियों को जैसा है, जहां है के आधार पर पक्का करने की घोषणा की थी। इसके साथ ही इसकी पूरी जिम्मेदारी डीडीए से लेकर दिल्ली सरकार और एमसीडी को दी थी। डीडीए पहले ही 40 हजार कन्वेंस डीड जारी कर चुका है, लेकिन वो लोग भी स्वगम पोर्टल पर अपने घर को पक्का कराने के लिए आगे नहीं आ रहे है। राजस्व विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आवेदनों की इतनी कम संख्या से हम भी हैरान है। इसलिए अब जागरूक करने के लिए अभियान चलाएंगे।

राजस्व विभाग ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों को पक्का करने के लिए हर जिले में एडीएम की निगरानी में स्पेशलाइज्ड टीम का गठन कर दिया गया है। डीएम, एडीएम समेत पूरी टीम को ट्रेनिंग का काम पूरा हो चुका है। यह टीम पूरी तरह से स्वगम पोर्टल पर आए आवेदनों पर काम करेगी। इसके अलावा डिजिटल, सोशल मीडिया व एफएम पर भी कैंपेन चलाया जाएगा। राजस्व विभाग ने कहा कि हम अनधिकृत कॉलोनियों को पक्का करने के लिए जन प्रतिनिधियों जैसे विधायक, सांसद और पार्षदों की भी मदद लेंगे। सीएम रेखा गुप्ता ने भी भरोसा दिलाया है कि वह खुद जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगी। उन्हें पूरी योजना के बारे में बताया जाएगा।

## ऑनलाइन आवेदन के लिए प्रक्रिया

**आवेदक एमसीडी** स्वगम पोर्टल (https://mcdonline.nic.in/swagam) पर लॉग इन करेंगे। अनधिकृत कॉलोनी (पात्र 1511 कॉलोनियों में से) का नाम चुनें वॉर्ड और जोन खुद फिल हो जाएगा। फिर विकल्प सेलेक्ट करें कि क्या पीएम-यूडीएवाई केस आईडी मौजूद है। अगर नहीं है तो पीएम-उदय पोर्टल पर सीधे जाएंगे। अगर केस आईडी है तो उसे भरें। सीडी/एएस (कन्वेंस डीडी) जारी किया गया है तो आवेदन पत्र खुल जाएगा। यदि जारी नही किया गया है तो उसका स्टेटस जानने के लिए पीएम-उदय पोर्टल पर फिर रीडायरेक्ट किया जाएगा। दिल्ली सरकार का राजस्व विभाग द्वारा डीडीए के सहयोग से आवेदनों की प्रक्रिया और सीडी/एएस जारी करेगी। जारी की गई सीडी/एएस को स्वगम पोर्टल के माध्यम से एमसीडी को भेजा जाएगा।

## दिल्ली से रायपुर के OT में जुड़ी डॉक्टरों की टीम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: रोबॉट के जरिए मरीज का ऑपरेशन रायपुर में चल रहा था। दिल्ली एम्स में बैठे सर्जनों की टीम उस समय सर्जरी के हर महत्वपूर्ण चरण पर वहां के सर्जनों को सलाह दे रही थी। दरअसल, एम्स दिल्ली और एम्स रायपुर ने रोबॉटिक-असिस्टेड पित्ताशय (गॉलब्लैडर) सर्जरी के दौरान टेलीप्रेजेंस तकनीक का इस्तेमाल कर रियल-टाइम सर्जिकल सहयोग का सफल प्रदर्शन किया है।

**रोबॉटिक सर्जरी में AIIMS की नई पहल**

द विंची सर्जिकल सिस्टम और इंट्यूटिव हब की टेलीप्रेजेंस क्षमता के जरिए दोनों संस्थानों के सर्जन एक साथ जुड़े। सर्जरी रायपुर में की गई, जबकि एम्स दिल्ली के सर्जिकल विभाग के प्रमुख डॉ. सुनील चंबर ने बताया कि यह अभी पायलट प्रोजेक्ट है। एम्स दिल्ली के सर्जन डॉ. वीरेंद्र कुमार बंसल के अनुसार, स्वास्थ्य सेवाएं अब इस तरह के मॉडल की ओर बढ़ रही हैं। एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) अशोक जिंदल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती संस्थानों के बीच सहयोग पर भी निर्भर करेगी।

Photo: Sunil Kataria



## रंगमंच की खास वर्कशॉप में डांस, मस्ती और धमाल

एनबीटी रंगमंच क्लब अपने सदस्यों के मनोरंजन और स्किल डेवलपमेंट के लिए लगातार नए सेशन आयोजित कर रहा है। हाल ही में रंगमंच क्लब की ओर से खास डांस वर्कशॉप का आयोजित की गई जिसमें श्रुति इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट की फाउंडर और कोरियोग्राफर श्रुति सिन्हा ने मेंबर्स को पंजाबी से लेकर पुराने क्लासिकल गानों तक पर डांस स्टेप्स सिखाए। वर्कशॉप की शुरुआत भांगड़ा से हुई। उसके बाद पंजाबी बीट पर डांस करना और साथ ही पुराने गानों पर क्लासिकल अंदाज़ में डांस के बेहद आसान तरीके बताए। इस दौरान श्रुति सिन्हा ने कहा कि पार्टी में पंजाबी बीट पर कुछ ही स्टेप्स से आप सबका अटेंशन पा सकते हैं। वहीं अगर आपको किसी इवेंट में परफॉर्म करना हो तो आप क्लासिकल डांस के कुछ आसान स्टेप्स के साथ एक पूरी परफॉर्मेंस दे सकते हैं। वर्कशॉप के दौरान क्लब के सदस्या न सिर्फ थिरके, बल्कि अपने डांस को निखारने के लिए एक्सपर्ट से सवाल भी पूछे।



**एनबीटी रंगमंच क्लब की फ्री मेंबरशिप लेने के लिए अपने मोबाइल से Member लिखकर वॉट्सऐप करें 7003890071 पर।**

## हर्ष मल्होत्रा ने ज़िला समितियों के गठन को नियुक्त किए पर्यवेक्षक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**दिल्ली बीजेपी** के नवनियुक्त अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने संगठन की मजबूती के लिए जिला समितियों के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने जिला समितियों के गठन के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्त कर दी है। बीजेपी के सभी 14 जिलों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है, जिन्हें 10 दिनों में अपनी रिपोर्ट देनी होगी। जिला अध्यक्षों को लेकर कोई बदलाव नहीं होगा।

प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कार्यभार संभालते ही जल्द से जल्द नई टीम गठन करने का संकेत दे दिया था। अब एक सप्ताह के भीतर ही उन्होंने पर्यवेक्षकों की नियुक्त करके जिला समिति के गठन को लेकर काम शुरू कर दिया है। पर्यवेक्षक जिले में सभी से रायशुमारी के बाद उपाध्यक्ष, मंत्री, महामंत्री समेत अन्य पदों के लिए अपने नामों की सूची प्रदेश अध्यक्ष को सौंपेंगे। एक बार जिला समितियों के गठन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी।

मल्होत्रा ने पहले ही संकेत दे दिया है कि काम करने वालों को पार्टी और संगठन में प्राथमिकता दी जाएगी। जिला समिति के गठन में भी वह किसी भी तरह का विवाद नहीं चाहते हैं। इसलिए वह पर्यवेक्षकों की ओर से जिले में सभी से बातचीत के बाद एक आम सहमति वाले नामों को ही समितियों में जगह दी जाएगी। जिन्हें पर्यवेक्षक बनाया गया है उसमें केशवपुरम के गजेंद्र यादव, चांदनी चौक से सुनीता कांगड़ा, नार्थ ईस्ट दिल्ली से सुनील यादव, नई दिल्ली से विष्णु मित्तल, बाहरी दिल्ली से राजकुमार भाटिया, पश्चिमी दिल्ली से अजय महावर, नवीन शाहदरा से अशोक ठाकुरस, महरौली से राजन तिवारी, दक्षिणी दिल्ली से श्याम शर्मा, करोल बाग से महेंद्र नागपाल, शाहदरा से सतीश गर्ग और मयूर विहार से मोहन लाल गिहारा को पर्यवेक्षक बनाया है।

## मास्टर प्लान रोड पर ट्रैफिक 30 जून तक बंद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा एलएम बंध, शास्त्री नगर से कड़कड़ी मोड़ खुरेजी रेड लाइट तक मास्टर प्लान रोड के नीचे बने नाले की सिल्ट (गाद) सफाई का कार्य किया जा रहा है। इसके चलते गीता कॉलोनी की ओर जाने वाले मार्ग का एक कैरिजवे (सड़क का एक हिस्सा) 2 जून 2026 से 30 जून 2026 तक बंद रहेगा। सफाई कार्य के दौरान उपलब्ध कैरिजवे के माध्यम से यातायात का संचालन किया जाएगा तथा अस्थायी डायवर्जन की व्यवस्था लागू रहेगी।

**नाले की गाद निकालने का हो रहा है काम**

## DJB के उपाध्यक्ष की नियुक्ति को LG की मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: राजधानी में पानी की आपूर्ति और सीवर व्यवस्था संभालने वाले दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को आखिरकार नया नेतृत्व मिल गया है। उपराज्यपाल टीएस संधू ने दिल्ली जल बोर्ड में उपाध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। लंबे समय से खाली पड़े इन पदों के भरने के बाद बोर्ड के कामकाज में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

**बोर्ड में कई महीने बाद भरे गए अहम पद**

उपराज्यपाल ने बीजेपी विधायकसतीश उपाध्यायको दिल्ली जल बोर्ड का उपाध्यक्ष नियुक्त करने की मंजूरी दी है। इसके अलावा विधायकमनोज कुमार शौकीन, विधायकअजय कुमार महावरऔर दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड के प्रतिनिधिराजेश कुमार गोयलको बोर्ड का सदस्य नामित किया गया है।

## सूर्या मर्डर के बाद खोड़ा में अवैध निर्माण रेडार पर, दो मदरसे सील

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद: खोड़ा में सूर्या हत्याकांड के बाद इलाके में अवैध रूप से बने मकान और इमारतों को पहचान कर पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। सूर्या की हत्या के मुख्य आरोपी **असद** के मकान को अवैध बताते हुए सोमवार को 15 दिन का नोटिस दिया गया था। इसमें स्वयं ध्वस्त करने या फिर प्रशासन की ओर से कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

इसके बाद मंगलवार को प्रशासन के टारगेट पर अवैध रूप से चल 3 मदरसे आ गए। इनमें दो को सील कर 7 दिन का नोटिस चस्पा कर संचालकों से जवाब मांगा गया है। तीसरे मदरसे में मस्जिद संचालित होने के कारण उसे सील नहीं किया गया, लेकिन नोटिस दिया है। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ और डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ की मौजूदगी में हुई। प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित 3 मदरसों को चिह्नित कर कार्रवाई की। डीएम और पुलिस कमिश्नर करीब 500 पुलिसकर्मियों के साथ पैदल मार्च करते हुए पहुंचे। नोटिस जारी करने से पहले मुनादी भी कराई।



मुख्य आरोपी के घर के बाद अब मदरसों को दिया गया नोटिस

**बच्चों को मदरसे में बंद करने का आरोप:** मदरसा कमिटी सचिव इलियास सैफी ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने सील करने से पहले मदरसे को अंदर से चेक नही किया है। इससे मदरसे के अंदर कई बच्चे बंद हो गए।

**सूर्या के भाई को नगर पालिका में नौकरी:** सीलिंग की कार्रवाई के बाद जिलाधिकारी रविंद्र मांदड़ और पुलिस आयुक्त जे रविंद्र गौड़ ने सूर्या की मां को उनके बड़े बेटे यश का नियुक्ति पत्र सौंपा। नगर पालिका में सुपरवाइजर की नौकरी दी गई है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 06-02-2026 23:16 Color:



# OSM सिस्टम की गड़बड़ियों पर विरोध जारी
# अब ऐक्शन, छाए रहे सार्थक



## CBSE चेयरमैन और सेक्रेटरी पर गिरी गाज

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** CBSE की ऑन स्क्रीन मार्किंग (OSM) सिस्टम को लेकर उठे गंभीर विवाद के बाद केंद्र सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए CBSE चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता को तुरंत प्रभाव से उनके पद से हटा दिया है।

सूत्रों का कहना है कि सीबीएसई की ऑन स्क्रीन मार्किंग स्कीम की प्रक्रिया संदेह के घेरे में है, वहीं रिजल्ट के बाद बोर्ड का री-वैल्यूएशन (पुनर्मूल्यांकन) भी छात्रों के लिए परेशानी का सबब बना, जिसको लेकर सरकार नाखुश थी। अब सरकार ने बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। स्टूडेंट्स और पैरेंट्स की ओर से आंसर शीट की कथित अदला-बदली, पोर्टल में तकनीकी गड़बड़ियों, पेमेंट फेल होने और सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रियाओं में देरी को लेकर शिकायतें मिली थीं। शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि यह जांच OSM सिस्टम के क्रियान्वयन को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, इसकी खरीद प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों की पड़ताल करेगी।

**दोनों बड़े अधिकारियों का किया गया तबादला**

केंद्र सरकार ने डिजिटल मूल्यांकन सिस्टम की खरीद के मामले में एक सदस्यीय समिति की जांच का आदेश दिया गया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब केंद्रीय साइबर-सुरक्षा एजेंसियां बोर्ड के पुनर्मूल्यांकन पोर्टल को निशाना बनाने वाले कथित हमलों की निगरानी कर रही हैं। ऑन स्क्रीन मार्किंग का ठेका देने के लिए सीबीएसई की ओर से अपनाई गई प्रक्रिया से संबंधित मुद्दों की जांच के लिए समिति ऐसे समय में गठित की गई है, जब स्टूडेंट्स और पैरेंट्स आंसर शीट की जांच के लिए अपनाए गए इस सिस्टम पर सवाल उठा रहे है।

**कंपनी पर होगी कार्रवाई!**

■ हैदराबाद की कंपनी 'कोएम्प्ट एडू टेक प्राइवेट लिमिटेड' (Coempt Edu Teck Pvt Ltd) ने 12वीं की लगभग 98.6 लाख आंसर शीट की स्कैनिंग और डिजिटल मूल्यांकन का काम संभाला था। सूत्रों ने संकेत दिया है कि कंपनी के खिलाफ भी जल्द कार्रवाई की संभावना है।

## पोर्टल शुरू, आधार के नियमों ने उलझाया
### CBSE ने शुरू किया वेरिफिकेशन और री-इवैल्यूएशन पोर्टल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सीबीएसई ने** 12वीं की आंसरशीट की चेकिंग से नाराज स्टूडेंट्स के लिए नंबरों के वेरिफिकेशन और री-इवैल्यूएशन की ऑनलाइन प्रक्रिया की शुरुआत मंगलवार से कर दी है। फर्जी आवेदनों पर लगाम लगाने के लिए पहली बार सुरक्षा के लिहाज से आवेदन के साथ आधार का ऑनलाइन वेरिफिकेशन अनिवार्य किया गया है, लेकिन इस नई व्यवस्था और तकनीकी गड़बड़ियों के कारण पहले ही दिन स्टूडेंट्स को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

पोर्टल की शुरुआत के पहले तीन घंटे तो सब कुछ ठीक रहा, लेकिन उसके बाद सर्वर पर लोड बढ़ते ही तकनीकी खामियां सामने आने लगीं। कई स्टूडेंट्स ने बताया कि वे जैसे ही फॉर्म भरना शुरू करते हैं, वेबसाइट बीच में ही क्रैश हो जाती और उन्हें दोबारा होम पेज पर भेज देती है। कई मामलों में तो सही सुरक्षा कैप्चा कोड डालने के बाद भी सबमिशन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी।

**6 जून आधी रात तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन**

नए नियमों के अनुसार, स्टूडेंट्स को अपने सीबीएसई अकाउंट के जरिए लॉगिन करके अपना आधार नंबर डालना है। जिन स्टूडेंट्स के पास अपनी आईडी नहीं है, उन्हें पैरेंट्स या किसी करीबी रिश्तेदार के दस्तावेज का इस्तेमाल करने की छूट दी गई है। हालांकि, इस नियम में एक पेच फंस गया। नियम के अनुसार, स्टूडेंट्स जिसकी भी आईडी संख्या डालेंगे, फॉर्म में नाम, जन्मतिथि और लिंग भी हूबहू उसी व्यक्ति का होना चाहिए। इस नियम की स्पष्ट जानकारी न होने के कारण कई स्टूडेंट्स ने नंबर तो अभिभावक का डाला, लेकिन नाम अपना लिख दिया। ऐसे में सिस्टम ने आवेदन खारिज कर दिया या होल्ड पर डाल दिया। सीबीएसई ने साफ कहा है कि वेरिफिकेशन और री-इवैल्यूएशन के लिए एक-एक बार ही आवेदन कर सकते हैं।

File Photos




**हो रहा विरोध :** CBSE के ऑन स्क्रीन मार्किंग (OSM) सिस्टम को लेकर उठे गंभीर विवाद के बाद NSUI लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है

### इस तरह आवेदन कर सकते हैं?

**इस पोर्टल** के जरिए स्टूडेंट्स अपनी स्कैन कॉपी में पेज गायब होने, सप्लीमेंट्री शीट न जुड़ने, मैप या ग्राफ छूटने, धुंधली प्रिंटिंग या किसी गलत सेट से कॉपी जांचे जाने जैसी गड़बड़ियों के खिलाफ आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। कॉपी वेरिफिकेशन के लिए उन्हें हर आंसरशीट के लिए 100 रुपये की फीस देनी है। अगर स्टूडेंट्स किसी खास सवाल के नंबरों से संतुष्ट नहीं हैं, तो 25 रुपये प्रति प्रश्न की दर से चुनौती री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन कर सकता है। पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन रखा गया है। फीस डिजिटल मोड (यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग) से ही भरी जाएगी।

**कॉपी वेरिफिकेशन में हर आंसरशीट के लिए 100 रुपये की फीस देनी होगी**

## पोर्टल में सेंध लगाने की कोशिश नाकाम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


**सीबीएसई के** पोर्टल पर जैसे ही री-इवैल्यूएशन की प्रक्रिया शुरू हुई, डिजिटल सेंधमारों ने इसकी सेवाओं को ठप करने की पुरजोर कोशिश की। सबसे खतरनाक हमला वह था, जब महज दो मिनट के भीतर पोर्टल पर अचानक करीब 15 लाख हिट्स दर्ज किए गए। हालांकि, बोर्ड की तकनीकी टीम ने हैकर्स की तमाम साजिशों को विफल कर दिया है। इस बड़े डिजिटल अवरोध के बावजूद दोपहर 3 बजे तक ही 16 हजार से भी ज्यादा स्टूडेंट्स री-इवैल्यूएशन के लिए अपनी रिक्वेस्ट सफलतापूर्वक सबमिट कर चुके थे।

**पोर्टल पर पूरे दिन होती रही साइबर हमलों की कोशिश**

बोर्ड की ओर से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, इस समय पोर्टल पर सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच एक साथ 8 हजार से अधिक सक्रिय (कॉनकरेंट) यूजर्स को संभालने की क्षमता मौजूद है। अधिकारियों ने बताया कि हैकर्स ने पोर्टल को क्रैश करने के लिए डिनायल ऑफ सर्विस (DoS) तकनीक का इस्तेमाल किया था। इसी वजह से दो मिनट में सर्वर पर 15 लाख बार अनधिकृत ट्रैफिक भेजा गया।

## कौन हैं सार्थक सिद्धांत, जिन्होंने हिला दिया CBSE का 'सिस्टम'



■ प्रशांत शौकीन, नई दिल्ली

**सीबीएसई 12वीं** के बोर्ड पेपर जांचने के लिए पहली बार लागू OSM सिस्टम से जुड़ी गड़बड़ियां सामने लाने के लिए स्टूडेंट सार्थक सिद्धांत का नाम सुर्खियों में है। सार्थक ने एक ब्लॉग के जरिए इस सिस्टम से जुड़ी कमियों को उजागर किया। साथ ही सीबीएसई की टेंडर प्रक्रिया में विसंगतियां होने की बात कही है। अपने ब्लॉग में सार्थक ने हैदराबाद की एक विशेष कंपनी को मूल्यांकन का टेंडर देने के लिए नियमों में बदलाव का आरोप लगाया है। इस ब्लॉग को नेता विपक्ष राहुल गांधी से लेकर अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर साझा किया। जिसके बाद सार्थक चर्चा का विषय बन गए। वह अपने आप को उन 17 लाख स्टूडेंट्स में से एक बताते हैं, जो इस नए सिस्टम से प्रभावित हुए हैं।

### सार्थक ने ब्लॉग में क्या कहा?

**परीक्षा के** नतीजों से निराश सार्थक ने ओएसएम की पड़ताल में पाया कि हैदराबाद की कंपनी कॉएम्पट एडुटेक को टेंडर देने के लिए सीबीएसई ने तीन बार नियमों में बदलाव किए। 'ब्लैकलिस्टेड' कंपनी से जुड़े प्रावधान को भी बदला। जिस कंपनी पर पहले भी गड़बड़ियों के आरोप लगे, ऐसी कंपनी को फिर से टेंडर दिया। सिद्धांत ने टेंडर दस्तावेजों में 15 विसंगतियों का दावा किया है। अपने ब्लॉग में लिखा, प्रक्रिया में पारदर्शिता के गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

### सीबीएसई ने क्या कहा?

**टेंडर से** जुड़ी गड़बड़ियों को लेकर सीबीएसई ने कहा, सभी प्रक्रियाओं और नियमों का ईमानदारी से पालन किया है। सबसे सस्ती बोली लगाने पर ही कोएम्पट एडुटेक को टेंडर मिला है। मूल्यांकन से जुड़ी विसंगतियों को दूर किया जा रहा है। सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों में सार्थक के ब्लॉग की चर्चा है। सही मायनों में 17 साल के स्टूडेंट ने सीबीएसई को अपने सिस्टम पर फिर से विचार करने पर मजबूर कर दिया है।

### सोशल मीडिया पर हो रही तारीफ

**नेता विपक्ष** राहुल गांधी ने भी सार्थक के ब्लॉग को शेयर कर सरकार पर हमला बोला। उन्होंने सार्थक की तारीफ करते हुए कहा कि आज कि Gen Z प्रतिभावान है और किसी से नही डरती। अरविंद केजरीवाल ने भी ब्लॉग को शेयर करते हुए कहा है कि मोदी सरकार ने पहले से ही बदनाम कंपनी को टेंडर देने के लिए लाखों स्टूडेंट्स के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। लोग इस बात से हैरान हैं कि कैसे 17 साल के स्टूडेट ने इतने विस्तृत ढंग से सिस्टम की कमियों को उजागर किया है। कुछ लोगों का तो यह भी मानना है कि सार्थक को इस मामले में सीबीएसई का सलाहकार बनाया जाना चाहिए।

## सार्थक ने संसदीय समिति के सामने दिया प्रेज़ेंटेशन

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** शिक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की मंगलवार को हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में सार्थक सिद्धांत का प्रेजेंटेशन चर्चा का विषय बना है। CBSE 12वीं बोर्ड में ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम में गड़बड़ियों को उजागर कर चर्चा में आए सार्थक संसद भवन में प्रेजेंटेशन देने पहुंचे थे। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली समिति में शिक्षा मंत्रालय और सीबीएसई के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने सार्थक ने गड़बड़ियों के बारे में बताया। सूत्र बताते हैं कि सार्थक ने जिस तरह का रिसर्च वर्क करके अपनी बात समिति के सामने रखी है, उससे सदस्य भी काफी प्रभावित हुए। सीबीएसई चेयरमैन समेत दूसरे अधिकारियों से ऑन स्क्रीन मार्किंग को लेकर स्टूडेंट्स को हुई दिक्कतों के बारे में सवाल भी पूछे गए। शिक्षा मंत्रालय ने भी इस बारे में सीबीएसई से जवाब मांगा है।

**प्रेजेंटेशन के बाद समिति CBSE के जवाब को भी देखेगी**

### समिति के अध्यक्ष ने क्या कहा?

**संसदीय समिति** के अध्यक्ष कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि सार्थक सिद्धांत ने अपना पक्ष रखा है। अब यह समिति को तय करना है कि CBSE द्वारा दिए गए जवाबों पर क्या निर्णय लिया जाए। उन्होंने कहा कि यह बड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है और स्टूडेंट्स के हित में हर संभव कदम उठाए जाएंगे। समिति ने OSM सिस्टम और छात्रों की तरफ से उठाई गई समस्याओं की समीक्षा भी की है। सूत्रों का कहना है कि जब बैठक शुरू हुई, उस वक्त तक CBSE के अधिकारियों को भी नहीं पता था कि सार्थक समिति के सामने अपनी बात रखेंगे। बताया जा रहा है कि समिति जल्द ही अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी।

**समिति अब जल्द ही अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी**

## CBSE मार्किंग को लेकर HC पहुंची NSUI

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** नैशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (NSUI) ने दिल्ली हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की है, जिसमें CBSE के OSM सिस्टम में बड़े पैमाने पर तकनीकी गड़बड़ियों और 'सिस्टमिक कमियों' का आरोप लगाया गया है। NSUI प्रेजिडेंट विनोद झाखड़ के जरिए दाखिल यह याचिका 12वीं क्लास के उन स्टूडेंट्स पर पड़ने वाले संकट को उजागर करती है, जिनका अकैडमिक भविष्य इन नतीजों पर निर्भर करता है।

एडवोकेट ऋषभ रंजन और अजय छिकारा की तरफ से पेश PIL में कई जरूरी उपायों की मांग की गई है, जैसे OSM सिस्टम की नाकामियों की एक इंडिपेंडेंट जांच, तकनीकी गलतियों से प्रभावित स्टूडेंट्स को कम्पनसेटरी मार्क्स दिए जाएं, जहां डिजिटल कॉपी पर विवाद हो, वहां आंसर शीट की मैनुअल रीचेकिंग और फिजिकल वेरिफिकेशन कराया जाए और री-इवैल्यूएशन पोर्टल को एक और महीने के लिए बढ़ाया जाए। वहीं, कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने जांच के लिए एक सदस्यीय आयोग के गठन को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इन कदमों से साफ है कि CBSE में अनियमितताएं हुई थीं और इसकी जिम्मेदारी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को लेनी चाहिए।

**PIL दायर कर मैनुअल री-इवैल्यूएशन की मांग की**

GALGOTIAS UNIVERSITY
QS moves up further in the World Rankings. THE
India Today–MDRA Best Colleges Ranking 2025
Ranked 4th in North India amongst Private Colleges | Ranked 23rd in India
SCHOOL OF SKILL SCIENCES & ENTREPRENEURSHIP
• Industry Aligned Curriculum
• GIG & Yearly Internships
• Nurturing Professional Competencies
• AI Assisted Skilling
• Next-Gen Leadership & Startup Skills
Under Graduate Programs
Department of Retail Management
• BBA in Retail Management & Digital Marketing
Department of Media Management
• BBA in Media Management & Digital Marketing
Department of Artificial Intelligence
• B.Tech. in Artificial Intelligence
Department of Cyber Security
• B.Tech. in Cyber Security
Department of Data Science
• B.Tech. in Data Science
Post Graduate Programs
• MBA in Retail Management & Digital Marketing
• MBA in Media Management & Digital Marketing
G – PULSE (Galgotia's – Practical driven Upskilling, Learning, Skills & Engagement)
Powered by Merrill's Principles, G–PULSE turns knowledge into action, skills into excellence, and learners into industry-ready professionals.
Launched India's Finest Active Learning Campus
In consultancy collaboration with INSPIRE NANYANG TECHNOLOGICAL UNIVERSITY SINGAPORE
NAAC GRADE A+ Accredited University
G-SCALE GALGOTIAS STUDENT CENTERED ACTIVE LEARNING ECOSYSTEM
G-SCALE moves education beyond passive lectures to an environment where students actively engage in real-world problem-solving, collaboration, and experiential learning.
For Admissions Scan to Apply
9810162221, 9717300418, 9582847072
97173 00343 | 0120-4370000
Email: admission@galgotiasuniversity.edu.in
For the complete list of programmes offered and to apply online visit
www.galgotiasuniversity.edu.in #GetYourSelfPlaced

## हमले के बाद हुई थी मौत, अब मर्डर का चलेगा केस

Shanker.Singh
@timesofindia.com

AI Image




■ **नई दिल्ली:** बलबीर नगर में प्लंबर ऋषि(50) की मौत मामले में शाहदरा पुलिस ने 2024 में कत्ल का केस दर्ज किया था। आरोपी अमित मदान उर्फ राजू को अरेस्ट कर जेल भेजा। जांच अधिकारी ने कोर्ट में गैर इरादतन हत्या (BNS की धारा 105) के तहत चार्जशीट दाखिल की। अब अदालत ने साक्ष्य, चश्मदीद गवाहों के बयान और डॉक्टरों की राय को देखते हुए मर्डर (BNS की धारा 103-1) के तहत आरोप तय किए।

अडिशनल सेशन जज सुरभि शर्मा वत्स ने आदेश में कहा कि फिलहाल यह मानने के लिए पर्याप्त सामग्री है कि आरोपी ने ऋषि पर जानलेवा हमला किया था, जिसके बाद मौत हुई। प्रॉसिक्यूशन ने कोर्ट में शिकायतकर्ता जितेंद्र कुमार और अन्य चश्मदीद प्रिंस मैनी के बयानों का हवाला दिया। प्रिंस ने बयान दिया कि पानी के कनेक्शन को लेकर हुए विवाद के दौरान आरोपी ने 2024 को डंडा निकालकर ऋषि के सिर पर वार किया था।

दरअसल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में कोरोनरी धमनी रोग के अचानक बढ़ने और उसकी दिक्कतों से कार्डियोजेनिक शॉक (हार्ट फेल) से मौत होना बताया गया था। हालांकि डॉक्टरों ने यह भी राय दी कि मृतक के माथे पर 4.5 सेंटीमीटर लंबा और हड्डी तक गहरा घाव था, जिससे चोट के कारण हार्ट से जुड़ी समस्या के अचानक बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर प्रॉसिक्यूशन ने तर्क दिया कि मृतक की मौत नेचरल नहीं बल्कि आरोपी के हमले का नतीजा था।

**गैर इरादतन हत्या के तहत कोर्ट में दी थी चार्जशीट**

अदालत ने माना कि पहली नजर में उपलब्ध सामग्री संकेत देती है कि घातक दिल से जुड़ी समस्या और फिर मौत आरोपी के हमले के तुरंत बाद हुई। ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता कि मौत पूरी तरह नेचरल थी। फिलहाल अंतिम दोष साबित या डॉक्टरी नतीजा तय करना जरूरी नहीं है, बल्कि यह देखना है कि आरोपी के खिलाफ केस चलाने के लिए पर्याप्त आधार हैं या नहीं।

### दलील खारिज

**आरोपी के** वकील ने कोर्ट में तर्क दिया कि मृतक दिल का मरीज थे, जिनके सिर पर लगी चोट आमतौर पर मौत की वजह बनने के लिए पर्याप्त नही थी। आरोपी को झूठा फंसाने का भी दावा किया गया। हालांकि कोर्ट ने कहा कि गवाहों के बयानों में कथित विरोधाभास और बचाव पक्ष के अन्य तर्कों का ट्रायल मुकदमे के दौरान किया जाएगा।

### दोनों धाराओं में ये है अंतर

■ **गैर इरादतन हत्या (BNS 105) :** हत्या का इरादा नहीं होता है। अचानक ऐसा हो जाता है, जिसका पता बाद में चलता है कि ऐसा करने से मौत की पूरी संभावना थी। पांच साल से उम्रकैद तक का प्रावधान।

■ **हत्या (BNS 103-1) :** आरोपी का किसी की जानबूझकर हत्या करने का इरादा पहले से होता है, जो हमला कर उसे मौत के घाट उतार देता है। इसके तहत फांसी या उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है।

## IPL टिकट कालाबाज़ारी में ज़मानत
### 4 में से 3 आरोपियों को पहले ही ज़मानत मिल चुकी है

Shanker.Singh
@timesofindia.com

AI Image



■ **नई दिल्ली:** आईपीएल मैचों के दौरान टिकट-पासों की कालाबाजारी के केस में आरोपी पंकज यादव को कोर्ट ने जमानत दे दी है। अदालत ने माना कि आरोपी की भूमिका कथित रूप से टिकट-कॉम्प्लिमेंट्री पासों के साथ रंगे हाथ पकड़े गए सह-आरोपियों से अलग है। इसकी गिरफ्तारी उनके खुलासों और टिकट मुहैया करवाने के बयान पर हुई है। अडिशनल चीफ जुडिशल मैजिस्ट्रेट रेनू चौधरी ने 50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के एक जमानती पर इसे रिहा करने का ऑर्डर दिया।

**8 मई को IPL मैच से पहले दिल्ली गेट से चारों को पकड़ा गया था**

दरअसल क्राइम ब्रांच ने 8 मई को IPL मैच से पहले दिल्ली गेट के करीब पेट्रोल पंप के पास टिकट ब्लैक करते हुए मुरादाबाद के मुकीम (35), जामिया नगर के गुफरान उर्फ साजिद (36) और सीलमपुर के मोहम्मद फैसल (38) को पकड़ा। इनसे 33 कॉम्प्लिमेंट्री पास समेत कुल 54 टिकट बरामद किए। पुलिस ने इस केस में संगठित अपराध की धारा भी लगाई है। इन तीनों आरोपियों को कोर्ट से 23 मई को जमानत मिल चुकी है। इनका दावा था कि 'NOT FOR SALE' वाले कॉम्प्लिमेंट्री पास और टिकट पेट्रोल पंप कर्मचारी पंकज यादव से मिले थे। इसे 11 मई को अरेस्ट किया गया। क्राइम ब्रांच का दावा है कि इसने अपने फोन के डेटा उड़ा दिए, जिसे FSL भेजा गया है, ताकि डेटा रिट्रीव हो सके। पंकज ने पूछताछ में कई नामों का खुलासा किया। अफसरों का कहना है कि डेटा रिट्रीव होने और अन्य साक्ष्य जुटाने के बाद अन्य आरोपी पकड़े जा सकते हैं।

## एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन से केबल चुराने वाला अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली मेट्रो** पुलिस ने एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के रिज क्षेत्र में मेट्रो ट्रैक से कॉपर केबल चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी चोरी कांड का खुलासा किया है। आरोपी की पहचान महिपालपुर निवासी विनीत कुमार के रूप में हुई है। मामले में उसके दो साथी सागर उर्फ काला और बंटी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है।

**दो फरार आरोपियों को तलाश रही पुलिस**


मेट्रो DCP बी रेड्डी ने बताया कि IGI मेट्रो थाने में E-FIR दर्ज हुई थी। शिकायत में बताया गया था कि रिज क्षेत्र स्थित मेट्रो ट्रैक के आसपास एक संदिग्ध व्यक्ति घूमता देखा गया था। जांच के दौरान पता चला कि आरोपियों ने मेट्रो ट्रैक पर लगे लीडर सिस्टम के सेंसर को हेक्सा ब्लेड से क्षतिग्रस्त कर दिया और उससे जुड़ा हूटर और अन्य उपकरण चोरी कर लिए। इसके अलावा ट्रैक के पास लगी करीब 120 मीटर लंबी कॉपर केबल काटकर चुरा ली गई थी।

इंस्पेक्टर संदीप शर्मा की देखरेख में पुलिस टीम ने रिज क्षेत्र और आसपास लगे 40 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को 4-5 दिन तक खंगाला। जांच में एक संदिग्ध कार की गतिविधियां सामने आईं।

## 6 साल बाद क्यों बिखर गया मुकदमा?
### दिल्ली दंगा मामले में संदेह के लाभ में पांच आरोपी बरी

Prachi.Yadav
@timesofindia.com

AI Image



■ **नई दिल्ली :** फरवरी 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों की भयावह तस्वीरों में मोहम्मद अनवर की मौत उन घटनाओं में शामिल थी, जिसने पूरे इलाके को झकझोर दिया था। अनवर के भाई सलीम कसार ने अदालत में एक ऐसी कहानी सुनाई थी, जिसमें दंगों की हिंसा, परिवार का डर और अपनों को खोने का दर्द साफ झलकता था। लेकिन छह साल बाद मंगलवार को आए फैसले में कोर्ट ने पाया कि इस कहानी के कई हिस्से सबूतों की कसौटी पर टिक नहीं सके।

**मोहम्मद अनवर हत्याकांड मामले में हुई सुनवाई**

सलीम ने दावा किया था कि उन्होंने भीड़ को अपने भाई अनवर को गोली मारते, आग में फेंकते और उसके बाद विस्फोट करते देखा था। उन्होंने यह भी बताया था कि दंगों के दौरान उनका परिवार एक पड़ोसी की तीसरी मंजिल पर छिपा रहा। उनके मुताबिक, घर को लूट लिया गया, बेटी की शादी के लिए रखा दहेज का सामान नष्ट कर दिया गया और जान बचाने के लिए परिवार ने भगवा कपड़े पहनकर और माथे पर तिलक लगाकर आधी रात को इलाके से निकलने की कोशिश की।

अदालत ने घटनास्थल और गवाह के दावों की बारीकी से जांच की। शिकायतकर्ता के आग्रह पर अदालत में एक विडियो चलाया गया, जिससे यह सामने आया कि जिस खिड़की से सलीम हत्या देखने का दावा कर रहे थे, वहां से घटनास्थल दिखाई ही नहीं देता था। एडिशनल सेशन जज परवीन सिंह ने कहा कि ऐसे में गवाह द्वारा बताए गए विस्तृत घटनाक्रम को देख पाना संभव नहीं था।अदालत ने सलीम के मोबाइल फोन संबंधी दावों पर भी सवाल उठाए। सलीम ने कहा था कि दंगाइयों से बचने के लिए उन्होंने फोन तोड़ दिया था, लेकिन कॉल डिटेल रिकॉर्ड से पता चला कि उनका सिम पूरे दिन सक्रिय रहा और उन्होंने कई लोगों से बातचीत भी की।

**NBT सुरक्षा ऑडिट: सीनियर सिटिजंस की हिफाजत प्रमुखता**

# न्यू सरस्वती अपार्टमेंट में सुरक्षा के हैं पुख्ता इंतज़ाम

Photos: Surender Kumar



पुलिस टीम के साथ इलाके के स्थानीय लोगों ने मंगलवार को NBT सुरक्षा ऑडिट के तहत सोसायटी का जायजा लिया

■ शमसे आलम, नई दिल्ली

**रोहिणी कोर्ट** के पास पॉश एरिया में न्यू सरस्वती को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी के तहत 1989 में 155 फ्लैट बनाए गए थे। इनमें से 56 फ्लैट 2 बीएचके और 99 फ्लैट 3 बीएचके हैं। सभी फ्लैट फ्लोर वाइज बिक चुके हैं। एमआईजी थर्ड फ्लोर और एचआईजी सात मंजिला है। फिलहाल 145 फ्लैट में करीब 600 लोग रहते हैं, मैनेजमेंट कमिटी काफी सक्रिय है। इससे सोसायटी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रशांत विहार एसीपी रामफूल मीणा, SHO विवेकानंद और उनकी टीम के साथ मंगलवार को NBT सुरक्षा ऑडिट के तहत सोसायटी का जायजा लिया गया।

**NBT सुरक्षा कवच**
**मिलकर बनाएं दिल्ली को ज्यादा सेफ**

यहां दो गेट हैं। एक एंट्री तो दूसरा गेट सुरक्षा को देखते हुए बंद है। यहां छह सिक्यॉरिटी गार्ड, एक सुपरवाइजर और एक मैनेजर सुरक्षा में तैनात रहते हैं। प्रेजिडेंट सचिन शर्मा ने बताया कि पार्क प्लस ऐप के तहत सोसायटी की सभी गाड़ियां रजिस्टर्ड हैं। इन गाड़ियों के आते ऑटोमेटिक बूम बैरियर खुल जाता है, सोसायटी में कुल 17 कैमरे हैं, इनमें से एक नंबर प्लेट रीडर (एनपीआर) कैमरा है। एक्जिक्यूटिव मेंबर सुशील अग्रवाल ने बताया कि सोसायटी के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों से रेजिडेंट्स खुद को सुरक्षित महसूस करते ही हैं, साथ ही आसपास क्राइम होने पर पुलिस के लिए भी सीसीटीवी फुटेज कारगर साबित हो रही है। सोसायटी में अकेले रहने वाले सीनियर सिटिजंस की देखभाल खुद प्रेजिडेंट करते हैं। सोसायटी में दिन में 3 और रात को 3 गार्ड तैनात रहते हैं। सुपरवाइजर की निगरानी में रात में गार्ड अलग-अलग एरिया में खड़े रहते हैं।

सचिव उर्मिल जिंदल ने बताया कि सोसायटी में कोई भी बाहरी वेंडर्स की एंट्री नहीं है। पुलिस से वैरिफाइड धोबी, माली, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन सभी निर्धारित हैं, उन्हें ही सोसायटी में एंट्री दी जाती है। घरों में काम करने के लिए आने वालों का भी वेरिफिकेशन कराया जाता है और उनसे आधार कार्ड और पहचान पत्र लिए जाते हैं।

**145 फ्लैट** में करीब 600 लोग रहते हैं

**17 कैमरे** हैं सोसायटी में, इनमें से एक नंबर प्लेट रीडर (एनपीआर) कैमरा है

## मैनेजमेंट पदाधिकारी रखते हैं खयाल



**मैं इस सोसायटी में खुद को काफी सुरक्षित महसूस करती हूं। सोसायटी के अंदर बिजली, पानी, साफ-सफाई किसी तरह की कोई समस्या नहीं है।** *-शशि*



**मैं वरिष्ठ नागरिक हूं, अकेली रहती हूं, सोसायटी के अंदर मैनेजमेंट पदाधिकारी पूरा खयाल रखते हैं। सभी एक परिवार के तरह रहते हैं।** *- डॉ. वेद सेठ*



**सोसायटी में सभी की सुरक्षा का पूरा खयाल रखा जाता है। फायर सेफ्टी से लेकर CCTV कैमरे, ऐप बेस्ड लोगों की एंट्री हमें सेफ महसूस कराती है।** *- बिट्टू*



**सोसायटी में कोई भी बाहरी एंट्री नहीं कर सकता है, वैरिफिकेशन के बाद ही सोसायटी के अंदर आ सकता है, जो CCTV कैमरों के निगरानी में रहता है।** *-कमल सहगल*



**सभी वैरिफाइड कर्मचारी ही सोसायटी के अंदर मेंटिनेंस और अन्य काम के लिए आते हैं, इससे किसी भी तरह का कोई डर नही रहता है।** *- लोकेश शर्मा*



**सोसायटी के बाहर पेड़ों की टहनियां लटक रही हैं, ऐसे में स्ट्रीट लाइट्स की रोशनी सड़कों पर कम आती है। डार्क स्पॉट से हादसे का डर बना रहता है।** *-वीके सहगल*

# 20 लाख की रंगदारी नहीं देने पर की फायरिंग

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** लाडो सराय इलाके में सोमवार शाम बाइक सवार बदमाशों ने एक कारोबारी के घर के बाहर सात राउंड हवाई फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने कारोबारी से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। रकम नहीं मिलने पर बदमाशों ने डराने और दबाव बनाने के लिए फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

**एक संदिग्ध को पुलिस ने लिया हिरासत में**


पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। DCP अनंत मित्तल ने बताया कि मामले में आरोपियों की पहचान कर ली गई है। पुलिस के अनुसार, सोमवार शाम करीब पांच बजे बाइक पर सवार दो युवक लाडो सराय स्थित कारोबारी के घर के बाहर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एक युवक बाइक पर बैठा रहा, जबकि दूसरा नीचे उतरा और ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग शुरू कर दी।

# बच्ची से सेक्सुअल असॉल्ट, नाबालिग पड़ोसी को पकड़ा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** प्रेम नगर इलाके में सात साल की बच्ची के साथ सेक्सुअल असॉल्ट का मामला सामने आया है। जिसका आरोप पड़ोस में रहने वाले एक 17 साल के नाबालिग पर है। अचानक तबीयत खराब होने पर बच्ची को परिवार वाले अस्पताल लेकर गए, जहां इस बात की जानकारी मिली। परिवार वालों ने पुलिस से इसकी शिकायत की।

पीड़ित बच्ची के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी नाबालिग के खिलाफ रेप, धमकी देने और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले पर कार्रवाई करते हुए नाबालिग को पकड़कर बाल सुधार गृह भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक सात साल की बच्ची अपने परिजनों के साथ प्रेम नगर इलाके में रहती है और दूसरी क्लास में पढ़ती है। प्रेम नगर थाने में दर्ज प्राथमिकी में बच्ची ने बताया कि वह पड़ोस में रहने वाले एक घर में टीवी देखने के लिए जाती थी। करीब एक सप्ताह पहले गई तो नाबालिग अकेला था, जिसे वह भैया कहती थी। आरोप है कि लड़के ने बच्ची के साथ छेड़छाड़ की।


मनी म्यूल यानी वह व्यक्ति जो अवैध रूप से प्राप्त पैसों को किसी अन्य व्यक्ति की ओर से कहीं ट्रांसफर करता है या भेजता है।



**मनी म्यूल न बनें!**

**आपका बैंक खाता = आपकी पूंजी**

- पैसे ट्रांसफर करने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति को अपना बैंक खाता इस्तेमाल न करने दें।
- अगर कोई अन्य व्यक्ति आपके बैंक खाते के ज़रिए पैसा प्राप्त करता है या भेजता है तो आपको जेल हो सकती है।
- अपने बैंक खाते की जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड किसी को न बताएं।

**आपके खाते की सुरक्षा, आपकी सुरक्षा।**

**अवैध कमाई के जाल में न फंसें।**

अधिक जानकारी के लिए देखें https://rbikehtahai.rbi.org.in
अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर भेजें।
क्यूआर कोड स्कैन करें।
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नं. 99990 41935 / 99309 91935




जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in



आपत्काले रक्षिष्यामि
GIC Re

**जोखिमों का समाधान।**
**विकास का अभियान।**



सुनियोजित रणनीति और वैश्विक साझेदारियों के साथ, हमारे वित्तीय परिणाम बदलते जोखिम परिवेश में निरंतर वृद्धि और स्थायी मजबूती की कहानी कहते हैं।


| सकल प्रीमियम 31.03.2026 | सकल प्रीमियम 31.03.2025 | कर पश्चात लाभ/(हानि) 31.03.2026 | कर पश्चात लाभ/(हानि) 31.03.2025 | कुल परिसंपत्तियाँ 31.03.2026 | कुल परिसंपत्तियाँ 31.03.2025 | कुल संपत्ति (एफवी के साथ) 31.03.2026 | कुल संपत्ति (एफवी के साथ) 31.03.2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 44,007 (₹ करोड़ों में) | 41,154 (₹ करोड़ों में) | 8,392 (₹ करोड़ों में) | 6,701 (₹ करोड़ों में) | 1,97,221 (₹ करोड़ों में) | 1,87,616 (₹ करोड़ों में) | 84,030 (₹ करोड़ों में) | 83,224 (₹ करोड़ों में) |

**राजस्व खाता** ₹ लाखों में

| विवरण | 31.03.2026 को समाप्त वर्ष के लिए | | | | 31.03.2025 को समाप्त वर्ष के लिए | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आग | विविध | समुद्री | जीवन | आग | विविध | समुद्री | जीवन |
| अर्जित प्रीमियम (शुद्ध) | 11,86,649 | 24,26,857 | 96,745 | 2,27,584 | 11,33,478 | 21,59,070 | 1,13,156 | 2,07,323 |
| निवेशों की बिक्री/मोचन पर लाभ/(हानि) | 1,00,446 | 1,49,642 | 10,323 | 9,851 | 1,04,554 | 1,54,577 | 12,972 | 7,494 |
| ब्याज, लाभांश और किराया - सकल* (नोट 1) | 2,19,665 | 3,27,251 | 22,575 | 21,543 | 2,21,299 | 3,27,178 | 27,458 | 15,863 |
| विदेशी मुद्रा लाभ/(हानि) | 30,861 | 50,140 | 3,447 | 6,483 | 5,244 | 7,719 | 646 | 750 |
| **कुल (A)** | **15,37,621** | **29,53,890** | **1,33,089** | **2,65,461** | **14,64,575** | **26,48,544** | **1,54,232** | **2,31,430** |
| दावों का भुगतान (शुद्ध) | 8,76,124 | 21,09,142 | 67,724 | 3,09,776 | 9,64,126 | 18,03,478 | 1,37,360 | 2,90,405 |
| कमीशन (शुद्ध) | 2,98,117 | 4,80,651 | 16,056 | 2,379 | 2,78,562 | 4,37,498 | 19,737 | 1,457 |
| बीमा व्यवसाय से संबंधित परिचालन व्यय | 12,116 | 24,543 | 882 | 1,785 | 11,213 | 20,296 | 677 | 1,500 |
| प्रीमियम की कमी | - | - | - | 5,771 | - | - | - | (3,762) |
| **कुल (B)** | **11,86,357** | **26,14,336** | **84,662** | **3,19,711** | **12,53,901** | **22,61,272** | **1,57,774** | **2,89,600** |
| **व्यवसाय से परिचालन लाभ / (हानि) C = (A-B)** | **3,51,264** | **3,39,554** | **48,428** | **(54,250)** | **2,10,674** | **3,87,272** | **(3,542)** | **(58,170)** |
| **विनियोग** | | | | | | | | |
| शेयरधारकों के खाते में हस्तांतरण | 3,16,138 | 3,05,599 | 43,585 | (54,250) | 1,89,607 | 3,48,546 | (3,542) | (58,170) |
| आपदा आरक्षित निधि में हस्तांतरण | 35,126 | 33,955 | 4,843 | - | 21,067 | 38,726 | - | - |
| **कुल (C)** | **3,51,264** | **3,39,554** | **48,428** | **(54,250)** | **2,10,674** | **3,87,272** | **(3,542)** | **(58,170)** |

**तुलन पत्र** ₹ लाखों में

| विवरण | | पूर्ण समाप्त वर्ष 31.03.2026 | पूर्ण समाप्त वर्ष 31.03.2025 |
|---|---|---|---|
| **निधियों के स्रोत** | | | |
| शेयर पूंजी | | 87,720 | 87,720 |
| आरक्षित निधि और अधिशेष | | 52,86,131 | 43,92,732 |
| उचित मूल्य परिवर्तन खाता | | | |
| शेयरधारक निधि | | 11,16,461 | 12,81,790 |
| पॉलिसीधारक निधि | | 21,56,368 | 27,29,991 |
| **कुल** | | **86,46,680** | **84,92,233** |
| **निधियों का उपयोग** | | | |
| निवेश - शेयरधारक | | 48,68,376 | 44,72,858 |
| निवेश - पॉलिसीधारक | | 92,24,457 | 93,34,516 |
| ऋण | | 12,519 | 13,728 |
| स्थायी संपत्तियाँ | | 29,736 | 29,541 |
| स्थगित कर संपत्ति | | 1,04,300 | 69,333 |
| चालू संपत्तियाँ: | | | - |
| नकद और बैंक शेष | 27,79,122 | | 24,63,755 |
| अग्रिम और अन्य संपत्तियाँ | 27,03,582 | | 23,77,842 |
| **उप-योग (A)** | **54,82,704** | | **48,41,597** |
| स्थगित कर दायित्व (शुद्ध) | - | | 4 |
| चालू दायित्व | 89,88,687 | | 83,23,306 |
| प्रावधान | 20,86,725 | | 19,46,031 |
| **उप-योग (B)** | **110,75,412** | | **102,69,341** |
| **शुद्ध चालू संपत्तियाँ (C)=(A-B)** | | **(55,92,708)** | **(54,27,743)** |
| विविध व्यय | | - | - |
| **कुल** | | **86,46,680** | **84,92,233** |
| **आकस्मिक दायित्व** | | - | - |

**गैर-जीवन बीमा कंपनियों के लिए प्रमुख विश्लेषणात्मक अनुपात**

| क्रम संख्या | विवरण | पूर्ण समाप्त वर्ष 31.03.2026 | पूर्ण समाप्त वर्ष 31.03.2025 |
|---|---|---|---|
| 1 | सकल प्रीमियम वृद्धि दर | 6.93 | 10.70 |
| 2 | सकल प्रीमियम और शेयरधारक निधि अनुपात | 85.78 | 95.47 |
| 3 | शेयरधारकों की निधि का वृद्धि दर | 19.01 | 14.70 |
| 4 | शुद्ध प्रतिधारण अनुपात | 92.19 | 91.96 |
| 5 | शुद्ध कमीशन अनुपात | 19.65 | 19.48 |
| 6 | प्रबंधन व्यय और सकल प्रीमियम अनुपात | 0.89 | 0.82 |
| 7 | संयुक्त अनुपात | 106.02 | 108.81 |
| 8 | तकनीकी रिज़र्व और शुद्ध प्रीमियम का अनुपात | 260.86 | 259.21 |
| 9 | अंडरराइटिंग शेष अनुपात | (4.35) | (8.88) |
| 10 | परिचालन लाभ अनुपात | 16.88 | 12.59 |
| 11 | तरल संपत्ति और देनदारियों का अनुपात | 36.06 | 35.93 |
| 12 | शुद्ध आय अनुपात | 20.69 | 17.71 |
| 13 | शुद्ध संपत्ति पर रिटर्न | 21.81 | 15.55 |
| 14 | उपलब्ध शोधन क्षमता मार्जिन (ASM) और आवश्यक शोधन क्षमता मार्जिन का अनुपात | 4.21 | 3.70 |
| 15 | एनपीए अनुपात | | |
| 16 | सकल एनपीए अनुपात | 0.97 | 1.13 |
| 17 | शुद्ध एनपीए अनुपात | - | - |

**लाभ और हानि** ₹ लाखों में

| क्रम संख्या | विवरण | समाप्त वर्ष के लिए 31.03.2026 | समाप्त वर्ष के लिए 31.03.2025 |
|---|---|---|---|
| 1 | **परिचालन लाभ/(हानि)** | | |
| | (a) अग्नि बीमा | 3,16,138 | 1,89,607 |
| | (b) समुद्री बीमा | 43,585 | (3,542) |
| | (c) विविध बीमा | 3,05,599 | 3,48,546 |
| | (d) जीवन बीमा | (54,250) | (58,170) |
| 2 | **निवेशों से आय** | | |
| | (a) ब्याज, लाभांश और किराया - सकल | 3,07,708 | 2,74,579 |
| | (b) निवेशों की बिक्री पर लाभ | 1,39,929 | 1,31,277 |
| 3 | **अन्य आय:** | | |
| | (a) विदेशी मुद्रा लाभ/(हानि) | 46,730 | 6,549 |
| | (b) संपत्तियों की बिक्री पर लाभ (शुद्ध) | - | - |
| | (c) आयकर वापसी पर ब्याज | - | 208 |
| | (d) (प्रावधान) / संदिग्ध ऋणों और निवेशों की वापसी | 1,994 | 11,319 |
| | (e) विविध प्राप्तियां | 550 | 452 |
| | **कुल (A)** | **11,07,983** | **9,00,825** |
| 4 | **प्रावधान (कराधान के अलावा)** | | |
| | (a) निवेशों के मूल्य में कमी | 1,668 | 6,372 |
| | (b) संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान/(वापसी) | 10,855 | 5,447 |
| | (c) निवेशों पर प्रीमियम का परिशोधन | 2,026 | 1,664 |
| 5 | **अन्य व्यय:** | | |
| | (a) बीमा व्यवसाय से संबंधित व्ययों के अलावा अन्य व्यय | | |
| | संपत्तियों की बिक्री पर (लाभ)/हानि (शुद्ध) | 50 | 36 |
| | (b) अशोध्य ऋण अपलिखित/(वापस) (शुद्ध) | (13) | 44 |
| | (c) CSR गतिविधियों की ओर व्यय | 13,578 | 10,586 |
| | (d) अन्य: आय/वस्तु एवं सेवा कर पर ब्याज | 493 | 112 |
| | **कुल (B)** | **28,657** | **24,261** |
| | कर-पूर्व लाभ | 10,79,325 | 8,76,564 |
| | कराधान के लिए प्रावधान: | | |
| | चालू कर | 2,70,543 | 2,07,054 |
| | स्थगित कर | (34,906) | (882) |
| | पिछले वर्षों के संबंध में कर के लिए प्रावधान | 4,470 | 256 |
| | **कर-पश्चात लाभ** | **8,39,218** | **6,70,136** |
| | **विनियोजन** | | |
| | (a) वर्ष के दौरान भुगतान किया गया अंतरिम लाभांश | - | - |
| | (b) भुगतान किया गया अंतिम लाभांश | 1,75,440 | 1,75,440 |
| | (c) लाभांश वितरण कर | - | - |
| | (d) सामान्य आरक्षित निधि में हस्तांतरण | - | - |
| | पिछले साल का बचा हुआ लाभ (जो इस साल में जोड़ा गया) | 22,26,862 | 17,32,166 |
| | अगले वर्ष के लिए बचाकर रखा गया लाभ | 28,90,640 | 22,26,862 |
| | **मूल और तनु प्रति शेयर आय** | **47.84** | **38.20** |

**नोट्स:**

1. यह सार्वजनिक प्रकटीकरण, बीमाकर्ताओं द्वारा सार्वजनिक प्रकटीकरण के संबंध में IRDAI के परिपत्र संख्या IRDA/F&A/CIR/MISC/256/09/2024, दिनांक 30 सितंबर 2021 के अनुसार किया गया है।
2. विश्लेषणात्मक अनुपातों की गणना, बीमाकर्ताओं के एक्चुअरियल, वित्त और निवेश कार्यों पर IRDA के मास्टर परिपत्र, दिनांक 17 मई 2024 में दी गई परिभाषा के अनुसार की गई है।
3. उपर्युक्त वित्तीय परिणामों का अंकेक्षण निगम के संयुक्त अंकेक्षकों द्वारा किया गया है; साथ ही, अंकेक्षण समिति द्वारा इनकी अनुशंसा की गई और मुंबई में दिनांक 26/05/2026 को आयोजित अपनी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा इन्हें अनुमोदित किया गया।

स्थान: मुंबई
दिनांक 26/05/2026

**जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया की ओर से और उनके लिए**
**हितेश जोशी**
**कार्यकारी निदेशक (अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार)**
**DIN: 09322218**


आपत्काले रक्षिष्यामि
GIC Re
**General Insurance Corporation of India**
**भारतीय साधारण बीमा निगम**
"सुरक्षा", 170, जमशेदजी टाटा रोड, चर्चगेट, मुंबई – 400020, भारत, टेलीफोन: +91 022 – 22867000 ई–मेल: info@gicre.in

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMMK8 User: cci Time: 06-02-2026 23:10 Color:



# बिखराव के बीच एकजुटता की कवायद, 8 जून को I.N.D.I.A. की बैठक संभव

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बाद बदले राजनीतिक हालात के बीच विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A एक बार फिर खुद को एकजुट दिखाने की कोशिश में जुट गया है।

सूत्रों के मुताबिक, गठबंधन की अहम बैठक 8 जून को हो सकती है। अगर यह बैठक होती है तो डीएमके के गठबंधन से बाहर होने के बाद पहली बार विपक्षी दल एक साथ बैठेंगे। इस बैठक का सबसे बड़ा मकसद बीजेपी के खिलाफ साझा रणनीति बनाना और गठबंधन में उभर रही दरारों को भरना माना जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि बैठक को लेकर अभी औपचारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन विपक्षी दलों के बीच अनौपचारिक बातचीत चल रही है।



File
कुछ दलों का कहना है कि कांग्रेस अभी सीधे संपर्क नहीं कर रही है।

■ डीएमके के अलग होने, टीएमसी की कमजोर स्थिति और परिसीमन बिल के खतरे के बीच विपक्ष फिर से साधेगा एकता का सुर।

■ इस बैठक का सबसे बड़ा मकसद बीजेपी के खिलाफ साझा रणनीति बनाना और गठबंधन में उभर रही दरारों को भरना माना जा रहा है।

दिलचस्प बात यह है कि कुछ दलों का कहना है कि कांग्रेस की तरफ से अभी तक सीधे संपर्क नहीं किया गया है, जबकि तृणमूल कांग्रेस सक्रिय रूप से सहयोगी दलों से बातचीत कर रही है।

# अन्नामलाई ने BJP अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा, 6 से 8 महीने में नई पार्टी की तैयारी


PTI
अन्नामलाई ने दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की।

■ NBT रिपोर्ट

तमिलनाडु बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने मंगलवार को नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी.एल. संतोष से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंप दिया। TOI के मुताबिक, अन्नामलाई ने हाल ही में हुए तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में बीजेपी के प्रदर्शन का विवरण देते हुए 5 पन्नों का नोट भी सौंपा। इन बैठकों के बाद उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

पूर्व आईपीएस अधिकारी अन्नामलाई कथित तौर पर एक नई क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिसका दृष्टिकोण धर्मनिरपेक्ष और तमिल-प्रथम बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, यह नई पार्टी अगले 6 से 8 महीनों में लॉन्च की जा सकती है।

### BJP में अन्नामलाई क्यों असंतुष्ट थे?

सूत्रों के मुताबिक, अन्नामलाई बीजेपी द्वारा AIADMK के साथ फिर से गठबंधन करने और विधानसभा चुनावों से पहले उम्मीदवार चयन के कुछ पहलुओं से असंतुष्ट थे। माना जाता है कि अन्नामलाई का तर्क था कि बीजेपी को गठबंधनों पर निर्भर रहने के बजाय राज्य में अपनी स्वतंत्र संगठनात्मक ताकत बनाने पर ध्यान देना चाहिए। हालांकि, राष्ट्रीय नेतृत्व ने व्यापक एंटी-डीएमके रणनीति को प्राथमिकता दी।

# TMC से हटाए गए नेता का दावा, हमारे साथ 50 MLA

## कहा- हम असली तृणमूल, हमें मिले यह चुनाव चिह्न

■ आईएएनएस, कोलकाता

पश्चिम बंगाल में TMC में जारी अंदरूनी संकट के बीच पार्टी से सस्पेंड नेता रिजू दत्ता ने दावा किया है कि 80 में से 50 विधायक अलग गुट बना सकते हैं। दत्ता ने कहा कि ये सभी विधायक स्पीकर के पास जाएंगे और 3 मुद्दे उठाएंगे। पहला- हम ही 'असली तृणमूल कांग्रेस' हैं। दूसरा- विपक्ष के नेता ऋतब्रत बनर्जी होंगे। तीसरा- हमारे पास दो-तिहाई बहुमत है, इसलिए चुनाव चिह्न हमारा होना चाहिए।

बंगाल में TMC के 80 विधायक हैं। नए गुट को मान्यता के लिए दो-तिहाई यानी 54 विधायकों की जरूरत होगी। इससे कम विधायक होने पर स्पीकर नए गुट को मान्यता नहीं देंगे। टूट का दावा करने वाले रिजू दत्ता विधायक नहीं हैं। सोमवार को TMC से निकाले गए दो विधायकों संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी ने कोलकाता के MLA हॉस्टल में TMC के कई विधायकों के साथ मीटिंग की। इसमें ममता के कई खास विधायक भी शामिल हुए।रिजू दत्ता ने कहा कि सोमवार दोपहर कथित तौर पर करीब 50 विधायकों की बैठक हुई थी। यह बैठक कुछ नेताओं की मौजूदगी में या फिर फोन के जरिए की गई। इस बैठक का नेतृत्व हाल में पार्टी से निष्कासित विधायक ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा ने किया।


PTI
TMC नेताओं पर हमले के विरोध में पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी सड़क पर उतरीं। CM शुभेंदु ने कहा, TMC के चंद नेता ही ममता के धरने में पहुंचे।

### BJP के समिक ने कहा, तृणमूलाइजेशन नहीं...

पश्चिम बंगाल के प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के बागी विधायकों को बीजेपी में शामिल नहीं किया जाएगा। बीजेपी का तृणमूलाइजेशन कभी नहीं होगा। टीएमसी के लिए हमारे दरवाजे बंद हैं। हमने बिना किसी बाहरी नेता को लाए 207 सीटें हासिल कीं। जनता ने टीएमसी नेताओं के खिलाफ मतदान किया। इस बार हमारी राजनीतिक रणनीति निचले स्तर से शुरू हुई है। दागी लोगों को हम अपनी पार्टी में कैसे शामिल कर सकते हैं? बीजेपी का तृणमूलकरण कभी नहीं होगा।

TMC ने सोमवार को इन दोनों विधायकों को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित कर दिया था।

**तृणमूल एकजुटता की कोशिश में :** TMC नेताओं ने पार्टी में एकजुटता बनाए रखने की अपील शुरू कर दी है। पार्टी नेता कुणाल घोष ने विधायकों से कहा है कि वे एकजुट रहें और ऋतब्रत बनर्जी की बातों में न आएं। इस पूरे विवाद की शुरुआत उस समय हुई जब बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि विधानसभा में कथित हस्ताक्षर जालसाजी मामले की शिकायत ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा ने ही की थी। इसके बाद मामला सीआईडी जांच तक पहुंच गया।

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाईट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171
ircon

ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस

1. ई-प्रोक्योरमेंट संख्या : IRCON/ELECT/5040/RE NFR PKG 2/OT-AMC/1B/I दिनांक : 29.05.2026
इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की ओर से "नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे की लामडिंग डिवीजन की नई कमीशन की गई ओएचई एवं पीएसआई परिसम्पत्तियों के छः (06) अदद ओएचई डिपो के अंतर्गत टीआरडी मेंटीनेंस और ब्रेकडाउन अटेंशन कार्य की आउटसोर्सिंग" के कार्य के लिए निविदादाताओं से दो पैकेट प्रणाली में ई-खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत सभी करों, प्रभारों, लेवी एवं जीएसटी @18% सहित | रु. 13,51,31,846/- |
| ई-बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 18.06.2026 को 15:00 बजे |

2. ई-प्रोक्योरमेंट संख्या : IRCON/ELECT/5040/RE NFR PKG 2/OT-AMC/1B/II दिनांक : 29.05.2026
इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की ओर से "नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे की लामडिंग डिवीजन की नई कमीशन की गई ओएचई एवं पीएसआई परिसम्पत्तियों के पाँच (05) अदद ओएचई डिपो के अंतर्गत टीआरडी मेंटीनेंस और ब्रेकडाउन अटेंशन कार्य की आउटसोर्सिंग" के कार्य के लिए निविदादाताओं से दो पैकेट प्रणाली में ई-खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत सभी करों, प्रभारों, लेवी एवं जीएसटी @18% सहित | रु. 11,97,73,752/- |
| ई-बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 18.06.2026 को 15:00 बजे |

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app देखें। शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
मुख्य महाप्रबंधक/विद्युत/पीएच,
म. नं.-27, वार्ड नं. 25, तारापुर, चाँदमनी रोड, सिलचर-असम पिन 788003

पूर्वोत्तर रेलवे
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
क्रम सं0 1:- ई-निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरण: टेण्डर नं.- "05-जीकेपी-एमडब्लूएस-2026-27" "कन्वर्जन आफ कन्वेन्शनल आईसीएफ कोचेज टू ऑटोमोबाईल कैरियर ब्रेक वैन क्वान्टिटी 15 नम्बर्स कोचेज सैंक्संड अंडर पीएच-21 वाईड आरएसपी (बीओ) डब्ल्यूबी आइटम नंबर-797/25-26 - एलोकेशन -कैप फार जीकेपीएस/एनईआर" अनुमानित लागत (रू0में): ₹ 2,10,45,000.00, धरोहर राशि (रू0में): ₹ 4,20,900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य:- रू शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 23.06.2026, 11.00 बजे, संविदा की अवधि: 12 माह।
उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखे।
उप मुख्य यात्रिक इंजी./कार्य, यांत्रिक मुजाधि/यांत्रिक-31 कारखाना, गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
OFFICE OF THE RESIDENT COMMISSIONER
NEW JHARKHAND BHAWAN
BANGLA SAHIB ROAD
NEW DELHI-110001

1. Resident Commissioner, Government of Jharkhand, Jharkhand Bhawan, New Delhi invites e-tenders from reputed tenderers having minimum 4 years' experience in fleet operation in any Government Organization (Central/State/PSU/PSE/Autonomous body) of which at least 3 years in any state bhawan located in Delhi.
e- tenders with two bid system (Technical Bid & Financial Bid) are invited from reputed bidders for supply of A/C taxis of various types on hire basis for use of Jharkhand Bhawan, Vasant Vihar, New Delhi and New Jharkhand Bhawan, Bangla Sahib Road, New Delhi
2. Date of issue of Tender notice in website- 08.06.2026
3. Bid Submission start date & time - 11.06.2026 10.00 A.M
4. Bid Submission end date & time 29.06.2026 06.00 P.M
5. Date & Time of opening of technical bid 02.07.2026 11.00 A.M
6. Date & Time of opening of financial bid -To be notified after evaluation of technical bid is completed.
Details & tender document can be downloaded from website-jharkhandtenders.gov.in
Valid MSMEs will be given relaxation as per existent rules.
Sd/-
Chief Administrative Officer
Jharkhand Bhawan, New Delhi
PR 381283 Cabinet (26-27)_D

नौएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर, (उ.प्र.)
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट www.noidaauthorityonline.in एवं UPLC की वेबसाईट http://etender.up.nic.in. पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट देखते रहें।
(क)
1. 07/एस०एम०(जल-बा०सं०)/2026-27, 33 एम०एल०डी० एस०टी०पी० (एस०बी०आर० टेक्नोलॉजी आधारित) के कोर पार्ट्स जैसे-डिकैन्टर कोर पार्ट, डिफ्यूजर, पी०एल०सी०, स्काडा एवं संबंधित कार्यो का संचालन एवं अनुरक्षण (मेन्टीनेन्स) तथा सैक्टर-54, नौएडा स्थित मौजूदा एस०टी०पी० के कोर पार्ट्स के नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (एम०पी०एस० सहित) (भाग -सी)। लागत रू० 2092.20 लाख
2. 08/एस०एम०(जल-बा०सं०)/2026-27, 25 एम०एल०डी० एस०टी०पी० (एस०बी०आर० टेक्नोलॉजी आधारित) के कोर पार्ट्स जैसे-डिकैन्टर कोर पार्ट, डिफ्यूजर, पी०एल०सी०, स्काडा एवं संबंधित कार्यो का संचालन एवं अनुरक्षण (मेन्टीनेन्स) तथा सैक्टर-50, नौएडा स्थित मौजूदा एस०टी०पी० के कोर पार्टस के नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (एम०पी०एस० सहित) (भाग-बी)। लागत रू० 1969.37 लाख
3. 09/एस०एम०(जल-बा०सं०)/2026-27, 50 एम०एल०डी० एस०टी०पी० (एस०बी०आर० टेक्नोलॉजी आधारित) के कोर पार्ट्स जैसे- डिकैन्टर कोर पार्ट, डिफ्यूजर, पी०एल०सी०, स्काडा एवं संबंधित कार्यो का संचालन एवं अनुरक्षण (मेन्टीनेन्स) तथा सैक्टर-168, नौएडा स्थित मौजूदा एस०टी०पी० के कोर पार्ट्स के नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (एम०पी०एस० सहित) (भाग-ए)। लागत रू० 2464.61 लाख
4. 10/एस०एम०(जल-बा०सं०)/2026-27, 35 एम०एल०डी० एस०टी०पी० (एस०बी०आर० टेक्नोलॉजी आधारित) के कोर पार्ट्स जैसे- डिकैन्टर कोर पार्ट, डिफ्यूजर, पी०एल०सी०, स्काडा एवं संबंधित कार्यो का संचालन एवं अनुरक्षण (मेन्टीनेन्स) तथा सैक्टर-123, नौएडा स्थित मौजूदा एस०टी०पी० के कोर पार्ट्स के नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (एम०पी०एस० सहित) (भाग-डी)। लागत रू० 2045.36 लाख
जिन्हे दिनांक:- 16.06.2026 को सांय 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक:- 17.06.2026 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।
कार्यालय सैक्टर-5
महाप्रबंधक (जल) नौएडा
स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसका नामः नामालूम पुत्र नामालूम निवासी नामालूम आयुः लगभग 55-60 वर्ष, कदः 5.2 फुट, रंगः सांवला, दिनांक 22.05.2026 को पीरागढ़ी स्थित फ्लाईओवर के पास, दिल्ली मृत अवस्था में पाया गया था। इस संदर्भ में डी.डी. सं. 153ए दिनांक 22.05.2026 थाना पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली में दर्ज है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-
थानाध्यक्षः
थाना पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली
DP/7247/OD/2026 दूरभाष सं.: 7056727376

पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी उम्रः लगभग 30-35 वर्ष, कदः 5'5", रंगः सांवला, शारीरिक बनावटः सामान्य, चेहराः लंबा, बालों का रंगः काला, दाढ़ी एवं मूंछः काली, जिसने नीले रंग की टी-शर्ट और धारीदार काले रंग का लोअर पहना था। जो दिनांक 28.05.2026 को ठोकर नंबर 8, आशिता पार्क, लक्ष्मी नगर, दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया। इस संदर्भ में डीडी संख्या 79A दिनांक 28.05.2026, धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत मामला थाना लक्ष्मी नगर, दिल्ली में दर्ज किया गया है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।
थानाध्यक्ष
थाना लक्ष्मी नगर, दिल्ली
DP/7317/ED/2026 फोनः 011-22542992, 8750870622

गुमशुदा की तलाश


सुनीता

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नामः सुनीता पुत्रीः राजिंदर पताः 431, बी-ब्लॉक, पांडव नगर, दिल्ली, लिंगः महिला, उम्रः 17 वर्ष कदः 5' रंगः गोरा पहनावाः काले रंग की शर्ट, नीले रंग की जींस और पैरों में सफ़ेद रंग के जूते पहन रखी है। जो दिनांक 27.05.2026 से 431, बी-ब्लॉक, पांडव नगर, दिल्ली, थाना क्षेत्र रणजीत नगर, दिल्ली, से लापता है।
इस बावत FIR No 196/26, दिनांकः 27.05.2026 थानाः रणजीत नगर, दिल्ली, में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई-मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
DP/7346/CD/2026
थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः रणजीत नगर, दिल्ली
मो. नं. 9220760436, 8920447143

पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, पताः अज्ञात जोकि दिनांक 30.05.2026 को फुटपाथ मजनू का टीला, दिल्ली के पास पुलिस थाना तिमारपुर, उत्तरी जिले, के क्षेत्र में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में DD No. 49 A, दिनांक 30.05.2026 पुलिस थाना तिमारपुर, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। मृत शरीर को पहचान के लिए सब्जी मंडी शवगृह में सुरक्षित रखवाया गया है। नीचे अज्ञात व्यक्ति की पहचान दी गई है:
नामः अज्ञात, उम्रः करीब 40 वर्ष, कदः 5'6'', रंगः गेहुँआ, शरीरः पतला, चेहराः गोल, पहनावाः नीले रंग की टी-शर्ट और भूरे रंग का लोअर।
अगर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।
थाना प्रभारी
पुलिस थाना तिमारपुर, दिल्ली
DP/7274/N/2026 फोनः 8750870130, 9560484630

गुमशुदा / अपहृत की तलाश


ज्योति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला, जिसका नामः ज्योति, पत्नीः संजीव, पताः RZ-669/38 गली नं. 19 साध नगर, पालम गांव, नई दिल्ली, लिंगः स्त्री, उम्रः करीब 19 वर्ष, कदः 4फीट 6इंच, रंगः गेहुंआ, चेहराः गोल, आंखेंः नॉर्मल काली, शरीरः मीडियम, पहनावाः नीले रंग की कमीज और लाल रंग की सलवार और पैरों में स्लीपर पहने हुए, और जो दिनांक 26.04.2026 से अपने निवास स्थान और थानाः पालम गांव, नई दिल्ली, के क्षेत्राधिकार से गुमशुदा है। इस संदर्भ में गुमशुदगी रिपोर्ट, DD No. 110A, दिनांकः 27.04.2026, थानाः पालम गांव, नई दिल्ली, में दर्ज है।
पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो कृपया निम्नलिखित पते पर सूचित करें।
ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641
DP/6448/SW/2026
थाना प्रभारी
थानाः पालम गांव, नई दिल्ली
फोन :7065036227

# 'कॉकरोच' के प्रदर्शन में शामिल होंगे वांगचुक

■ NBT रिपोर्ट नई दिल्लीः कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने मंगलवार को ऐलान किया कि सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक 6 जून को होने वाले उनके विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। यह प्रदर्शन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर आयोजित किया जा रहा है।

सीजेपी ने एक्स पर कहा कि मशहूर शिक्षाविद और रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता सोनम वांगचुक शांतिपूर्ण प्रदर्शन में भाग लेंगे। वांगचुक ने भी अपनी भागीदारी की पुष्टि करते हुए कहा कि अगर 5 जून तक स्थिति में कोई बदलाव नहीं होता है तो वह 6 जून को दिल्ली में प्रदर्शन में शामिल होंगे। वांगचुक इससे पहले भी सीजेपी के अभियान के प्रति समर्थन जता चुके हैं।


सोनम वांगचुक

GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE

| SR. No. | NAME OF BOARD/ CORP./ AUTH | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE | AMOUNT/ EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/ CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MUNICIPAL CORPORATION, MANESAR | SELECTION OF AGENCY FOR MECHANIZED AND MANUAL SWEEPING OF ROADS IN MUNICIPAL CORPORATION MANESAR | 13.05.2026 05.06.2026 | Rs. 1,07,02,73,490/- | https://etenders.hry.nic.in | 8053494965 eesbm-mcmanesar@outlook.com |
| 2 | MUNICIPAL CORPORATION, MANESAR | SELECTION OF AGENCY FOR PROCESSING OF DAILY GENERATED MUNICIPAL SOLID WASTE IN MC MANESAR | 27.05.2026 19.06.2026 | Rs. 15,34,50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8053494965 eesbm-mcmanesar@outlook.com |

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in RO 45805

रेशम संचालनालय म.प्र.
लोअर बेसमेन्ट, सतपुड़ा भवन, भोपाल
seribpl@mp.nic.in
No 4//0017/2026-EXTN-MPDSC/921 भोपाल, दिनांक 27/05/2026
प्रेस-विज्ञप्ति
"रिसर्च, कंटेंट डेवलपमेंट, फोटोग्राफी, डिज़ाइन, प्रिंटिंग और कॉफी टेबल बुक की सप्लाई" रिसर्च, कंटेंट डेवलपमेंट, फोटोग्राफी, डिज़ाइन, प्रिंटिंग और कॉफी टेबल बुक की सप्लााई (Research, Content Development, Photography, Design, Printing & Supply of Coffee Table Book) की निविदा का प्रकाशन https:/mptenders.gov.in/nicgep/app पर किया गया है। निविदा में भाग लेने की अंतिम तिथि 16/06/2026 सायं 5 बजे तक है।
(शरद श्रीवास्तव)
सहायक सचालक
"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार" G-13764/26

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

PUBLIC NOTICE
I, Dharminder Singh, son of Late Indar Singh resident of 111, Jasminium 1, Vatika City, Gurgaon, Haryana , hereby inform the general public that my wife, Mrs. Irvinder Kaur, owner of Property No.111, Jasminium 1, Vatika City, Gurgaon, Haryana ("Property") expired on 31 May 2022 and I am entitled to have the Property mutated in my name in the records of Municipal Corporation Gurugram (MCG), on the basis of the Will left by my wife. Any person having any objection, claim, right, title or interest in respect of the Property or its mutation in my name, may submit objections (if any), along with supporting documents to the undersigned within 30 days from publication of this notice, failing which I shall proceed to apply to MCG for mutation of the Property in my name.
Sd/-
Dharminder Singh,
111, Jasminium 1, Vatika City, Gurgaon, Haryana, # 9311361697

निविदाएं (टेंडर्स)

TENDER NOTICE
Om Satyam CGHS Ltd., Plot-13, Sector 04, Dwarka, New Delhi-110078 invites Sealed tenders from experienced contractors for the following work. Construction / Repair of Rain Water Harvesting System including recharge pits, borewell, filtration chambers, piping and allied civil works. Eligibility: Experience in RWH / civil works. Details of (atleast five) previous similar work completion in Dwarka ranging between 5-15 Lakhs. Tender Fee:₹ 100 EMD:₹ 20,000/-Last Date of Submission:21/6/26 Contact: Society Office, Dwarka for tender document. Technical bid amount financial bid (including GST) to be deposited in separate sealed envelopes. Society reserves the right to accept/reject any or all tenders.

TENDER NOTICE
The Free Church, 10 Sansad Marg, New Delhi, invites bids from specialised agencies with clear records for conservation of roofs/ buildings. The interested specialised agency may collect the bid document from Free Church, 10 Sansad Marg, New Delhi, between 11:00 am and 5:00 pm, until 8th June 2026. The quotation is to be submitted to The Presbyter-In-Charge at the same address in a sealed envelope by 12th June 2026. The specialised agency must submit completion certificates from the last 3 years and should have an average annual turnover of Rs. 4.5 crores for the last three years within the field of built heritage conservation.**An EMD equal to 5% of the total project cost is to be deposited by the specialised agency at the time of the Letter of Award.
Sd/-
Presbyter in Charge.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अच्छे लोग, अच्छा बैंक Union Bank of India Good people to bank with
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्रापण विभाग, प्रथम तल,
यूनियन बैंक भवन, 239,
विधान भवन मार्ग,
नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021
कर्ज़ पूंजी / दीर्घकालीन बॉन्ड तथा ग्रीन बॉन्ड जारी करने हेतु मध्यवर्तियों को सूचीबद्ध करने के लिए निविदा
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कर्ज़ पूंजी / दीर्घकालीन बॉन्ड तथा ग्रीन बॉन्ड जारी करने हेतु मध्यवर्तियों को सूचीबद्ध करने के लिए निविदा के लिए प्रस्ताव (Offers) आमंत्रित करता है। विस्तृत जानकारी एवं निविदा दस्तावेज बैंक की वेबसाइट [www.unionbankofindia.bank.in] तथा सीपीपी पोर्टल [www.eprocure.gov.in] पर उपलब्ध हैं। निर्धारित प्रारूप में प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25.06.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक है।
बैंक बिना कोई कारण बताए कोई या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
उप महाप्रबंधक

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक
एएसएम की नियुक्ति हेतु आवेदन
पंजाब नेशनल बैंक, एलसीबी, डीसीएम बिल्डिंग, नई दिल्ली, सामान्य क्षेत्र के अंतर्गत एक खाते में एएसएम (विशेष निगरानी एजेंसी) की नियुक्ति हेतु दिल्ली में आईबीए द्वारा अनुमोदित सूचीबद्ध एजेंसियों से निविदा आमंत्रित करता है। विस्तृत प्रक्रिया बैंक की वेबसाइट www.pnb.bank.in पर निविदा/सूची अनुभाग में उपलब्ध है।
तकनीकी एवं वित्तीय बोलियां 15/06/2026 तक पंजाब नेशनल बैंक, एलसीबी डीसीएम बिल्डिंग, 8वीं मंजिल, डीसीएम बिल्डिंग, बाराखंबा रोड, नई दिल्ली 110 001 को स्पीड पोस्ट/कूरियर/बैंकिंग घंटों के दौरान हाथ से जमा की जानी चाहिए।
पार्सल प्राप्त न होने या डाक में देरी होने के लिए बैंक किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
उप. महाप्रबंधक

LARSEN & TOUBRO LTD.
32, Shivaji Marg, Near Moti Nagar, New Delhi 110015
Old and used but in working conditions, office furniture, office equipment, and E-waste materials are available for sale. For bidding for E waste materials holding concerned valid licenses is mandatory. For further information, please contact us. Immediate delivery shall be on "As is where is" basis. Interested parties may contact us before 05:00 PM on 05th June 2026 to inspect the materials and submit their offers.
Contact Details:
Name: Jatin Vaid
Mobile No. 8858266760
jatin.vaid@larsentoubro.com

BOOK YOUR EDUCATION ADS
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

# नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष ने नितिन नवीन से मुलाकात की


PTI
नितिन नवीन ने नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय पर नेपाली अतिथि रवि लामिछाने का स्वागत किया।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (RSP) पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने मंगलवार को बीजेपी मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। नेपाल के सत्तारूढ़ दल से जुड़े वरिष्ठ नेता जब बीजेपी मुख्यालय पहुंचे तो उनका भव्य स्वागत किया गया। बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन ने इस मुलाकात के दौरान साझा सभ्यतागत विरासत, सांस्कृतिक संबंधों और मजबूत जन-केंद्रित संबंधों पर आधारित भारत और नेपाल के बीच घनिष्ठ और ऐतिहासिक संबंधों का जिक्र किया। बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह की बातचीत और मुलाकात से बीजेपी और आरएसपी के बीच लोकतांत्रिक संवाद मजबूत होता है। बताया जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान बीजेपी अध्यक्ष ने राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक पार्टी के संगठनात्मक मॉडल को समझाया और जमीनी स्तर पर काम करने वाले बीजेपी कार्यकर्ताओं की मेहनत के बारे में भी बताया। साथ ही मोदी सरकार की उपलब्धियों पर भी चर्चा की गई।

### जयशंकर ने कहा, साझेदारी पर हुई चर्चा

रवि लामिछाने ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मुलाकात की। जयशंकर ने सोशल मीडिया में मुलाकात की तस्वीर साझा कर लिखा कि हमारी चर्चा भारत-नेपाल विकास साझेदारी और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों पर केंद्रित रही।

# कर्नाटकः आज से शिवराज, 10 मंत्री भी साथ लेंगे शपथ

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया बुधवार को पूरी हो जाएगी, जब डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके साथ पहले चरण में 10 मंत्रियों को भी शपथ दिलाई जाएगी।


डीके शिवकुमार

शपथ ग्रहण से पहले मंत्रिमंडल के गठन और विभागों के बंटवारे को लेकर मंगलवार को दिल्ली में अहम बैठक हुई। बैठक में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार ने मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, पहले चरण में जिन नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की संभावना है, उनमें के.जे. जॉर्ज, जी. परमेश्वर, रामलिंगा रेड्डी के नाम शामिल हैं।

# वंदे मातरम् के सभी अंतरे गाने पर थरूर का सवाल

■ भाषा, तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली : कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने आधिकारिक कार्यक्रमों के आरंभ और अंत में वंदे मातरम् के सभी पांच अंतरे बजाने की अनिवार्यता पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह प्रथा श्रोताओं के लिए अनावश्यक और बोझिल है। केरल में राष्ट्रगीत के गायन को लेकर जारी विवाद के बीच थरूर ने कहा कि वंदे मातरम का सभी सम्मान करते हैं, लेकिन हर समारोह में इसके सभी अंतरे बजाने को अनिवार्य करना तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने कहा, 'परंपरागत रूप से यह गीत किसी कार्यक्रम की शुरुआत में एक बार गाया जाता है। अब वे चाहते हैं कि हर कार्यक्रम की शुरुआत में और अंत में पांचों अंतरे गाए जाएं।'


शशि थरूर

**BJP बोली - फिर 'मुस्लिम लीग' के आगे झुकी कांग्रेसः** बीजेपी ने वंदे मातरम् पर शशि थरूर की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस को घेरा। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस केरल में उस 'मुस्लिम लीग' के आगे एक बार फिर झुक गई है जो सत्तारूढ़ गठबंधन में उसकी सहयोगी है।

9 www.delhi.nbt.in
। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 3 जून 2026

NBT GOOD न्यूज़

# जब कदम चले, तो बदली ज़िंदगी

**हर साल जून का पहला बुधवार ग्लोबल रनिंग डे के रूप में मनाया जाता है। पिछले दो दशकों में भारत में दौड़ने वालों की संख्या और आयोजित की जाने वाली रेसों में अप्रत्याशित रूप से इजाफा हुआ है। क्या हैं इसके कारण और क्या हैं दौड़ने के फायदे?**

MARATHON
फिटनेस भी फीलिंग भी



आलोक शर्मा

अमित मक्कड़ 2016 के उस दिन को कभी नहीं भूल पाएंगे। उनके कॉर्पोरेट दफ्तर में हेल्थ चेकअप के दौरान उनका सामना डॉक्टर से हुआ। 102 किलो के वज़न वाले अमित का ब्लड प्रेशर निकला 180/120। इसे लेकर डॉक्टर ने चेताया। कुछ दिनों बाद ही अमित दोस्तों के कहने पर एक सुबह अक्षरधाम के नज़दीक CWG स्टेडियम पहुंचे जहां रनर्स एक ग्रुप की शुरुआत कर रहे थे। आज, दस साल बाद, अमित का वज़न 27 किलो घट कर 75 किलो रह गया है। अल्कोहल की आदत और शुगर, स्ट्रैस, मोटापा जैसी बीमारियां छूमंतर हो गईं। 10 साल में अमित 15 फुल मैराथन और 100 के ऊपर हाफ मैराथन भाग चुके हैं। दो साल पहले उन्होंने नौकरी छोड़कर मैराथन स्पोर्ट्स हब नाम की रनर्स कम्युनिटी बनाई जहां वो नए-पुराने रेसर्स को ट्रेनिंग देते हैं।

## सकारात्मक नशे का जन्म

आज ग्लोबल रनिंग डे के मौके पर हम अपने चारों तरफ अमित जैसे हज़ारों लोगों को पाते हैं। जिनके लिए यह एक किस्म का नशा है, जिसके बिना रहा नहीं जाता। जिसे खरीदने के पैसे नहीं लगते और जिसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। कम्युनिटी रनिंग का यह नशा दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बैंगलोर जैसे मेट्रो से बढ़ते हुए आज शहरों और कस्बों में भी फैल चुका है। हर साल अलग-अलग कैटिगरी वाली सैकड़ों रेस का आयोजन होता है।

### ठंडे इलाकों में आयोजन...



रुपिंदर का मानना है कि लंबी दौड़ों के आयोजन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को जगह बनाने के लिए इन रेसों को श्रीनगर जैसे ठंडे इलाके में रखने कि ज़रूरत है। उनका कहना है कि अगर हम श्रीनगर में मैराथन को प्रमोट करें तो यह दुनिया कि सबसे खूबसूरत और नैसर्गिक दौड़ होगी। उनका कहना है कि दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर या कोलकाता जैसे शहर या तो गर्म और उमस भरी जलवायु या फिर प्रदूषण के चलते लंबी रेसों के लिए सही जगहें नही हैं।

## भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय मैराथन

22 साल पहले मुंबई में Procam ने भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय मैराथन का आयोजन किया, जिसमें करीब 20 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। मुंबई में यह संख्या इस साल बढ़ कर 69000 पार कर गई। यानी 22 सालों में 345 प्रतिशत बढ़ोतरी।

वहीं मुंबई मैराथन विश्व की टॉप दस मैराथन में गिनी जाती है। यह एशिया का सबसे बड़ा कम्युनिटी स्पोर्टिंग इवेंट है। 2004 में पहली मुंबई मैराथन के आयोजन में अहम भूमिका रही थी 1969 और 1970 में लगातार अंडर 18 कैटीगरी (10km) में नैशनल चैंपियन रहे रुपिंदर सिंह की। 74 वर्षीय रुपिंदर का कहना है कि 5 दशक पहले ऐसी रेस देखने को नहीं मिलती थीं। अगर कोई होती थी तो उसमें 100 लोग भी हिस्सा नहीं लेते थे।

## कोविड ने जगाया नींद से

फिटनेस को लेकर जागरूकता बढ़ने में कोविड की त्रासदी की भी बड़ी भूमिका रही है। महामारी से हुई हज़ारों मौतों के बाद लोगों को समझ में आया कि खराब स्वास्थ्य के चलते अगर ज़िंदा ही नहीं रह पाए तो सिर्फ रुपये कमाते रहने का कोई मतलब नहीं है। दस साल पुरानी फिटनेस और स्पोर्ट्स इवेंट्स आयोजित करने वाली पीकू स्पोर्ट्स के संस्थापक और धावक दीपक मेहरा का कहना है कि कोविड के बाद कम्युनिटी रनिंग की प्रतियोगिताओं में भारी बढ़ोतरी हुई। इस साल मात्र 4 महीनों में पीकू स्पोर्ट्स 16 रनिंग और फिटनेस इवेंट्स आयोजित कर चुकी है। अपने पहले साल में पीकू स्पोर्ट्स चार इवेंट भी बड़ी मुश्किल से आयोजित कर पाई थी।

## हाइपरलोकल का मंत्र

NCR में और देश के बड़े मेट्रो के इर्द गिर्द रनिंग के बढ़ते हुए रुझान के कारण यह शौक शहर के कई इलाकों की पहचान बन गया है। मसलन 'इंदिरापुरम मैराथनर्स' या 'रोहिणी रनर्स' या 'बोरीवली रन क्लब' जैसे कई कम्युनिटी ग्रुप हमें देखने को मिल जायेंगे। कोच रविंदर के नाम से मशहूर रविंदर सिंह ने 'हाइपरलोकल' के इसी मंत्र को अपनाया है। वह कहते हैं कि अगर किसी रेस में हमें किसी इलाके से रनर्स की अच्छी संख्या दिखाई पड़ती है तो हम बाद में उसी इलाके के लिए विशेष रूप से रेस आयोजित करते हैं। मसलन हमने वसंत कुंज, रोहिणी, इंदिरापुरम जैसी जगहों पर जा कर खास इवेंट्स आयोजित किये हैं।

## दौड़ के दस टिप्स

1. अपने दिल के मालिक आप: अगर दिल के मरीज़ है तो कार्डियोलॉजिस्ट से चेकअप कराएं बिना न दौड़ें।
2. लंबी रेस दौड़ने से पहले फुल बॉडी चैकअप ज़रूर कराएं। सभी मानकों में खरा उतरने पर ही दौड़ें।
3. दौड़ के दौरान हार्टबीट पर नज़र: अपनी उम्र को 220 से घटाएं। ये संख्या आपकी अधिकतम हार्टबीट है जिसका उल्लंघन नही करना है (मसलन अगर आप 40 साल के है तो 180 आपकी अधिकतम हार्टबीट है)
4. शरीर अस्वस्थ होने पर सिग्नल देता है। दौड़ के दौरान ऐसे सिग्नल नज़रअंदाज़ न करें
5. हफ्ते में 4 दिन दौड़, 2 दिन मांसपेशियों और जॉइंट्स के लिए स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और एक दिन पूरा आराम
6. कछुआ-खरगोश की कहानी न भूलें। आप धीरे दौड़ रहे है लेकिन निरंतरता बनाए हुए है तो आप हारते नहीं है।
7. लंबी दूरी की रेस में पांव थोड़ा फैलते है। ऐसी दौड़ में हमेशा एक साइज बड़े जूते पहनें
8. पानी साथ में रखें। लंबी रेस में आधा-आधा घूंट पानी बीच बीच में पीते रहें
9. इलेक्ट्रोलाइट लेते रहना ज़रूरी है क्योंकि पसीने में बहे मिनरल्स की पूर्ति करना बहुत ज़रूरी है
10. प्रैक्टिस के दौरान और रेस से पहले अल्कोहल और फैट वाले खाने से दूर रहें



## अलग ही तबका है रनर्स का

सोशल मीडिया और तरह तरह के फिटनेस ऐप्स आने के बाद रनर्स की एक अलग ही कम्युनिटी बन गई है। अपनी अपनी रोज़मर्रा की स्पोर्ट्स एक्टिविटी इन ऐप्स और सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म्स पर डालने से रनर्स को न केवल एक दूसरे से सुझाव मिलते हैं, प्रेरणा मिलती है, बल्कि अपना लक्ष्य तय करने में और उसे बेहतर करने में भी मदद मिलती है।

## रनर्स का भारत दर्शन

रनर्स का बढ़ता हुआ जुनून और भारत के विभिन्न हिस्सों में दौड़ों का आयोजन फिटनेस के साथ साथ इस कम्युनिटी को सांस्कृतिक आदान प्रदान का सुनहरा अवसर भी देता है। इसकी मिसाल है Procam Slam जिसमें एक रेसिंग कैलेंडर में प्रतियोगी को मुंबई (42 km), कोलकाता (25 km), दिल्ली (21km) और बैंगलुरु (10km) क्वालीफाइंग टाइमिंग के अंदर अपनी रेस पूरी करनी होती हैं। इसके अलावा लद्दाख, तवांग, स्पिति, कटरा, धौलाधार जैसे पहाड़ी इलाकों में भी रेस आयोजित की जाती हैं। इनमें से कई रेस दुनिया की सबसे कठिन दौड़ों में गिनी जाती हैं। मसलन लद्दाख मैराथन की 122 किलोमीटर लंबी सिल्क रूट अल्ट्रा, जो नुब्रा घाटी के क्यागर गांव से शुरू होकर 'खारदुंग ला' होते हुए लेह शहर में खत्म होती है।

## दौड़ के 5 फायदे

1. मोटापा कम करने में सहायक
2. दिल मज़बूत करने और ब्लड प्रेशर सुधारने में मदद
3. डोपामीन और एंडोर्फिन के ज़रिए मूड और याददाश्त में सुधार
4. जॉइंट्स को स्वस्थ बनाए
5. मांसपेशियों को थकान रोधी बनाने में मदद

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है और पिछले तीन साल में 2 फुल मैराथन और 7 हाफ मैराथन दौड़ चुके है)*



## क्या है मैराथन की कथा

490 BC में एथेंस से करीब 42km दूर मैराथन नाम के शहर में ग्रीस और फारस की सेनाओं के बीच युद्ध हुआ जिसमें ग्रीस विजयी रहा। युद्ध में विजय की सूचना एथेंस तक पहुंचाने का जिम्मा फाईडीपिडीज़ नाम के संदेशवाहक को दिया गया। फाईडीपिडीज एथेंस की सभा तक संदेश पहुंचाने में कामयाब रहा। 'हम जीत गए! आनंद करो!' इतना कहते ही वह गिर पड़े और मर गए। यह एक किंवदंती ही है और इसका कोई तथ्यात्मक सबूत नही है। लेकिन इस कथा की प्रसिद्धि के कारण 1896 में पहले ओलिंपिक 'मैराथन' नाम से लगभग 40km की रेस को प्रतियोगिताओं में रखा गया।

## काम अभी बाक़ी है

जानकारों का मानना है कि दौड़ और फिटनेस को लेकर जागरूकता बढ़ाने की संभावनाएं अथाह है। अमित कहते हैं कि पूरी दुनिया में नियमित रूप से दौड़ने वालों की संख्या 2% भी नही है। हिंदुस्तान में शायद यह और भी कम है। हमें 98% को अपना लक्ष्य मानना चाहिए। वही रुपिंदर का मानना है कि यह एक ऐसा स्पोर्ट है जिसे किसी के साथ खेलने कि ज़रूरत नही और जिसमें सिर्फ एक जोड़ी जूतों की ज़रूरत है। लंबी दूरी की दौड़ों में आज इथियोपिया, केन्या, युगांडा और मोरक्को जैसे गरीब अफ्रीकी देशों का दबदबा है। गरीब एथलीटों के सशक्तिकरण की इससे बड़ी मिसाल नही हो सकती।

# देश

PM का 'जल संकल्प'

# देश में जल संग्रह के लिए 1.5 करोड़ निर्माण



'जल संचय जनभागीदारी' योजना ने लिया जन आंदोलन का रूप।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**कभी सूखे** तालाब, प्यासे कुएं और बारिश के पानी को बहते हुए देखने वाला भारत अब जल संरक्षण की एक नई मिसाल गढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'कैच द रेन' और 'जल संचय जनभागीदारी' के आह्वान ने ऐसा जन आंदोलन का रूप लिया है कि देश ने महज 21 महीनों में करीब 1.5 करोड़ जल संचय संरचनाएं खड़ी कर दी हैं।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बताया कि 6 सितंबर 2024 को शुरू हुए 'जल संचय जन भागीदारी अभियान' (JSJB 2.0) ने 31 मई 2026 तक अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से अपनी कर्मभूमि से मातृभूमि के लिए जल संरक्षण में योगदान देने की अपील की थी और देशवासियों ने उसे मिशन बना लिया।

**इस मामले में आंध्र प्रदेश 31.45 लाख संरचनाओं के साथ देश में शीर्ष पर है।**

पहले चरण में 31 मई 2025 तक 27.5 लाख संरचनाएं बनी थीं, जिनसे करीब 2.4 अरब घन मीटर (BCM) अतिरिक्त जल संग्रहण क्षमता विकसित हुई। अब यह संख्या बढ़कर डेढ़ करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी है। इससे उम्मीद है कि इस मॉनसून में देश पहले से कहीं अधिक वर्षाजल सहेज पाएगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो आंध्र प्रदेश 31.45 लाख संरचनाओं के साथ देश में शीर्ष पर है।

## झारखंड-अरुणाचल से केंद्र का करार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : पीएम मोदी के 'हर घर जल' संकल्प को रफ्तार देते हुए जल जीवन मिशन 2.0 के तहत केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने झारखंड और अरुणाचल प्रदेश सरकारों के साथ महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों राज्यों से इस समझौते का मकसद ग्रामीण, जनजातीय और दुर्गम क्षेत्रों में सुरक्षित, विश्वसनीय और पेयजल सेवाएं सुनिश्चित करना है।

## रुद्रम-II मिसाइल का सफल परीक्षण



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: डीआरडीओ और इंडियन एयरफोर्स ने हवाई प्लेटफॉर्म से लॉन्च की जाने वाली रुद्रम-II एयर-टू-सर्फेस मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। ये परीक्षण बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में किया गया जिसमें मिसाइल तय किए रूट पर गई और सभी महत्वपूर्ण सिस्टमों की क्षमता साबित की। लक्ष्य को सटीकता से भेदा।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना संख्या
एन-235-62 टेली टेण्डर-06-2026

उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/टेली/मुख्यालय/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर एवं कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये टेण्डर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से ई–टेन्डर आमंत्रित करते है:–
(1) निविदा सूचना संख्याः एन-235-62 टेली टेण्डर-06-2026, (2) कार्य का नामः प्रोविजन ऑफ एलटीइ–ऍफडीडी बेस्ड वायरलेस टेक्निकल इमरजेंसी कम्युनिकेशन सिस्टम बाय सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमीशनिंग ऑफ एलटीइ–ऍफडीडी बेस्ड वायरलेस कम्युनिकेशन इक्विपमेंट्स अलोंग विथ एसोसिएटेड एक्सेसरीज फॉर वन लोकेशन इच एआरटी ऑफ एलजेएन डिवीजन एंड आईजेडएन डिवीजन, एन.ई. रेलवे। (3) निविदा लागतः ₹ 8,92,19,100.72 (आठ करोड़ बानवे लाख उन्नीस हजार एक सौ रूपये और बहत्तर पैसे मात्र), (4) बिड सिक्यूरिटी (बयाना धनराशि): ₹ 17,84,400/-, (5) ऑफर की वैधताः 60 दिन। (6) निविदा खोलने एवं बंद होने की तिथि तथा समयः दिनांक 30-06-2026, समय 12:30 बजे, (7) कार्य के पूर्ण करने की अवधिः 06 (छः) माह। (8) मूल निविदा में किसी तरह के परिवर्तन के लिये कृपया इन्टरनेट वेबसाइट पर जारी शुद्धि पत्र का अवलोकन करें। (9) विस्तृत निविदा सूचना, निविदा प्रपत्र, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
नोटः निविदादाता/बिडर को अपने बिड के साथ सभी निर्दिष्ट संलग्नों/फार्मेट/अनुलग्नक को अपलोड करना होगा।
उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजी./टेली/
मुजाधि/सिगनल-47 मुख्या., गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

वायु सेना विद्यालय, पंचवटी
13 बीआरडी, वायु सेना स्टेशन, पालम
रिक्तियां
1. योग्य अभ्यर्थियों से स्थायी एवं संविदा नियुक्तियों हेतु चयन सूची बनाने के लिए निम्न पदों पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:
• प्राचार्य (Principal)
• टीजीटी (विज्ञान)
• टीजीटी (अंग्रेजी)
• टीजीटी (सामाजिक विज्ञान)
• टीजीटी (हिंदी)
• टीजीटी (गणित)
• एचएम (हेडमास्टर)
• पीआरटी (प्राथमिक शिक्षक)
• एनटीटी (नर्सरी शिक्षक)
• कार्यालय अधीक्षक
• लिपिक (Clerk)
• लेखा सहायक (Accounts Assistant)
• एमटीएस
स्थान: वायु सेना विद्यालय पंचवटी, 13 बीआरडी, वायु सेना स्टेशन, पालम – 110010
आवेदन पत्र 17.06.2026 तक जमा/डाक द्वारा भेजे जाएं।
2. पात्रता मानदंड एवं अन्य जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाइट देखें: www.afspanchwati.com
कार्यकारी निदेशक
वायु सेना विद्यालय पंचवटी

Branded T.SHIRT SALE
MEN, WOMEN & KIDS
upto 60% off
Introducing huge range of Shorts & Lowers
By Economy Sales: 9212758425
ARROW PARK AVENUE ColorPlus SMART CASUALS Reebok Levi's
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, छठा तल, टावर-एफ,
नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029
भादूविप्रा TRAI
रिक्ति परिपत्र संख्या: 1-06/2026- मानव संसाधन
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के मुख्यालय में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर संयुक्त सलाहकार के पद को भरने के संबंध में।
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अपने मुख्यालय, नई दिल्ली में निम्नलिखित पद को अन्यत्र सेवा-शर्तों पर प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है-

| पद का नाम | वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन |
|---|---|
| संयुक्त सलाहकार | सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे-मैट्रिक्स में पे-लेवल 13, रुपये 123100-215900 एवं सरकारी नियमों के अनुसार महँगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता और अन्य भत्ते इत्यादि |

2. ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 29 जून 2026 है।
3. अन्य विवरण भादूविप्रा की वेबसाईट www.trai.gov.in से प्राप्त किये जा सकते हैं।
CBC 06202/12/0015/2627

पूर्वोत्तर रेलवे
निविदा सूचना संख्याः 04
दिनांकः 01.06.2026
ई–प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रवन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर-273012 कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई–प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्ते वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रम सं0. | निविदा संख्या | खुलने की तिथि | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 22261414 | 15/10/26 | कान्स्टेन्ट कान्टैक्ट पालीयूरेथीन साइड ईटीसी | 1222 Nos. |
| 2 | 22261097 | 13/10/26 | नान एस्बेस्टस बेस्ड आर्गेनिक ब्रेक पैड 400 ईटीसी | 27767 Sets |
| 3 | 22260778 | 08/10/26 | थर्मोप्लास्टिक पालिस्टर इलास्टोमर ईटीसी | 12147 Nos. |
| 4 | 22260575 | 06/10/26 | लोवर स्प्रिंग शीट फार एक्सल बाक्स ईटीसी | 5950 Nos. |
| 5 | 22261140 | 29/09/26 | कपुलर बाजी एण्ड शैंक वियर प्लेट फार नान ईटीसी | 1926 Nos. |
| 6 | 22250851A | 24/09/26 | थर्मोप्लास्टिक पालिस्टर इलास्टोमर ईटीसी | 19656 Nos. |
| 7 | 22250229A | 17/09/26 | डबुल एक्टिंग हाइड्रालिक शाक आब्जर्बर ईटीसी | 2233 Nos. |
| 8 | 22261545 | 15/09/26 | किट फार पाली यूरेथीन (पीयू) कान्स्टेन्ट ईटीसी | 5850 Nos. |
| 9 | 22261106 | 10/09/26 | या डैम्पर फार फिएट टाईप बोगी आरडीएसओ ईटीसी | 2082 Nos. |
| 10 | 22260216 | 25/08/26 | रियर कवर फार एक्सल बाक्स (ग्रैविटी डाई) ईटीसी | 4062 Nos. |
| 11 | 22260215 | 04/08/26 | एक्सल बाक्स हाउसिंग फिनिश मशीन्ड ईटीसी | 3005 Nos. |
| 12 | 22261809 | 28/07/26 | मेन्टेनेन्स किट 01 फार अर्थिंग इक्यूपमेंट ईटीसी | 4637 Nos. |
| 13 | 22260727 | 27/07/26 | एफआरपी विण्डो असेम्बली कम्पली ईटीसी | 1446 Nos. |
| 14 | 22262190 | 23/07/26 | इन्टरकार गैंगवे माउन्टिंग आरसीएफ ड्राइंग ईटीसी | 800 sets. |
| 15 | 22262092 | 21/07/26 | अर्थिंग केबुल कम्पलीट 70 स्क्वा० एमएम ईटीसी | 6500 Nos. |
| 16 | 23261024 | 21/07/26 | एल्यूमिनियम चेकर्ड शीट साईज 2774 x 82 ईटीसी | 47230 kgs. |
| 17 | 22261511 | 09/07/26 | डस्टबीन असेम्बली (कम्पलीट) टू आईसीएफ ड्राइंग ईटीसी | 8261 Nos. |
| 18 | 22262062 | 07/07/26 | इन्स्टालेशन लीवर असेम्बली ईटीसी | 10250 Nos. |
| 19 | 24261056 | 07/07/26 | सेट आफ फिक्स एण्ड मोबाईल कान्टैक्ट आफ 1500 ईटीसी | 750 Nos. |
| 20 | 22261468 | 02/07/26 | कास्ट स्टील बोल्स्टर (फार मोडिफाइड) ईटीसी | 154 Nos. |
| 21 | 24260850 | 30/06/26 | एक्सल बाक्स असेम्बली कम्पलीट एलांग विथ ईटीसी | 225 sets. |
| 22 | 33261060 | 29/06/26 | अन इन्सुलेटेड कैडमियम कापर कैटेनरी ईटीसी | 51.61 Mtrs. |
| 23 | 22261169 | 29/06/26 | एडाप्टर (नैरो जॉ) क्लास ई 6" x 11" ईटीसी. | 20741 Nos. |
| 24 | 28261043 | 24/06/26 | हाई परफार्मेंस एन्टी कोरिजन इपाक्सी ईटीसी | 75700 kgs. |
| 25 | 24250076A | 24/06/26 | आक्जिलरी कैम स्वीच कम्पलीट ऐज पर बीटी ईटीसी | 5515 Nos. |
| 26 | 22261335 | 23/06/26 | व्हील सेट अर्थिंग इक्यूपमेंट फार एलएचबी ईटीसी | 1995 sets. |
| 27 | 22261756 | 23/06/26 | एअर स्प्रिंग असेम्बली कैपेसीटी 120 केएन ईटीसी | 62 Nos. |
| 28 | 24260988 | 22/06/26 | फैब्रीकेटेड बोल्स्टर फार इलेक्ट लोको ईटीसी | 09 Nos. |
| 29 | 22262365 | 22/06/26 | अर्थिंग केबुल कम्पलीट फार व्हील सेट ईटीसी | 4450 Nos. |
| 30 | 22262055 | 22/06/26 | डूप्लेक्स चेक वाल्व विथ 1.5 केजी पर सेमी ईटीसी | 3061 Nos. |
| 31 | 30260452 | 22/06/26 | इमरजेन्सी बैटरी चार्जर कन्फर्मिंग ईटीसी | 217 Nos. |
| 32 | 22261192C | 19/06/26 | बाल ज्वाइंट ट्रैक्शन लीवर फार फिएट बोगी ईटीसी | 24251 Nos. |
| 33 | 24260028 | 17/06/26 | प्राईमरी सस्पेंशन स्प्रिंग फार डब्लूएपी–4 लोको ईटीसी | 597 Nos. |
| 34 | 22251415C | 17/06/26 | बोगी सेन्टर पीवट टाप फार बोगी वैगन ईटीसी | 2030 Nos. |
| 35 | 24261020 | 17/06/26 | मेटलाइज्ड कार्बन स्ट्रिप्स सुटेबुल फार ईटीसी | 382 Nos. |
| 36 | 24260268 | 17/06/26 | हाई वोल्टेज बुशिंग ईटीसी | 25 Nos. |

मुजाधि/S-19
प्रमुख मुख्य सामाग्री प्रबन्धक
गोरखपुर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

EPCH हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
Export Promotion Council for Handicrafts
CIN: U20299DL1986NPL023253
Sealed Proposals are invited for **Designing, Conceptualisation and Set-up for Handicrafts Export Award Function** to be organized by the Council in Delhi (NCR). The last date of submission of proposal is **10th June 2026 (Wednesday)**. Interested agencies may download the scope of work and details of activity from EPCH website: **www.epch.in/proposals**
Executive Director
Export Promotion Council for Handicrafts
EPCH House, Pocket-6&7, Sector-C, LSC, Vasant Kunj
New Delhi-110070, Tel: 011-26135256 (Extn: 130),
Email:pankaj.saw@epch.com

विज्ञापन संख्या. 62/2026
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
में
निदेशक (रिफाइनरी)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
22/06/2026 (15:00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को
लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि 01/07/2026 (17:00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।

विज्ञापन संख्या. 60/2026
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड
(आरसीएफ)
में
निदेशक (तकनीकी)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
22 जून, 2026 (15.00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
1 जुलाई, 2026 (17.00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in
में लॉग इन करे ।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH13 User: cci Time: 06-02-2026 23:45 Color:



# NTA का दावा, छात्रों को पसंदीदा एग्ज़ाम सिटी देने की पूरी कोशिश

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्लीः NEET-UG की 21 जून को होने वाली री-एग्जाम की तैयारियों को लेकर शिक्षा मंत्रालय और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) लगातार बैठकें कर रहे हैं। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी नियमित रूप से तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं।

करीब साढ़े तीन लाख छात्रों ने परीक्षा शहर बदलने के लिए आवेदन किया है और दो विकल्प भरे हैं। NTA ने दावा किया है कि जहां तक संभव होगा, छात्रों को उनकी पहली पसंद वाले शहर में ही परीक्षा केंद्र दिया जाएगा। इसके लिए नए सेंटर भी तलाशे गए हैं। इस बार NEET-UG में 22.79 लाख छात्र शामिल हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, 14 जून से पहले सभी उम्मीदवारों को परीक्षा शहर की जानकारी दे दी जाएगी। इसके बाद 16 जून तक एडमिट कार्ड जारी करने का लक्ष्य रखा गया है। एडमिट कार्ड में छात्रों को उनके परीक्षा केंद्र की पूरी जानकारी मिलेगी। बताया जा रहा है कि सबसे ज्यादा सेंटर उत्तर प्रदेश में बनाए गए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और राजस्थान में अधिक सेंटर हैं। सूत्रों के अनुसार यदि किसी छात्र ने देहरादून को परीक्षा शहर चुना है तो कोशिश होगी कि सेंटर वहीं मिले।

**14 जून तक एग्जाम सिटी, 16 जून तक एडमिट कार्ड जारी होंगे**

## तैयारियां जारी | NEET री-एग्ज़ाम के लिए पहली चॉइस पर फोकस

- 22.79 लाख छात्र इस बार NEET-UG री-एग्जाम में शामिल हो रहे हैं
- 3.5 लाख छात्रों ने परीक्षा केंद्र बदलने के लिए आवेदन किया है



मुंबई में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पेपर लीक के खिलाफ मार्च निकाला। PTI

### CUET-UG: शिफ्ट तय हुई, एडमिट कार्ड जारी

CUET-UG 2026 की परीक्षा दो दिन के लिए बढ़ाई गई है। अभी करीब 60 हजार छात्रों की परीक्षा बाकी है। 6 जून को परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक होगी, जबकि 7 जून को दोपहर 3 से 6 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक कई छात्रों के 7 जून को अन्य एग्जाम थे, इसलिए उनकी मांग पर कुछ परीक्षाएं 6 जून को शिफ्ट की गई हैं। दोनों दिन केवल एक-एक शिफ्ट में परीक्षा होगी। NTA ने इसके लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं।

## अदालत ने पेपर लीक में पांच आरोपियों की हिरासत बढ़ाई

भाषा, नई दिल्लीः दिल्ली की एक अदालत ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में गिरफ्तार पांच आरोपियों की न्यायिक हिरासत 15 जून तक बढ़ा दी है। विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता ने सीबीआई की याचिका स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया। इन आरोपियों में जयपुर से गिरफ्तार मांगीलाल खटीक, विकास बिवाल और दिनेश बिवाल, गुरुग्राम से पकड़ा गया यश यादव तथा महाराष्ट्र के अहिल्यानगर से गिरफ्तार धनंजय लोखंडे शामिल हैं।इस बीच, अदालत ने आरोपी यश यादव को री-एग्जाम की तैयारी के लिए किताबें उपलब्ध कराने की अनुमति भी दी। सीबीआई अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

**सभी को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा**

## फटाफट खबरें

### फाजिलनगर अब पावागढ़ होगाः योगी

■ NBT न्यूज, कुशीनगरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कुशीनगर के फाजिलनगर कस्बे का नाम बदलकर पावागढ़ करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि पावागढ़ बनने से फाजिलनगर अब अपनी पुरानी पहचान छोड़कर भगवान महावीर और ऐतिहासिक पावानगरी की गौरवशाली विरासत से जाना जाएगा। सीएम ने इस मौके पर कुशीनगर में 424 करोड़ रुपये से अधिक की 278 परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया।

### उच्च योग्यता छिपाने पर बर्खास्तगी सही?

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने एक सवाल पर सुनवाई को सहमति जताई कि क्या सरकारी नौकरी के लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता से अधिक योग्यता छिपाने पर कर्मचारी को सेवा से हटाया जा सकता है। मामले में एक कर्मी ने 'वर्क असिस्टेंट' पद के लिए आवेदन किया था। पद के लिए न्यूनतम योग्यता दसवीं पास थी।

### सिद्धारमैया बने CWC के सदस्य

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः कांग्रेस ने कर्नाटक के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को कांग्रेस वर्किंग कमिटी (CWC) का सदस्य नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। सिद्धारमैया को सीडब्ल्यूसी में शामिल किया जाना कांग्रेस संगठन में उनके बढ़ते महत्व का संकेत माना जा रहा है।

### पटना के हॉस्टल में छात्रा का शव मिला

■ भाषा, पटनाः बिहार के समस्तीपुर की रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा का शव मंगलवार को पटना स्थित छात्रावास के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। छात्रा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी और हाल ही में इंटरमीडिएट पास की थी। छात्रावास की अन्य छात्राओं ने कमरे में उसका शव छत से लटका देखा।

### दीवार गिरी, लोक कलाकार की मौत

■ भाषा, जैसलमेरः राजस्थान के जैसलमेर जिले के सम पर्यटन क्षेत्र में सोमवार देर रात तेज अंधड़ के दौरान एक रिजॉर्ट की दीवार गिरने से 25 वर्षीय लोक कलाकार स्वरूप खान की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य कलाकार घायल हो गए। वहीं, बाड़मेर में तेज धूलभरी आंधी ने भारी तबाही मचाई। अलग-अलग हादसों में दो बच्चों की मौत हो गई।

### विदेशियों के लिए अब नए नियम होंगे

■ भाषा, नई दिल्ली सरकार ने विदेशी नागरिकों के पंजीकरण नियमों में बदलाव करते हुए इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स रूल्स, 2025 में संशोधन किया है। नए नियमों के तहत 180 दिन या उससे कम अवधि के वीजा पर भारत आने वाले विदेशी नागरिकों को तय समय से अधिक रुकने के लिए 180 दिन पूरे होने से पहले ही पंजीकरण कराना होगा।

# त्विषा केसः पति-सास को जेल, पर कई सवाल बाकी

## समर्थ और गिरिबाला को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया | क्राइम सीन रीक्रिएशन, आखिरी कॉल और चोट से बढ़ा सस्पेंस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली/भोपाल

**चर्चित त्विषा** मौत मिस्ट्री में मंगलवार को भोपाल कोर्ट ने पति समर्थ सिंह और उनकी मां, पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। लेकिन जांच एजेंसियों के सामने अब भी सबसे बड़ा सवाल वही है-12 मई की रात आखिर हुआ क्या था?

सीबीआई ने हाल ही में घटनास्थल पर क्राइम सीन रीक्रिएशन किया था। करीब 80 किलो वजनी डमी के जरिए उस कमरे में हर गतिविधि दोहराई गई, जहां त्विषा का शव फंदे से लटका मिला था। समर्थ और गिरिबाला को भी मौके पर ले जाकर घटनाक्रम समझाने को कहा गया। अब सीबीआई रिमांड खत्म हो चुकी है और मामले की अगली सुनवाई 16 जून को होगी। अदालत में गिरिबाला सिंह ने दावा किया कि उन्हें नहीं पता कि मामले से जुड़े सीसीटीवी फुटेज बाहर कैसे पहुंचे। वहीं उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि सुनवाई के दौरान त्विषा के वकील ने समर्थ सिंह के साथ मारपीट की। हालांकि संबंधित वकील ने आरोपों को बेबुनियाद बताया। सूत्रों के मुताबिक CBI ने कोर्ट को बताया कि जांच का बड़ा हिस्सा अभी बाकी है।

**CBI को अब भी फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार**





गिरिबाला ने दावा किया कि उन्हें नही पता कि मामले से जुड़े सीसीटीवी फुटेज बाहर कैसे पहुंचे। PTI

### सबसे अहम कड़ी आखिरी फोन कॉल

जांच में सबसे अहम कड़ी मौत से पहले का आखिरी फोन कॉल माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार रात 9:41 बजे त्विषा ने अपनी मां को फोन किया था। दावा है कि बातचीत के दौरान पति समर्थ सिंह की तेज आवाज सुनाई दी और माहौल तनावपूर्ण लग रहा था। इसके कुछ ही सेकेंड बाद कॉल अचानक कट गया। परिवार का आरोप है कि उसके बाद कई बार दोबारा फोन मिलाया गया, लेकिन शुरुआत में किसी ने जवाब नही दिया। बाद में फोन गिरिबाला सिंह ने उठाया।

### क्राइम सीन रीक्रिएशन में क्या-क्या हुआ

सीबीआई टीम फोरेंसिक एक्सपर्ट्स के साथ उस घर पहुंची, जहां त्विषा की मौत हुई थी। जांच के दौरान 80 किलो वजनी डमी का इस्तेमाल कर फंदे से लटकने की स्थिति दोहराई गई। समर्थ सिंह और गिरिबाला सिंह से पूछा गया कि त्विषा को सबसे पहले किसने देखा, फंदे से नीचे कैसे उतारा गया और अस्पताल ले जाने में कितना समय लगा। जांच एजेंसी ने कमरे की बनावट, फंदे की ऊंचाई और घटनास्थल पर मौजूद वस्तुओं का भी बारीकी से परीक्षण किया।

### चोटों के निशानों से जांच में नया मोड़

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फांसी से मौत की बात कही गई, लेकिन शरीर पर मिले कई चोटों के निशानों ने जांच को नया मोड़ दे दिया है। सूत्रों के मुताबिक शरीर पर चोटों के निशान अलग अलग हिस्सों में पाए गए, जिससे घटनाक्रम को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। CBI फोरेंसिक रिपोर्ट, कॉल रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज के जरिए पूरी कड़ी जोड़ने में जुटी है।

# ड्रग्स तस्करी में सुप्रीम कोर्ट सख्त, दो मामलों में ज़मानत से इनकार

## कहा- नशा युवाओं और देश दोनों के लिए खतरा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने ड्रग्स मामलों में सख्त रुख दिखाते हुए दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों को राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि युवाओं, समाज और देश की अर्थव्यवस्था पर गंभीर हमला है।

पहले मामले में जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस शील नागू और जस्टिस वी. मोहन की बेंच ने NDPS एक्ट के तहत गिरफ्तार आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि ड्रग्स कारोबारियों से "बहुत सख्त तरीके" से निपटना जरूरी है, क्योंकि वे युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहे हैं। मामला जून 2022 का है। अभियोजन के मुताबिक पुलिस ने आरोपी और दो अन्य लोगों से 21 एमडीएमए-एक्स्टेसी टैबलेट बरामद की थीं। आरोपी की यह लगातार छठी जमानत अर्जी थी। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। दूसरे मामले में जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा दी गई जमानत रद्द कर दी। आरोपी पर जेल में रहते हुए मोबाइल फोन के जरिए ड्रग्स तस्करी नेटवर्क चलाने का आरोप है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि व्यक्तिगत स्वतंत्रता और देशहित के बीच टकराव हो, तो राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी जाएगी।

**सुप्रीम कोर्ट बोला- ड्रग्स तस्करों से सख्ती से निपटना होगा**



### दोनों मामले गंभीर

- एक मामले में 21 एमडीएमए-एक्स्टेसी टैबलेट बरामद होने का दावा
- दूसरे केस में आरोपी पर जेल से ड्रग्स नेटवर्क चलाने का आरोप
- SC ने कहा- ड्रग्स तस्करी युवाओं के भविष्य पर हमला
- NDPS मामलों में जमानत पर अदालतों का सख्त रुख बरकरार
- कोर्ट बोला- देशहित और समाज की सुरक्षा सर्वोपरि
- हाई कोर्ट के दो जमानत आदेशों में सुप्रीम कोर्ट ने किया हस्तक्षेप

### NDPS एक्ट में क्यों मुश्किल है बेल

एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों में जमानत के नियम सामान्य आपराधिक मामलों से अधिक कठोर माने जाते हैं। अदालत को यह संतुष्ट होना पड़ता है कि आरोपी पहली नजर में दोषी नही दिखता और जमानत पर बाहर आने के बाद अपराध दोहराने की संभावना नही है। खासकर व्यावसायिक मात्रा या सिंथेटिक ड्रग्स से जुड़े मामलों में अदालतें सख्त रुख अपनाती हैं। सुप्रीम कोर्ट कई बार कह चुका है कि ड्रग्स तस्करी समाज और युवाओं के लिए गंभीर खतरा है, इसलिए ऐसे मामलों में न्यायिक सतर्कता बेहद जरूरी है।

### NBT Lens खबरों के अंदर की बात: ट्रायल प्रभावित होने की आशंका कम

यह फैसला संकेत देता है कि एनडीपीएस मामलों में सुप्रीम कोर्ट जमानत को लेकर बेहद सख्त रुख अपना रहा है। अदालत ने ड्रग्स तस्करी को युवाओं के भविष्य और समाज के लिए गंभीर खतरा माना है। माना जा रहा है कि इस तरह के फैसलों से जांच और ट्रायल प्रभावित होने की आशंका कम होगी, सबूतों से छेड़छाड़ पर रोक लगेगी और दोबारा अपराध करने वालों पर भी शिकंजा कस सकेगा।

# FEMA केसः ED ने वेदांता समूह के चार ठिकाने खंगाले

## विदेशी लेन-देन में दिल्ली-मुंबई में छापे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI Image

**प्रवर्तन निदेशालय** (ED) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA) के कथित उल्लंघन मामले में वेदांता ग्रुप के परिसरों पर छापेमारी की है। सूत्रों के मुताबिक यह कार्रवाई 1 जून से शुरू हुई और दिल्ली, मुंबई तथा राजस्थान के उदयपुर स्थित वेदांता लिमिटेड के चार ठिकानों तक पहुंची।

जांच एजेंसी की नजर वेदांता लिमिटेड और उसकी लंदन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज के बीच हुए वित्तीय लेन-देन पर है। ED विशेष रूप से ब्रांड फीस और रॉयल्टी भुगतान से जुड़े मामलों की पड़ताल कर रही है। सूत्रों के अनुसार एजेंसी यह जांच कर रही है कि विदेशी मुद्रा नियमों के तहत किए गए भुगतान FEMA प्रावधानों के अनुरूप थे या नहीं। तलाशी के दौरान कई वित्तीय दस्तावेज, रेकॉर्ड और समझौते खंगाले गए हैं। बताया जा रहा है कि 2023 में वेदांता रिसोर्सेज द्वारा वेदांता लिमिटेड को लौटाई गई ब्रांड फीस का एक हिस्सा भी जांच के दायरे में है। इसके अलावा ग्रुप की अन्य वित्तीय व्यवस्थाओं की भी जांच की जा रही है। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब उद्योगपति अनिल अग्रवाल का वेदांता ग्रुप अपने कारोबार को छह अलग-अलग कंपनियों में विभाजित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है।

**ब्रांड फीस, रॉयल्टी भुगतान से जुड़े मामलों की पड़ताल**

## CM धामी बोले- होल्डिंग एरिया में रोककर नियंत्रित करें भीड़

# चारधाम में तय क्षमता से ज्यादा भीड़ पर रोक लगाने की तैयारी

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

**चारधाम यात्रा** में बढ़ती भीड़ के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी धाम या पड़ाव पर निर्धारित क्षमता से अधिक भीड़ होने पर श्रद्धालुओं की आवाजाही होल्डिंग एरिया, प्रमुख चेक प्वाइंट्स पर रोककर नियंत्रित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा, यात्रियों को चरणबद्ध तरीके से आगे भेजा जाए ताकि धामों में अव्यवस्था न फैले। निर्देश दिए कि जहां श्रद्धालुओं को रोका जाए वहां पार्किंग, भोजन, पेयजल, शौचालय और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हों। धामी ने अधिकारियों से कहा कि भीड़ नियंत्रण के दौरान श्रद्धालुओं को प्रतीक्षा अवधि, मौसम, ट्रैफिक और दर्शन व्यवस्था की जानकारी लगातार दी जाए। इसके लिए एलईडी डिस्प्ले, सोशल मीडिया, व्हाट्सएप चैनल और एफएम रेडियो का उपयोग करने के निर्देश दिए गए। चारों धामों के लिए विस्तृत एसओपी तैयार करने को कहा। साथ ही रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक यात्रा मार्गों पर वाहनों के संचालन पर लगे प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने केदारनाथ पैदल मार्ग पर शेड बढ़ाने, स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने और गंभीर मरीजों के लिए हेली एम्बुलेंस सेवा हेतु राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने को भी कहा।



FILE

चेक प्वॉइंट्स पर वाहनों और यात्रियों को रोका जाएगा।

# विवाहित बेटी को परिवार से बाहर रखना असंवैधानिकः SC

## कहा- वह भी अनुकंपा नियुक्ति की हकदार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**सुप्रीम कोर्ट** ने मंगलवार को कहा कि अनुकंपा नियुक्ति या आवंटन के मामलों में विवाहित बेटियों को 'परिवार' की परिभाषा से बाहर रखना मनमाना, भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक है। अदालत ने कहा कि केवल शादी के आधार पर बेटी को अपात्र ठहराना समानता के अधिकार का उल्लंघन है और यह लैंगिक रूढ़ियों को बढ़ावा देता है।

जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें विवाहित बेटी को उचित मूल्य दुकान की डीलरशिप के लिए परिवार का सदस्य मानने से इनकार किया गया था। मामला मृतक राशन डीलर की विवाहित बेटी से जुड़ा था, जिसने अनुकंपा आधार पर लाइसेंस मांगा था। उसका आवेदन 2019 के सरकारी आदेश के आधार पर खारिज कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आश्रित कोटे का उद्देश्य मृतक के परिवार को आर्थिक सहारा देना है। ऐसे मामलों में निर्भरता, आर्थिक जरूरत और जिम्मेदारी निभाने की क्षमता महत्वपूर्ण है, न कि वैवाहिक स्थिति। अदालत ने कहा कि यह मान लेना गलत है कि शादी के बाद बेटी का मायके से संबंध खत्म हो जाता है।

**कहा- विवाह नहीं, आर्थिक निर्भरता अहम कसौटी**

# बार से सीधे सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बनीं वी. मोहना



PTI

वी. मोहना की नियुक्ति के बाद महिला जजों की संख्या बढ़कर दो हुई।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** में मंगलवार को पांच नए जजों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने आयोजित समारोह में जस्टिस शील नागू, जस्टिस श्री चंद्रशेखर, जस्टिस संजीव सचदेवा, न्यायमूर्ति अरुण पल्ली और वरिष्ठ अधिवक्ता वी. मोहना को शपथ दिलाई।

वरिष्ठ अधिवक्ता वी. मोहना की नियुक्ति को विशेष महत्व दिया जा रहा है। उनके शामिल होने से सुप्रीम कोर्ट में महिला जजों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। इससे पहले जस्टिस बी वी. नागरत्ना शीर्ष अदालत में एकमात्र महिला जज थीं। वी. मोहना, जस्टिस इंदु मल्होत्रा के बाद दूसरी महिला वकील हैं जिन्हें सीधे बार से सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति मिली है।

**चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने पांच नए जजों को शपथ दिलाई**

## प्रवचन से फंसाया?

# मथुरा में छात्रा से रेप में IIT पास 'साधु' अरेस्ट

■ NBT न्यूज, मथुराः राधाकुंड में साधु वेश में रह रहे एक युवक को गोवर्धन पुलिस ने सोमवार शाम को नर्सिंग की छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ओडिशा निवासी 29 वर्षीय अभिषेक मिश्रा उर्फ आदिकर्ता नारायण दास के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ऑनलाइन प्रवचन के माध्यम से युवतियों से संपर्क करता था और उन्हें अपने प्रभाव में लेकर संबंध बनाता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी IIT रुड़की से मैकेनिकल इंजिनियरिंग कर चुका है। पढ़ाई के बाद उसे करीब 20 लाख रुपये सालाना पैकेज की नौकरी मिली थी, लेकिन उसने नौकरी छोड़ दी और साधु बनकर रहने लगा।



अभिषेक मिश्रा

# दाऊद के करीबी डोला के ड्रग्स नेटवर्क पर शिकंजा

Vishal.Sharma3
@timesofindia.com

■ नई दिल्लीः ED ने दाऊद इब्राहिम के करीबी माने जाने वाले ड्रग्स तस्कर सलीम डोला और उसके नेटवर्क पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जांच एजेंसी ने मुंबई, सूरत, अंकलेश्वर और राजकोट समेत 20 ठिकानों पर छापेमारी कर अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी सिंडिकेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की है।

जांच का केंद्र सलीम डोला है, जिसे हाल में तुर्किये से भारत प्रत्यर्पित किया गया था। बाद में NCB ने उसे गिरफ्तार किया। एजेंसियों के मुताबिक डोला लंबे समय से दाऊद इब्राहिम के अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स नेटवर्क को संभाल रहा था। ED अधिकारियों के अनुसार, जांच अब केवल ड्रग्स तस्करी तक सीमित नहीं है, बल्कि उस पूरे आर्थिक नेटवर्क को खंगाला जा रहा है जिसने वर्षों तक इस कारोबार को जिंदा रखा।



FILE

### ED काली कमाई का पता लगा रही

सूत्रों के मुताबिक, छापों का दायरा हवाला ऑपरेटरों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, फाइनेंस एडवाइजर्स और कथित बेनामी संपत्ति धारकों तक पहुंच चुका है। ED यह पता लगाने में जुटी है कि ड्रग्स कारोबार से कमाए गए पैसे को हवाला चैनलों के जरिए कैसे घुमाया गया और बाद में कैसे भारत और विदेशों में संपत्तियों में निवेश किया गया।

## पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

# 51 ज़ख्म, सिगरेट से दागा... लिव-इन पार्टनर ने 18 माह के मासूम की जान ली

■ NBT रिपोर्ट

**केरल के** नेदुमंगड में 18 महीने के बच्चे की हत्या मामले में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने बेहद चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। TOI की रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चे के शरीर पर 51 चोटों के निशान और गंभीर अंदरूनी रक्तस्राव मिला है। पुलिस का कहना है कि बच्चा लंबे समय से लगातार शारीरिक प्रताड़ना का शिकार था।

मामले में बच्चे की मां अखिला और उसके लिवइन पार्टनर अश्कर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मां को बच्चे पर हो रहे हमलों की जानकारी थी, लेकिन उसने किसी रिश्तेदार या अधिकारियों को इसकी सूचना नहीं दी। रविवार को जब पुलिस अश्कर को सबूत जुटाने के लिए उसके घर लेकर पहुंची तो वहां भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने आरोपी पर हमला करने की कोशिश की और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति संभालने के लिए भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बच्चे के शरीर पर जलाने और मारपीट के निशान थे। वहीं अश्कर की पहली पत्नी ने भी उस पर घरेलू हिंसा और प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं।

**बच्चे की मां और उसका साथी गिरफ्तार**



मां को बच्चे पर हो रहे अत्याचार का पता था पर पुलिस को नही बताया।

# नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 3 जून 2026


यदि कोई दल केवल तात्कालिक लाभ के लिए मूल्यों से समझौता करे, तो उसकी पहचान कमजोर पड़ जाती है।
*– रोनाल्ड रीगन, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति*

## मुश्किल में TMC

**पश्चिम बंगाल** विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद से TMC लगातार परेशानियों में घिरी हुई है। सत्ता से दूर होते ही पार्टी के भीतर का असंतोष सतह पर आ गया है। और अब जिस तरह की खींचतान चल रही है, उसे देखते हुए ऐसी अटकलें लग रही हैं कि क्या पार्टी टूट जाएगी।


बगावत का डर

**संघर्ष जारी** । ममता बनर्जी की छवि जुझारू नेता की है, जिन्होंने हर सियासी लड़ाई खुद जमीन पर उतर कर लड़ी। 34 साल पुरानी लेफ्ट सरकार के खिलाफ उपजे असंतोष को आवाज देकर 2011 में वह सीएम पद तक पहुंची थीं। 15 साल बाद जब वह विपक्ष में हैं, तो फिर से सड़क की राजनीति कर रही हैं। चुनाव बाद हिंसा के विरोध में मंगलवार को उन्होंने कोलकाता में धरना दिया। उन्होंने BJP पर चुनावों में गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। वह लड़ते हुए दिखना चाहती हैं, ताकि पार्टी को हार की हताशा से निकाल सकें, लेकिन इस बार मुश्किल बड़ी दिख रही है।

**एकजुटता पर सवाल** । 1998 में अपनी स्थापना के बाद से TMC शायद सबसे मुश्किल दौर से गुजर रही है। पार्टी के भीतर एकजुटता को लेकर सवाल हैं। ममता ने अपने विधायकों की बैठक बुलाई थी, जिसमें 80 में से केवल 20 पहुंचे। फिर पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में दो विधायकों को निष्कासित कर दिया गया। इन्हीं विधायकों ने फर्जी हस्ताक्षर मामले में शिकायत की है, जो अगर सही पाई जाती है तो मुश्किल और बढ़ेगी। इस बीच निलंबित प्रवक्ता रिजू दत्ता का दावा है कि 50 विधायक TMC से टूट कर पार्टी सिंबल पर दावा कर सकते हैं।

**मुश्किल राजनीति** । इधर देखा जा रहा है कि चुनावी हार के बाद पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं को एकजुट रखना मुश्किल हो रहा है। तमिलनाडु में भी परिणाम के बाद AIADMK में बगावत की खबरें आईं। महाराष्ट्र में कुछ साल पहले शिवसेना में बड़ी टूट हुई थी। और बंगाल में तो वैसे भी सत्ताधारी दल का पूरी व्यवस्था पर कब्जा रहता है। इसमें विपक्ष के लिए शायद ही गुंजाइश बचती हो। लेफ्ट के शासन में TMC इसी संकट से जूझ रही थी और जब TMC आई, तो BJP ने इसी तरह की परेशानी उठाई।

**कार्यकर्ताओं में बेचैनी** । इसके अलावा राजनीतिक हिंसा एक बड़ा मुद्दा है ही, जिसकी वजह से निचले स्तर पर कार्यकर्ताओं में डर और बेचैनी होती है। TMC में कई नेता ऐसे हैं, जिन्होंने 2011 के पहले का संघर्ष नहीं देखा, तो उनके लिए अडजस्ट करना वैसे भी मुश्किल हो सकता है। बगावत करने वालों को निशाने पर लेकर ममता पार्टी के भीतर संदेश देने की कोशिश कर रही हैं। देखना होगा कि इसका क्या असर होता है।

### नाभि में तीर

## पहली बारिश

**मुंबई की** बारिश बड़ी चुलबुली है। एक झलक दिखलाई और गायब हो गई। ढूंढते रहिए आसमान में। तकते रहिए बादलों में। इंतजार करते रहिए मोती जैसी बूंदों का। परंतु धोखेबाज नहीं है वह। इस बात की गारंटी है कि वह आएगी जरूर। कब आएगी, यह पता नहीं। लेकिन जब आएगी, छम से बरस जाएगी। तब भीषण गर्मी से हुई घमौरियों से छुटकारा मिल जाएगा। उमस दूर हो जाएगी। पसीने से निजात मिल जाएगी। कुम्हलाए चेहरों पर रौनक आ जाएगी।


हरि मृदुल

बॉलिवुड की हीरोइनों की तरह होशियार है मुंबई की बारिश। उसे चर्चा में बने रहना आता है और क्या खूब आता है। उसे पता है कि वह ऐसा नहीं करेगी, तो फिर खबर कैसे बनेगी। अखबारों में मय फोटो कैसे छपेगी। देखिए कि प्री-मॉनसून के नाम पर उसने किस तरकीब से बस कुछ ही मिनट और कुछ ही इलाकों में बिजली चमकाई। कुछ ही देर बरसी। कुछ ही सड़कें भिगोईं। कुछ ही पेड़ उखाड़े, जो एक-दो ऑटो रिक्शाओं पर ही गिरे। कुछ दीवारें भी हिला दीं। हो गया उसका काम। अगले दिन के अखबारों में पहले पन्ने पर जगह पा ली। न्यूज चैनलों में फुटेज आने लगे। FM रेडियो में गाना बजने लगा- घोड़े जैसी चाल, हाथी जैसी दुम। ओ सावन राजा कहां से आए तुम। चक धूम धूम चक धूम धूम...।




पहली बारिश में सड़कों पर थोड़ा बहुत पानी कहीं जमा हुआ और उस पर बगल वाली बिल्डिंग की छाया पड़ गई, तो प्रेस फोटोग्राफरों की आंखों में चमक आ गई। इस रूटीन दृश्य को उन्होंने हमेशा की तरह अलग-अलग एंगल से कैद किया और अपने-अपने अखबारों में दे दिया। कहीं बच्चों ने कॉपी फाड़कर कागज की कश्ती तैयार की, तो एक तस्वीर यह भी बन गई। कहीं कोई मेंढक फुदकता मिल गया या कोई सांप सरकता, तो वह भी अखबार में जगह पा गया। आखिर में रिपोर्टरों ने भी दर्ज कर दिया कि इतनी मिलीमीटर हुई पहली बारिश। तो इतने तरीकों से बारिश ने बता दिया कि वह आ रही है, स्वागत के लिए तैयार रहें।

### एकदा

संकलन : **ललित गर्ग**

## विज्ञान का सम्मान

**20वीं शताब्दी** के महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टाइन और विश्वप्रसिद्ध हास्य अभिनेता चार्ली चैपलिन एक बार फिल्म 'सिटी लाइट्स' के प्रदर्शन के लिए लॉस एंजिल्स के एक सिनेमाघर पहुंचे। वह नहीं चाहते थे कि दर्शक उन्हें पहचानें, लेकिन जैसे ही लोगों की नजर उन पर पड़ी, पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह दृश्य देखकर चैपलिन मुस्कराए और आइंस्टाइन से बोले, 'लोग आपका स्वागत इसलिए कर रहे हैं क्योंकि आपको कोई पूरी तरह समझ नहीं पाता, जबकि मेरा स्वागत इसलिए हो रहा है क्योंकि मुझे हर कोई समझ लेता है।' यह वाक्य उन्होंने मजाक में कहा, लेकिन इसका रहस्य कम गहरा नहीं था। आइंस्टाइन विज्ञान की उन ऊंचाइयों के प्रतीक थे जिन्हें समझने के लिए विशेष ज्ञान चाहिए, जबकि चैपलिन अपनी मूक अभिनय-कला से सीधे लोगों के हृदय तक पहुंच जाते थे। उनकी अभिव्यक्तियां भाषा और संस्कृति की सीमाओं से परे थीं। यह प्रसंग बताता है कि महानता के कई रूप होते हैं। कोई ज्ञान से दुनिया को दिशा देता है, तो कोई संवेदना और कला से लोगों के जीवन में आनंद भरता है। सच्ची महानता उपलब्धियों में नहीं, विनम्रता और दूसरों के गुणों के सम्मान में निहित होती है।



### सबसे पुरानी पार्टी नए चेहरों पर जता रही भरोसा, कर्नाटक ताज़ा मिसाल

# आख़िर बदल रही है कांग्रेस

AI image




राजकुमार सिंह

**लंबी खींचतान** के बाद कर्नाटक में सिद्धारमैया की जगह डीके शिवकुमार की ताजपोशी कांग्रेस में लीडरशिप में बदलाव भी है। 77 साल के सिद्धरामैया की जगह लेने वाले शिवकुमार 64 साल के हैं। पिछले दिनों 46 साल के नितिन नवीन BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने तो 80 साल पार के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से तुलना होने लगी। तब मीडिया में BJP में लीडरशिप में बदलाव की बहुत चर्चा हुई, लेकिन कांग्रेस भी अपनी राजनीतिक परिस्थितिजन्य सीमाओं के दायरे में इस बदलाव की राह पर चल रही है।

**केरलम में बदलाव** । हाल में उसने केरलम में 69 साल के रमेश चैन्निथला और 64 साल के केसी वेणुगोपालन को नजरअंदाज कर 61 साल के वीडी सतीशन को मुख्यमंत्री बनाया। बेशक सतीशन को पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा सबसे बड़े सहयोगी दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का समर्थन हासिल होना भी बड़ा कारण रहा, लेकिन कांग्रेस अक्सर ऐसी राजनीतिक दूरदर्शिता के लिए नहीं जानी जाती। राहुल गांधी के इस्तीफे के बाद खरगे को अध्यक्ष बनाने से भी कांग्रेस के 'अतीतजीवी' होने का ही संकेत गया। हालांकि इस फैसले के मूल में कांग्रेस की दूरगामी राजनीतिक रणनीति भी रही।

**मजबूत गढ़** । उत्तर और पश्चिम भारत में BJP के बढ़ते वर्चस्व के मद्देनजर अपने संकटमोचक दक्षिण भारत पर दांव लगाना कांग्रेस के लिए सही फैसला है। आपातकाल के बाद 1977 के आम चुनाव में जब कांग्रेस का उत्तर भारत से सफाया हो गया, तब भी दक्षिण ने साथ नहीं छोड़ा था। यह भी सच है कि तमाम कोशिशों के बावजूद दक्षिण भारत का मन BJP नहीं जीत पा रही। दक्षिण के पास लोकसभा की केवल 131 सीटें हैं, जिससे सत्ता राजनीति की सीमाएं स्पष्ट होती हैं, लेकिन उनमें अपना वर्चस्व बनाना कांग्रेस के लिए अपेक्षाकृत आसान हो सकता है। इसलिए नेहरू परिवार के बाहर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनते समय उम्रदराज खरगे पर दांव लगाने का फैसला गलत हरगिज नहीं था।

**कांग्रेस का सही कदम**
- जातीय समीकरणों के चलते शिवकुमार को लाने में देरी
- केरलम में 61 साल के वीडी सतीशन को सौंपी गई कमान
- संगठन में भी युवा नेताओं को मिल रही बड़ी जिम्मेदारी

**दूरदर्शी रणनीति** । दक्षिण में पकड़ मजबूत बनाते हुए उत्तर और पश्चिम भारत में BJP को चुनौती देने की रणनीति दूरदर्शिता है। तमिलनाडु में विजय की पार्टी TVK से गठबंधन में कांग्रेस अपेक्षाकृत ज्यादा लोकसभा सीटों की उम्मीद कर सकती है। वहीं, आंध्र प्रदेश में वह पूर्व मुख्यमंत्री जगन रेड्डी की पार्टी से दोस्ती की कोशिश कर रही है। जगन की बहन शर्मिला वहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हैं।

**नेतृत्व की मजबूरी** । 2014 से लगातार चुनावी पराभव झेल रही कांग्रेस में स्वाभाविक ही आलाकमान का BJP जैसा दबदबा नहीं रह गया है। इसीलिए मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्ता संघर्ष के समय आलाकमान 'मूकदर्शक' नजर आया, जो सत्ता से बेदखली का कारण भी बना।


**कर्नाटक की उलझन** । सामाजिक समीकरणों के मद्देनजर कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन ज्यादा मुश्किल था। सिद्धारमैया ओबीसी समुदाय से हैं, जिसे नाराज करने का जोखिम कोई राजनीतिक दल नहीं उठाना चाहता। राजनीतिक रूप से कर्नाटक में तीन ताकतवर समुदाय हैं - लिंगायत, वोक्कालिगा और कुरुबा। लिंगायत मुख्य रूप से BJP समर्थक हैं, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा सबसे बड़े वोक्कालिगा नेता रहे हैं। सिद्धारमैया कुरुबा नेता हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव में BJP की हार और कांग्रेस की जीत में सत्ता विरोधी भावना के अलावा सामाजिक समीकरण भी बड़ा कारक रहा।

**सही फैसला** । सिद्धारमैया को हटाने पर BJP, कांग्रेस को ओबीसी विरोधी के तौर पर पेश करना चाहेगी। शायद इसी जोखिम के चलते नेतृत्व परिवर्तन में विलंब भी हुआ। राज्यसभा में जाने से इनकार के चलते सिद्धारमैया के अगले कदम को लेकर अटकलें लगाई जाती रहेंगी, लेकिन 2028 का विधानसभा चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस को जैसा तेजतर्रार नेतृत्व चाहिए, उस कसौटी पर शिवकुमार खरे उतरते हैं।

**युवा नेतृत्व** । कर्नाटक, हिमाचल, तेलंगाना और केरलम में कांग्रेस ने पीढ़ीगत परिवर्तन कर दिया है। हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू 62 साल के हैं, तो तेलंगाना के रेवंत रेड्डी 56 के। संगठन में भी नए चेहरे नजर आने लगे हैं। आंध्र प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला 46 साल की हैं और मध्य प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी 52 साल के। अगले साल चुनाव वाले पंजाब में नेतृत्व परिवर्तन कभी भी संभव है, तो राजस्थान में सचिन पायलट समेत अन्य राज्यों के युवा नेताओं का इंतजार भी जल्द समाप्त होने की उम्मीदें बढ़ी हैं।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

# हज़रत जाते हैं लंदन, कृपा करो उन पर रघुनंदन


कृष्ण प्रताप सिंह


**अक्षम, अयोग्य,** निष्ठुर, विलासी, अय्याश, फिजूलखर्च और लापरवाह। फरवरी 1856 में अवध के नवाब वाजिद अली शाह का राजपाट छीनते वक्त ईस्ट इंडिया कंपनी के अफसरों ने उन पर ऐसी कई तोहमतें लगाईं और यह भी जताया कि राज्य की जनता उनके कुशासन से त्रस्त है, लेकिन इसी प्रजा ने उन्हें गलत सिद्ध करने में कतई देर नहीं की।

**पहला मंजर** । 13 मार्च, 1856 को वाजिद 'खुश रहो अहल-ए-वतन' कहकर लखनऊ से कलकत्ता के सफर पर निकल गए। तब धर्म-सम्प्रदाय के सारे भेद भुलाकर जनता उनके लिए आंसू बहाने लगी। कहा जाता है कि लखनऊ में इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ था कि किसी नवाब के लिए लोग इस कदर दुखी हुए हों।

**निकल गई आत्मा** । विलियम क्रुक ने अपनी किताब 'सॉन्स अबाउट द किंग ऑफ अवध' में लिखा है कि वाजिद क्या चले गए, मानो लखनऊ की आत्मा ही निकल गई। कोई सड़क, बाजार और घर ऐसा नहीं था जो दुखी न हुआ हो। लोकगीत के अनुसार उस समय लखनऊ की हालत कुछ ऐसी थी, 'गलियन गलियन रैयत रोवै, हटियन बनिया बजाज रे, महलन बइठी बेगम रोवैं, देहरी खड़े खवास रे, अंग्रेज बहादुर आइन, मुल्क लै लीन्हों और वाजिद अली मोरा प्यारा, शाह लंदन को सिधारा।'

**कलकत्ता गए या लंदन** । लखनऊ से उनकी हिजरत को लेकर दो बातें कही जाती हैं। पहली, ईस्ट इंडिया कंपनी ने उनको लखनऊ से मटियाबुर्ज (कलकत्ता) निर्वासित कर दिया था, और दूसरी यह कि कंपनी के अन्याय के खिलाफ वह महारानी विक्टोरिया से शिकायत करने के लिए लंदन जाना चाहते थे। जाने से पहले उन्होंने लखनऊ वालों से कहा था, 'दोस्तो, शाद रहो, तुमको खुदा को सौंपा। कैसरी बाग जो है, उसको सबा को सौंपा।'

### अवधनामा



**दुआओं का दौर** । लखनऊ से निकलते ही अफवाह उड़ी कि अंग्रेज उन्हें जबरन लंदन भेज रहे। इसके बाद वहां के मंदिर-मस्जिदों में उनके लिए प्रार्थना और दुआओं का दौर शुरू हो गया। हिंदू महिलाओं ने उनकी कुशलक्षेम के लिए भगवान से गुहार लगाई। महिलाएं कह रही थीं कि हजरत जाते हैं लंदन, कृपा करो उन पर रघुनंदन।

**कलकत्ता में रहे** । कहा जाता है कि लखनऊ से बहुत से लोग उनको विदा करने कानपुर तक गए थे और उनके बहुत इसरार करने पर वापस लौटे। बाद में कई कारणों से वाजिद कलकत्ता में ही रह गए और लंदन नहीं जा पाए। एक प्रतिनिधिमंडल के साथ उनकी मां लंदन गईं भी, लेकिन क्वीन विक्टोरिया की बेरुखी से निराश होकर लौटते समय रास्ते में ही उनका इंतकाल हो गया।


THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in


## शंकराचार्य की इस बात से असहमत हुआ जा सकता है

करन सिंह

**ईश्वर और** मानव के बीच क्या संबंध है? यह प्रश्न सदियों से धर्मों, दार्शनिकों और आध्यात्मिक साधकों को चिंतित करता रहा है। विभिन्न धार्मिक ग्रंथों और दर्शन परंपराओं ने इसके अलग-अलग उत्तर दिए हैं। इसी संदर्भ में मैंने आदि शंकराचार्य के दर्शन को अपने दृष्टिकोण से समझने और परखने का प्रयास किया।

आदि शंकराचार्य भारतीय दर्शन के महानतम आचार्यों में गिने जाते हैं। उनकी टीकाओं और भाष्यों के कारण ही हम वेदांत के तीन आधारभूत ग्रंथों - उपनिषदों, भगवद्गीता और ब्रह्मसूत्र को गहराई से समझ पाते हैं। उनके विशाल योगदान के प्रति मेरे मन में गहरा सम्मान है। इसलिए उनके विचारों से मतभेद का अर्थ उनके महत्व को कम करना नहीं है। मेरा मतभेद उनके आध्यात्मिक लक्ष्य को लेकर है। शंकराचार्य अपने दर्शन में 'चिदानंदरूपः शिवोऽहम् शिवोऽहम्' यानी 'मैं शिव हूं' की अनुभूति को अंतिम सत्य मानते हैं। लेकिन, मेरा मानना है कि मनुष्य शिवत्व का अनुभव तो कर सकता है, पर स्वयं शिव नहीं बन सकता। साधना के माध्यम से हम ऐसी अवस्था तक पहुंच सकते हैं, जहां स्वयं को शिव की चेतना का अंश अनुभव करें। किंतु शिव का अंश होना और स्वयं शिव बन जाना, दोनों अलग बातें हैं।

AI Image



मैं वल्लभाचार्य और माधवाचार्य के विचारों के अधिक निकट महसूस करता हूं। उनके अनुसार जीव और ईश्वर में गहरा संबंध है, लेकिन दोनों का पूर्ण विलय नहीं होता। जहां शंकराचार्य कहते हैं, 'ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या', वहीं मैं मानता हूं कि ब्रह्म भी सत्य है और उसकी सृष्टि भी। जीव शिव से अलग नहीं, बल्कि उनका ही अंश है। हालांकि ये दार्शनिक मतभेद महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है आत्मिक साधना। आज जब संसार घृणा, हिंसा और युद्धों से जूझ रहा है, तब आध्यात्मिक मार्ग पर चलने वालों की जिम्मेदारी है कि वे संतुलन, करुणा और विवेक बनाए रखें। अंततः प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं यह समझना होगा कि ईश्वर से उसका संबंध क्या है और वह अपने जीवन को किस दिशा में ले जाना चाहता है।

### कांटे की बात

राबड़ी देवी को बंगला खाली करना होगा। कोई माई का लाल इसे रोक नहीं सकता। मां को अलग बंगला चाहिए, बेटे को अलग। पति, पत्नी, बेटे को अलग-अलग सुरक्षा भी चाहिए। ऐसे नहीं चलेगा। यह लोकतंत्र है, राजतंत्र नहीं।



सम्राट चौधरी, *बिहार के मुख्यमंत्री*

### छोटी बात, बड़ा फ़र्क़

## कूनो में अब चीतों से भी आगे बढ़ी कहानी

*कभी गर्मियों में पानी की कमी से जूझने वाला कूनो नैशनल पार्क वन प्रबंधन के बूते पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण बन गया है। चीता प्रॉजेक्ट से चीतों के अलावा दूसरे वन्यजीवों की चहलकदमी भी बढ़ी है।*

AI image



**सूखे पहाड़ों तक पहुंचा पानी**

**वन विभाग** ने कूनो नदी का पानी दूरस्थ और ऊंचाई वाले क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए सोलर लिफ्ट पंप सिस्टम लगाए हैं। ओछापुरा और वेस्ट पालपुर रेंज के तालाब अब पानी से लबालब रहते हैं। पहले गर्मियों में इलाका छोड़ देने वाले भेड़िये भी हमेशा दिखाई दे रहे हैं।

**दुर्लभ जानवर आए**

**कूनो के** सुधरते इकोसिस्टम से दुर्लभ प्रजातियों की वापसी हो रही है। 113 बरसों के बाद फॉरेस्ट आउलेट दिखा है, जबकि पहली बार जंगली कुत्ता ढोल भी नजर आया। पर्यटन ने स्थानीय लोगों के लिए आय के नए रास्ते खोले हैं। नेचर गाइड, पर्यटन सेवाओं और छोटे कारोबारियों को लाभ मिल रहा है।

*- अभिषेक मिश्र*

**जनता जंक्शन** कप्तान

**वर्ल्ड बाइसिकल डे ...**




# क्या BJP बदल पाएगी बंगाल की राजनीतिक संस्कृति

पूनम पाण्डे

**पश्चिम बंगाल** में पहली बार BJP की सरकार बनने के बाद राज्य में राजनीतिक तनाव लगातार बढ़ता दिख रहा है। सत्ता परिवर्तन के बाद अलग-अलग जिलों से राजनीतिक हिंसा, हमलों और टकराव की खबरें सामने आई हैं। TMC ने दावा किया कि उसके कई नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हमले हुए हैं। पार्टी के सांसद कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि हुगली में चंदीतला पुलिस स्टेशन के पास उन पर हमला किया गया, जिसमें उन्हें चोटें आईं।

पार्टी ने इससे पहले अभिषेक बनर्जी पर हमले की बात कही और आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। TMC हमलों के लिए BJP को जिम्मेदार बता रही है और BJP ने सभी आरोपों को खारिज किया है। राजनीतिक तनाव के बीच पश्चिम बंगाल में पहले की चुनावी हिंसा से जुड़े मामलों पर भी कार्रवाई जारी है। हाल ही में TMC के पूर्व विधायक खोखन दास को 2021 विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार किया गया।

विशुद्ध राजनीति
कसौटी

### सत्ता परिवर्तन या कुछ और

पश्चिम बंगाल में BJP के आने को सिर्फ सत्ता परिवर्तन के तौर पर नहीं देखा जा रहा, बल्कि इसे राजनीतिक संस्कृति के नए दौर के तौर पर पेश किया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस के लंबे शासन के दौरान BJP लगातार यह आरोप लगाती रही कि TMC ने बंगाल में राजनीतिक हिंसा को लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बना डाला है। BJP नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हमलों की गूंज दिल्ली तक पहुंचती रही।

TMC पर चुनाव बाद हिंसा का आरोप लगा और विपक्ष के लिए सीमित राजनीतिक स्पेस को लेकर BJP ममता बनर्जी सरकार को कठघरे में खड़ा करती रही। शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में BJP की सरकार बनने के बाद इसे राज्य का नया राजनीतिक अध्याय बताया गया। BJP ने दावा किया है कि कानून का राज मजबूत होगा और राजनीतिक हिंसा पर अंकुश लगेगा। साथ ही ये भी कहा कि BJP ऐसा माहौल बनाएगी, जिसमें राजनीतिक मतभेद दुश्मनी में न बदलें। लेकिन अभी जिस तरह की खबरें पश्चिम बंगाल से आ रही हैं वो पहले से अलग नहीं हैं। ये भी कहा जा रहा है कि बंगाल में लंबे समय तक TMC शासन के बाद पहली बार सत्ता परिवर्तन हुआ है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई और संगठनात्मक संतुलन की प्रक्रिया तनाव बढ़ा रही है।



पार्टी ने बंगाल में होने वाली राजनीतिक हिंसा को हमेशा बड़ा मुद्दा बनाया। अगर BJP सरकार में भी हिंसा, प्रतिशोध और राजनीतिक टकराव की घटनाएं जारी रहती हैं तो इससे उसकी राजनीतिक विश्वसनीयता कम होगी। ये सवाल भी उठेंगे कि अगर स्थितियां पहले जैसी ही रहीं तो फिर बदलाव क्या हुआ। BJP के सामने चुनौती सिर्फ कानून-व्यवस्था बनाए रखने की नहीं है बल्कि लोगों को यकीन दिलाना होगा कि राज्य की प्रशासनिक मशीनरी किसी राजनीतिक दल का औजार नहीं है।

### अनुशासन लाना जरूरी

बंगाल की राजनीति लंबे समय से प्रतिस्पर्धा वाली और बेहद भावनात्मक रही है, जो कई बार हिंसक रूप ले लेती है। इसलिए BJP को अपने संगठन के अंदर भी अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। ये भी याद रखना होगा कि पार्टी ने बदलाव के लिए वोट मांगा था और बदलाव सिर्फ सत्ता का नहीं बल्कि राजनीतिक माहौल बदलने का वादा था। इसलिए हिंसा को सिर्फ लोगों का आक्रोश कहकर खारिज करने की बजाय जमीन पर शांति और स्थिरता स्थापित करने की कोशिश ही सबसे सटीक जवाब होगा।

### रीडर्स मेल

## हिंसा स्वीकार्य नहीं

**यह पत्र** 2 जून के संपादकीय रोग पुराना से संबंधित है। पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हिंसा की घटनाएं लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। सत्ता परिवर्तन के बावजूद राजनीतिक प्रतिशोध और हिंसा की संस्कृति खत्म होती नहीं दिख रही। राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन हिंसा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकती। राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह सभी नागरिकों और राजनीतिक दलों के नेताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे। इसके अलावा, विपक्ष को भी संयम बरतना चाहिए। यदि यह टकराव जारी रहा, तो शासन और विकास दोनों प्रभावित होंगे। बंगाल को हिंसा नहीं, बेहतर लोकतांत्रिक संवाद की जरूरत है।

**कौशल भट्टाचार्य, नोएडा**

**nbtedit@timesofindia.com** पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

आर.एन.आई. नं. 510/57 © सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति के बिना संपूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित। यह समाचार पत्र स्वत्वाधिकारी बैनेट, कोलमैन एण्ड कम्पनी लिमिटेड के लिए राजीव यादव द्वारा, 7 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित, आशीष पांडे द्वारा संपादित (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी) तथा मनीष सिन्हा द्वारा, **टाइम्स ऑफ इंडिया प्रेस, 13/1 & 2, साइट IV, औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद, गाजियाबाद (उ.प्र.)** से और नवनीत आहूजा द्वारा, प्लॉट नंबर 7-8, सेक्टर-11, IMT मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा-122051 से मुद्रित। फोन : 23302000, पंजीकृत कार्यालय : दादाभाई नौरोजी रोड, मुंबई-400001। विमान सेवा शुल्क : 1 रु. प्रति कॉपी। नेपाल में कुल मूल्य: सोमवार से शनिवार : नेपाली 5 रु. ; रविवार : नेपाली 6 रु.

इंग्लैंड के कंडिशन किसी भी तरह अपरिचित नहीं हैं। मेरे लिए विमिंस टी20 वर्ल्ड कप में भारत प्रबल दावेदार है। मैं भारतीय टीम को टॉप-4 में नहीं, बल्कि टॉप-2 और फिर टॉप पर देखना चाहती हूं। *-अंजुम चोपड़ा, पूर्व कप्तान, भारतीय विमिंस क्रिकेट टीम*





**13**

*बल्लेबाजों ने IPL के 19वें सीजन में 500+ रन बनाए। इनमें सर्वाधिक तीन-तीन गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद के हैं*

## IPL के 19वें सीजन ने भारतीय सिलेक्टर्स को ओपनिंग स्लॉट के लिए दिए कई विकल्प

# भारत में खुला ओपनर्स का पिटारा

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** IPL 2026 से पहले टी20 फॉर्मेट में विस्फोटक ओपनिंग बल्लेबाज के तौर पर अभिषेक शर्मा का कोई विकल्प नजर नहीं आता था। मगर सीजन खत्म होते-होते नए ओपनर्स ने इतनी दमदार दस्तक दे दी है कि टीम इंडिया में जगह के लिए एक तगड़ी जंग शुरू हो गई है। भारत को टी20 वर्ल्ड कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले अभिषेक और संजू सैमसन की ओपनिंग जोड़ी की टीम इंडिया में जगह पर खतरा मंडराने लगा है। भारतीय क्रिकेट में ओपनर्स का जो पिटारा खुला है, उससे सिलेक्टर्स को एक 'मीठा दर्द' होने वाला है।



वैभव सूर्यवंशी | संजू सैमसन | प्रियांश आर्या | शुभमान गिल

### वैभव सूर्यवंशी 776 रन

इनिंग्स 16 | स्ट्राइक रेट 237.30 | ऐवरेज 48.50 | शतक 1, फिफ्टी 5 | पावरप्ले रन: 521 स्ट्राइक रेट: 233.

वैभव सूर्यवंशी ने लगभग हर प्रमुख बल्लेबाजी आंकड़े में प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने दूसरे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज की तुलना में 44 रन अधिक बनाए, उनका स्ट्राइक रेट 23 अंक बेहतर रहा और उन्होंने 29 सिक्स ज्यादा लगाए। उनकी पारियों की गुणवत्ता भी प्रभावशाली रही। उन्होंने RCB के खिलाफ केवल 26 गेंदों पर 78 रन ठोक दिए। इसके अलावा 36 गेंदों में शतक लगाया, 'करो या मरो' जैसे मुकाबले में 221 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 38 गेंदों पर 93 रन बनाए और अपने पहले ही प्लेऑफ मैच में 29 गेंदों पर 97 रन की विस्फोटक पारी खेली।

### संजू सैमसन 477 रन

पावरप्ले रन: 235 स्ट्राइक रेट: 152.5
इनिंग्स 14 | स्ट्राइक रेट 165.62 | ऐवरेज 43.36 | शतक 2, फिफ्टी 1

टी20 वर्ल्ड कप देर से एंट्री के बावजूद चंद मैचों में करिश्माई प्रदर्शन करके 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का सम्मान पाने वाले संजू सैमसन के लिए भी IPL 2026 शानदार रहा। नई फ्रेंचाइजी के लिए उन्होंने दो शतक लगाए। पहला शतक मुंबई इंडियंस के खिलाफ आया, जहां उन्होंने 54 गेंदों में नाबाद 101 रन बनाए। इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उन्होंने 56 गेंदों में नाबाद 115 रन की विस्फोटक पारी खेली। इसी दौरान उन्होंने IPL इतिहास में 5,000 रन का आंकड़ा भी पार कर लिया, जो उनके करियर की एक बड़ी उपलब्धि रही।

### शुभमान गिल 732 रन

पावरप्ले रन: 330 स्ट्राइक रेट: 157.8
इनिंग्स 16| स्ट्राइक रेट 163.02 | ऐवरेज 45.75 | 100/50: 1/6

शुभमान गिल और साई सुदर्शन ने जिस तरह से जोड़ी ने प्रदर्शन किया है उस लिहाज से इन दोनों की चर्चा अलग-अलग करना गलत होगा। ये दोनों व्यक्तिगत तौर पर के अलावा एक ओपनिंग जोड़ी के तौर पर भी टीम इंडिया में जगह बनाने के दावेदार हैं। इन दोनों ने टी20 क्रिकेट में पार्टनरशिप की परिभाषा बदली है। एक और सीजन में दोनों 700 से अधिक रन बनाने के साथ IPL की सबसे सफल ओपनिंग जोड़ी बन चुकी है। पिछले साल सुदर्शन ने 759 रन बनाकर ऑरेंज कैप जीती थी, जबकि गिल 650 रन के साथ चौथे स्थान पर रहे थे।

### साई सुदर्शन 722 रन

पावरप्ले रन: 346 स्ट्राइक रेट: 142.3
इनिंग्स 17 | स्ट्राइक रेट 157.98 | ऐवरेज 45.12 | शतक 1, फिफ्टी 8

### प्रियांश आर्या 364 रन

इनिंग्स 13 | स्ट्राइक रेट 211.62 | ऐवरेज 48.50 | शतक 1, फिफ्टी 5
पावरप्ले रन: 294 स्ट्राइक रेट 216.1

प्रियांश आर्या भी टी20 फॉर्मेट के सबसे खतरनाक पावरप्ले बल्लेबाजों में से एक बनकर उभरे हैं। IPL 2026 में 350 प्लस रन बनाने वाले बैटर्स में वैभव के अलावा प्रियांश ही वह ओपनर रहे, जिनका स्ट्राइक रेट 200 प्लस रहा। पंजाब किंग्स के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 37 गेंद पर 93 रन की सनसनीखेज पारी खेलकर अपनी छाप छोड़ी। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ केवल 16 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया, जो सीजन की सबसे विस्फोटक पारियों में से एक थी।

### अभिषेक शर्मा 563 रन

इनिंग्स 15 | स्ट्राइक रेट 204.72 | ऐवरेज 40.21 | शतक 1, फिफ्टी 4
पावरप्ले रन: 369 स्ट्राइक रेट 214.5

सूर्यवंशी के शोर में अभिषेक शर्मा की चर्चा कम हुई, लेकिन यह बैटर जब-जब मैदान पर उतरा, विपक्षी गेंदबाजों के लिए बुरा सपना साबित हुआ। सीजन का सबसे बड़ा आकर्षण DC के खिलाफ उनकी नाबाद 135 * रन की पारी रही, जो उन्होंने सिर्फ 68 गेंदों में खेली। इस दौरान 10 लंबे सिक्स लगाए। वह क्रिस गेल के बाद केवल दूसरे खिलाड़ी बने, जिन्होंने IPL में एक से अधिक बार पारी में 10 या उससे अधिक सिक्स लगाए हैं।

**NBT Lens खबरों के अंदर की बात**

### संजू-अभिषेक की जोड़ी पर खतरा!

रोहित शर्मा के रिटायरमेंट के बाद ओपनिंग में अभिषेक शर्मा को मौका मिला, जो IPL में लगातार अपनी छाप छोड़ रहे थे। सिलेक्टर्स ने पिछले दो वर्षों में किसी अन्य नए ओपनर को टी20I में नहीं आजमाया। इस दौरान अभिषेक, शभुमान गिल, ईशान किशन और संजू सैमसन के बीच ओपनिंग स्लॉट को लेकर 'म्यूजिकल चेयर' गेम चलता रहा और पिछले टी20 वर्ल्ड कप के आखिर में जाकर संजू-अभिषेक की ओपनिंग जोड़ी टीम इंडिया की स्थापित ओपनिंग जोड़ी बन गई।

## स्पोर्ट्स QUIZ

**इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।**

1. **पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप किस शहर में आयोजित होगी?**
   A) नई दिल्ली B) बेंगलुरु C) पुणे D) अहमदाबाद
2. **पेसर आकिब नबी किस टीम से रणजी ट्रॉफी खेलते हैं?**
   A) आंध्र प्रदेश B) झारखंड C) केरल D) जम्मू-कश्मीर

**कल के जवाब**
1. D) वैभव सूर्यवंशी 2. C) 98

**लकी WINNER**



1. धनेश्वर कुमार कालरा, फरीदाबाद
2. मीनाक्षी मदान, नई दिल्ली
3. पार्थ सिन्हा, लखनऊ

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फीफा वर्ल्ड कप

# सितारों का जमघट

*अब से ठीक 10 दिन बाद पूरी दुनिया फुटबॉल के रोमांच में सराबोर होने के लिए तैयार है। इतिहास में पहली बार 48 टीमें फीफा वर्ल्ड कप में दम दिखाएंगी। फैंस को पूरे 39 दिनों तक दिग्गज फुटबॉलर्स को ऐक्शन में देखने का मौका मिलेगा। इस महाकुंभ में कुछ ऐसे चुनिंदा खिलाड़ी भी होंगे, जिनके जादुई खेल पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी रहेंगी। अगले कुछ दिनों में हम आपको इन्हीं चुनिंदा सितारों से रूबरू कराएंगे।*

### अर्लिंग होलन | नॉर्वे

**सेंटर फॉरवर्ड, कैप्स/गोल: 49/55**

फुटबॉल की दुनिया में अर्लिंग होलन की पहचान गोलों के 'देवता' के रूप में। उनके आंकड़े किसी मिथक से कम नहीं लगते। योग अभ्यास करने वाले अर्लिंग ने नॉर्वे के लिए सिर्फ 46 मैचों में 50 गोल पूरे कर लिए। वह 50 इंटरनैशनल मैचों से कम में 50 गोल करने वाले इतिहास के केवल छठे फुटबॉलर बने। साल 2025 में उन्होंने नॉर्वे के लिए नौ मैचों में 17 गोल दागे।



### राफिन्हा | ब्राजील

**लेफ्ट विंगर, कैप्स/गोल: 38/11**

यह राफिन्हा (29 वर्ष) का दूसरा वर्ल्ड कप होगा। वह अपने दौर के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 2024-25 के UEFA चैंपियंस लीग में 22 गोल योगदान (13 गोल + 9 असिस्ट) किए और 2013-14 सीजन में रोनाल्डो के रेकॉर्ड की बराबरी की। इस सीजन गोल और असिस्ट, दोनों मामलों में उनसे बेहतर प्रदर्शन कोई खिलाड़ी नहीं कर सका।



### मोहम्मद सालाह | इजिप्ट

**राइट विंगर, कैप्स/गोल: 113/65**

बचपन में मोहम्मद सालाह खुद को रोनाल्डो, टोटी या जिनेडिन जिडान के रूप में कल्पना करते थे। यह सपना हकीकत में बदल गया। इस सुपरस्टार का नाम उन महान प्लेयर्स की सूची में शामिल हो चुका है, जिनकी कभी वह नकल किया करते थे। वह पुस्कास अवॉर्ड जीतने वाले एकमात्र अफ्रीकी खिलाड़ी है। इजिप्ट के लिए दूसरे सबसे ज्यादा गोल (65) करने वाले खिलाड़ी हैं।



## फटाफट खबरें

### पाटीदार को कमान

**ग्वालियर:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लगातार दो IPL खिताब जिताने के बाद रजत पाटीदार अब मध्य प्रदेश टी20 लीग (एमपीएल) में जेकेसी स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली ग्वालियर चीता टीम की कप्तानी करेंगे। यह टीम लीग के पिछले सीजन में सेमीफाइनल तक पहुंची थी।

### दीक्षा डोप टेस्ट में फेल

**नई दिल्ली:** महिलाओं की 1500 मीटर की राष्ट्रीय रेकॉर्डधारी और राष्ट्रीय खेलों की सिल्वर मेडल विजेता केएम दीक्षा डोप जांच में विफल हो गई हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

### अभय, वीर बाहर

**बर्मिंघम:** भारत के अभय सिंह और वीर चोटरानी दूसरे राउंड में हारकर ब्रिटिश ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप से बाहर हो गए। अभय इजिप्ट के मो. जकारिया से 9-11, 4-11, 11-7, 10-12 से हार गए। वीर को वेल्श के जोएल मैकिन ने 12-10, 11-9, 11-3 से हराया।

### कॉन्ट्रैक्ट में 46 प्लेयर

**कोलंबो:** श्रीलंका क्रिकेट ने 2026-27 सीजन के लिए नैशनल प्लेयर कॉन्ट्रैक्ट्स की घोषणा कर दी है, जिसमें 46 खिलाड़ी शामिल हैं। ये कॉन्ट्रैक्ट्स 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक लागू रहेंगे। इसमें ए1, ए2, बी1, बी2, सी1 और सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट्स शामिल हैं।

### अतीका ने जीती रेस

**थेसालोनिकी:** महज 11 साल की भारतीय कार्ट रेसिंग ड्राइवर अतीका मीर ने 'चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर' अकैडमी प्रोग्राम के दूसरे राउंड में क्वॉलिफाइंग, हीट रेस और फाइनल्स में जीत दर्ज कर सबसे प्रभावशाली सफलता हासिल की।

## भारत के कोहलीनूर...




**सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वाले क्रिकेटर विराट कोहली जब मैदान पर उतरते हैं तो उनके प्रति लोगों की दीवानगी को शब्द भी मिल जाते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग के एक मैच के दौरान किसी प्रशंसक द्वारा लिखे गए इन शब्दों ने सभी का ध्यान खींचा। कोहली ने IPL 2026 में 675 रन बनाए और सर्वाधिक रन बनाने वाले बैटर्स के बीच चौथे स्थान पर रहे।**

**नॉर्वे चेस टूर्नामेंट**

## प्रग्ना और गुकेश ने उम्मीदें रखीं कायम

**एजेंसियां, ओस्लो:** पिछले दौर में निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने नॉर्वे चेस टूर्नामेंट के सातवें दौर में शानदार वापसी करके खिताब की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश और आर प्रग्नानंदा ने ओपन वर्ग में महत्वपूर्ण जीत हासिल की, जबकि दिव्या देशमुख ने महिला वर्ग में हमवतन कोनेरू हंपी को हराया। छठे दौर में चारों भारतीय खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा था।


आर प्रग्नानंदा

## नबी, प्रिंस भारतीय टीम को नेट प्रैक्टिस कराएंगे

**एजेंसियां, न्यू चंडीगढ़:** जम्मू-कश्मीर के फास्ट बोलर आकिब नबी को अफगानिस्तान के खिलाफ छह जून से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारत के नेट प्रैक्टिस सेशन के लिए चुने गए छह बोलर्स में शामिल किया गया है। नबी को इस मैच के लिए टेस्ट टीम में नहीं चुने जाने पर सिलेक्शन कमिटी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। नबी के अलावा IPL में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले उत्तर प्रदेश के लेग स्पिनर जीशान अंसारी को भी नेट प्रैक्टिस के लिए बुलाया गया है क्योंकि अफगानिस्तान की टीम में कलाई के स्पिनर होने की संभावना है। नेट प्रैक्टिस के लिए जिन अन्य बोलर्स को बुलाया गया है उनमें बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर शिवांग कुमार, बाएं हाथ के फास्ट बोलर गुरजपनीत सिंह, तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और ऑफ स्पिनर सारांश जैन शामिल हैं।

**सपोर्ट स्टाफ में बहुतुले भी जुड़े:** इस बीच BCCI ने पूर्व इंटरनैशनल क्रिकेटर साईराज बहुतुले को भारतीय मेंस टीम का स्पिन बोलिंग कोच नियुक्त किया है।


पेसर आकिब नबी

**इंडोनेशिया ओपन**

## सिंधु दूसरे दौर में, लक्ष्य, श्रीकांत हारे

**एजेंसियां, जकार्ता:** पीवी सिंधु ने थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 25-23, 21-16 से सीधे गेम में शिकस्त देकर इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। लेकिन किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन पहले राउंड की बाधा पार करने में नाकाम रहे। श्रीकांत मेंस सिंगल्स में जापान के युशी तनाका से 19-21, 15-21 से हार गए। सेन भी इंडोनेशिया के अलवी फरहान से 19-21, 16-21 से मैच गंवा बैठे।


पीवी सिंधु

## ज्वेरेव ने जोडर को दिखाया बाहर का रास्ता

**एजेंसियां, पैरिस:** स्पेन के उभरते सितारे 19 साल के राफेल जोडर का फ्रेंच ओपन टेनिस का सफर क्वॉर्टर फाइनल में थम गया। मेंस सिंगल्स में दुनिया के नंबर-2 खिलाड़ी जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अनुभव का फायदा उठाते हुए जोडर को 7-6, 6-1, 6-4 से हराया।

**सबालेंका, मीरा जीतीं:** विमिंस सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर-1 आरिना सबालेंका ने नाओमी ओसाका के विजय अभियान पर विराम लगाकर क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने ओसाका को 7-5, 6-3 से शिकस्त दी। आठवीं वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने सोराना किर्स्ती को केवल 56 मिनट में 6-0, 6-3 से शिकस्त देकर विमिंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में जगह पक्की की। उधर, यूक्रेन की मार्टा कोस्तयुक ने हमवतन एलिना स्वितोलिना को 6-3, 2-6, 6-2 से हराकर अंतिम-4 में जगह पक्की की।

**ओसाका पर बनाई बढ़त:** ओसाका इस मैच के लिए भी सुनहरे सेक्विन वाली पोशाक के ऊपर एक सुनहरी बॉम्बर जैकेट पहनकर कोर्ट पर उतरीं। फैशन की मामले में भले ही ओसाका ने बाजी मारी हो, लेकिन खेल के मामले में सबालेंका का कोई सानी नहीं था जिन्होंने अपनी इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना करियर रेकॉर्ड 3-1 कर दिया।

फ्रेंच ओपन



**मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि सामने कौन है। मैं केवल उस बॉल पर ध्यान देती हूं जो मेरी ओर आ रही होती है। मेरा पूरा ध्यान अपने खेल और रणनीति पर रहता है।** *- मीरा एंड्रीवा, रूसी टेनिस प्लेयर*

**विश्व योगासन चैंपियनशिप**

## अमेरिका की योग टीम भी लेगी हिस्सा

**पीटीआई, न्यूयॉर्क:** अमेरिका की योग टीम 4-8 जून तक अहमदाबाद में होने वाली पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप में भाग लेगी। अमेरिकी योग संघ के संस्थापक एवं अध्यक्ष बलविंदर सिंह 11 सदस्यीय अमेरिकी टीम का नेतृत्व करेंगे। टीम का चयन अप्रैल में कनेक्टिकट में क्वॉर्टर फाइनल ट्रायल के आधार पर किया गया था। अमेरिकी टीम के सदस्यों ने पिछले सप्ताह न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास का दौरा किया। प्रतियोगिता में 60 से अधिक देशों के खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

## लालथंतलुआंगी, शिल्पी भारतीय टीम में शामिल

**विमिंस नेशंस कप हॉकी**

**एजेंसियां, नई दिल्ली:** युवा डिफेंडर लालथंतलुआंगी और शिल्पी डबास को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले FIH हॉकी विमिंस नेशंस कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारत को जापान, अमेरिका और उरुग्वे के साथ पूल-ए में रखा गया है। जबकि पूल-बी में न्यूजीलैंड, चिली, कोरिया और फ्रांस शामिल हैं। भारत 15 जून को अमेरिका के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके एक दिन बाद उसका सामना जापान से होगा। सलीमा टेटे कप्तानी करेंगी।

**टीम:** गोलकीपर- सविता, बिचु देवी खारीबाम। डिफेंडर: सुशीला चानू पुखरंबम, इशिका चौधरी, लालथंटलुआंगी, शिल्पी डबास, ज्योति, निक्की प्रधान। मिडफील्डर: सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा, दीपिका सोरेंग, सोनम, लालरेम्सियामी। फॉरवर्ड: नवनीत कौर, दीपिका, रुतुजा दादासो पिसल, इशिका, अन्नू।


लालथंतलुआंगी

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES 21 Mar - 19 Apr**
कार्यक्षेत्र में परिवर्तन और बदलाव आने से आप कभी भी घबराते नहीं हैं लेकिन आज शासन अथवा व्यवस्था की तरफ से कुछ ऐसे बदलाव आ रहे हैं जिसमें आपकी हिम्मत जवाब दे रही है। किसी प्रकार के कानूनी फंदे में भी आप फंसना नहीं चाहते हैं। ऐसे में पलायन करना भी ठीक नहीं है।

**TAURUS 20 Apr - 19 May**
आप हमेशा दूसरों के भरोसा बैठकर अपने लिए कुछ प्राप्त कर लेने की इच्छा रखते हैं। पर ध्यान रहे कि किसी दूसरे की चेष्टा पर स्वयं लाभ उठा लेना बहुत दिनों तक जारी नहीं रहेगा। एक न एक दिन आपको परिश्रम करना पड़ेगा। आपको दूसरों के भरोसे बैठने की जगह खुद काम करना शुरू कर देना चाहिए।

**GEMINI 21 May - 21 Jun**
आज दिन के पूर्वार्ध में छुटपुट लाभ की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। कोई भी व्यवसाय छोटा-बड़ा नहीं होता, एक बार अनुभव हो जाए तो बस दुनिया अपनी मुट्ठी में ही समझिए। रात्रि का समय मित्रों, परिजनों के बीच हास-परिहास में व्यतीत होगा।

**CANCER 22 Jun - 22 July**
आपको यह याद रखना होगा कि समाजसेवा एक ऐसा क्षेत्र है जहां आपकी राशि को दिन दूनी और रात चौगुनी उन्नति मिलती है। इसलिए अगर आप किसी अच्छे संगठन से जुड़े हैं तो आपके लिए यह बहुत अच्छी बात है। आजकल आपके लिए कई मौके आ रहे हैं, जिनसे फायदा होगा। किसी भी मौके को हाथ से न जाने दें।

**LEO 23 July - 22 Aug**
खुशी की बात है कि आपके प्रयास अब रंग ला रहे हैं। आज के दिन आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज अपने अधीनस्थ सहयोगियों के प्रति आपका व्यवहार उदारतापूर्ण होगा और उनकी ढेर सारी गलतियों को भी आप माफ करने को तैयार हो जाएंगे। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए शुभ है।

**VIRGO 23 Aug - 22 Sep**
अपने मित्रों और प्रियजनों की खातिर आप कुछ ज्यादा ही चिंतित हो जाते हैं। अपने काम को छोड़कर भी आप दूसरों के साथ उनके फालतू समय में शरीक होकर अपना कीमती वक्त बर्बाद कर लेते हैं। आज के दिन आपको अपने बारे में ज्यादा सोचना है। कामकाज की स्थिति अनुकूल हो रही है।

**LIBRA 23 Sep - 22 Oct**
आपको अपने कार्यक्षेत्र में हमेशा ही दूसरों के भरोसे नहीं रहना चाहिए। आपको कभी-कभी अपनी शर्तों पर काम करने की कोशिश करनी चाहिए। हो सकता है कि सही समय पर काम की शुरूआत करने से आपकी व्यग्रता और तनाव अपने आप ही घट जाए। इसलिए अपनी क्रियाशीलता कम न होने दें। ऐसा करने पर धीरे-धीरे मानसिक शांति भी आएगी।

**SCORPIO 23 Oct - 21 Nov**
आज कुछ भावनात्मक और दिल से जुड़े हुए प्रसंग सामने आएंगे। आपकी करूणा और उदारता कहीं-कहीं पर आपके लिए ही भारी पड़ जाती है। यदि यह किसी प्रकार की न्याय नीति का मामला हो या कानूनी दायरे में कुछ कर दिखाने की इच्छा हो, तो आपके पास एक ठोस युक्ति भरा प्लान तैयार रहता है।

**SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec**
काफी समय के बाद आज कुछ अच्छी खबर आपको मिलेगी। कोई जरूरी काम बन जाने से लाभदायक अवसरों की प्राप्ति होगी और आगे का समय अच्छा कटने का उत्साह रहेगा। इसके बाद यह भी एक अच्छा सौभाग्य होगा कि कहीं पर आपका रुका हुआ धन भी शाम तक हाथ में आ जाएगा।

**CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan**
आज कई प्रकार के उलझनों में ग्रस्त रहेंगे। एक ओर अपने प्रेमी या प्रियजन के लिए कोई वस्तु या उपहार खरीदने की जल्दीबाजी रहेगी। दूसरी ओर आपके कार्यक्षेत्र में भी काम का प्रेशर ज्यादा रहेगा। सही वक्त पर आकर आपका वाहन आदि भी साथ नहीं देगा। ऐसे वक्त पर आपकी सूझबूझ काम आएगी।

**AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb**
आज मंजिल पर पहुंचकर भी आप अपने आपको बहुत पीछे महसूस कर सकते हैं। पूरा फासला तय करने में अभी एक सांस की दौड़ और लगानी है, ऐसे में अगर आप के हौसले पस्त हो जाएंगे तो आपकी जीत कैसे होगी। हिम्मत बनाए रखें, क्षणिक असफलता से परेशान होने की जरूरत नहीं है।

**PISCES 19 Feb - 20 Mar**
काफी अरसे से आप किसी सन्त महात्मा या दार्शनिक विचारों पर बहुत अच्छी तरह गौर कर रहे हैं। किसी काम के बिगड़ने से होने पर आपको खीज या प्रतिक्रिया नहीं होती बल्कि आप उल्टा शांत और गम्भीर नजर आते हैं। हो सकता है कि यह असर आपके ग्रहों के संचार बदलाव से हो रहा हो या फिर कोई शुभ ग्रह आपको प्रेरित कर रहा है।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 2 | 5 | 9 | 1 |
| | | | | 8 | | | 2 | |
| | | | 9 | | | 7 | | |
| 9 | 6 | | 1 | | | | | |
| 1 | | | | 4 | | | | 9 |
| | | | | | 6 | | 7 | 2 |
| | | 2 | | | 8 | | | |
| | 8 | | | 7 | | | | |
| 7 | 1 | 6 | 5 | | | | 8 | |

## कल के सुडोकू का जवाब

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 8 | 3 |
| 6 | 7 | 4 | 5 | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 |
| 5 | 2 | 8 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 |
| 9 | 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 | 6 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 1 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 | 4 | 7 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 6 | 1 |

**TELEVISION**

big magic




| | |
|---|---|
| 09:00 | बबलू डबलू |
| 10:00 | बंदबुध बुड़बक |
| 11:00 | रुद्र के रक्षक |
| 11:30 | अलादीन |
| 12:00 | चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 13:30 | भ से भड़े |
| 14:30 | हम पांच |
| 15:00 | अजब देश की गजब कहानी |
| 16:30 | प्यार मौहब्बत हैपी लकी |
| 18:30 | रुद्र के रक्षक |
| 21:00 | चीख |

## कल का पंचांग
**(गुरुवार, 04 जून 2026)**

राष्ट्रीय मिति ज्येष्ठ 14, शक संवत 1948 द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्णा, चतुर्थी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2083। सौर ज्येष्ठ मास प्रविष्टे 21, जिल्हिजा 17, हिजरी 1447 (मुस्लिम), तदनुसार अंग्रेजी तारीख 04 जून 2026 ई। सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, ग्रीष्म ऋतुः। राहुकाल अपराह्न 01 बजकर 30 मिनट से 03 बजे तक। चतुर्थी तिथि रात्रि 11 बजकर 31 मिनट तक उपरांत पंचमी तिथि का आरंभ। उत्तराषाढ़ नक्षत्र अर्धरात्रोत्तर 03 बजकर 42 मिनट तक उपरांत श्रवण नक्षत्र का आरंभ। शुक्ल योग प्रातः 09 बजकर 03 मिनट तक उपरांत ब्रह्म योग का आरंभ। बव करण पूर्वाह्न 10 बजकर 27 मिनट तक उपरांत कौलव करण का आरंभ। चन्द्रमा प्रातः 07 बजकर 42 मिनट तक धनु उपरांत मकर राशि पर संचार करेगा।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

कर्क राशि का बृहस्पति और मीन का शनि आपके मूल अंक के स्वामी बन रहे हैं। इस वर्ष शक्तिशाली जीव साक्षिणी देहधारी प्रधान ग्रह मुंथा आपके वर्ष भर की संचाल ग्रह बनी हैं। इस ग्रह योग के चलते आपको आगामी वर्ष उत्तम प्रभाव देने वाला सिद्ध होगा। जून अंत तक कामकाज का अच्छा सिलसिला शुरू हो जाएगा। संभव है कि इस वर्ष जुलाई से लेकर अगस्त तक आपका स्वास्थ्य कुछ नरम चले। यह समय सितंबर के अंत तक खत्म होगा। अक्टूबर नवंबर तक जहां आप यथेष्ठ लाभ से लाभान्वित होंगे, वहीं वाहन या आवास सुख में भी पुनः वृद्धि होगी। दिसंबर से लेकर जनवरी 2027 तक आजीविका के क्षेत्र में पदोन्नति कारक ग्रह है। फरवरी से लेकर मार्च तक का समय बहुत ही अनुकूल व्यतीत होगा, इसमें जोखिम उठाने से लाभ हो सकता है। **-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा**

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH16 User: rajesh.mishra@timesofindia.com Time: 06-02-2026 22:32 Color:

नवभारत टाइम्स NBT Delhi Times OF INDIA
masala mix
WEDNESDAY, JUNE 3, 2026 ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE


@wamiqagabbi
वामिका गब्बी

# ‘ऐसा पार्टनर चाहिए जो जानवरों से प्यार करता हो’

रेखा खान

पंजाबी फिल्मों की हीरोइन रही वामिका गब्बी ने बॉलिवुड में जगह बना ली है। इन दिनों वह चर्चा में हैं अपनी फिल्म पति पत्नी और वो दो को लेकर। बॉलिवुड की खूबसूरत बैचलर गर्ल के बारे में हर कोई जानना चाहता है कि आखिर वह अपने लिए कैसा पार्टनर चाहती हैं। एक बातचीत में जब हमने वामिका से यह सवाल किया तो हंसते हुए कहती हैं, ‘ये आपने कैसा सवाल पूछ लिया? इसका जवाब तो बहुत मुश्किल है। (सोचते हुए) मेरा होने वाला पति जानवरों से प्यार करता हो। वो आज़ादी में विश्वास रखे, बदलाव को स्वीकार करने का गुण हो। कई लोग खुद को बदलने में यकीन नहीं करते, तब मुश्किल आती है। कंपैटिबिलिटी जरूरी है, मगर मेरे जीवनसाथी में ये बातें बहुत जरूरी हैं।’

## ‘कैट फाइट्स ही क्यों, डॉग फाइट्स भी तो होती हैं’

इंडस्ट्री में कैट फाइट्स जैसा टर्म बहुत मशहूर रहा है। इस पर उस वक्त और ज्यादा चर्चा होती है, जब एक फिल्म में कई नायिकाएं हों। वामिका की हालिया फिल्म में उनके साथ सारा अली खान के साथ-साथ रकुल प्रीत सिंह भी हैं। मगर वामिका कैट फाइट्स टर्म का बचाव करते हुए कहती हैं, ‘कैट फाइट्स ही क्यों डॉग फाइट्स भी तो होती हैं। हर जगह हर तरह की फाइट्स होती हैं, ये तो निर्भर करता है कि आप किन लोगों के साथ काम कर रहे हैं।’ वहीं अपनी फिल्म के सेट से जुड़े पलों को याद करते हुए उन्होंने कहा, ‘शूटिंग की लोकेशन होटल से एक घंटे की दूरी पर थी, तो हम सभी एक साथ शूट पर जाते। हमने तो एक साथ जिमिंग और स्विमिंग भी की।’

> मुझे ऐसा पार्टनर चाहिए जो आज़ादी में विश्वास रखे। उसमें बदलाव को स्वीकार करने का गुण हो। कई लोग खुद को बदलने में यकीन नहीं करते, तब बहुत मुश्किल आती है


अपने पेट के साथ में वामिका



## ‘बूंग’ ने न्यू यॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में जीते तीन पुरस्कार


# ‘काला हिरण’ के निर्माता को सलमान का नोटिस


सलमान की टीम ने काला हिरण फिल्म पर आपत्ति जताई

सलमान खान ने फिल्म ‘काला हिरणः द बैटल फॉर लेगेसी’ के निर्माता को लीगल नोटिस भेजा है। इस नोटिस में फिल्म के काम और इसके प्रचार पर तत्काल रोक की मांग की है। नोटिस में आरोप लगाया गया है कि यह फिल्म ऐक्टर के काला हिरण शिकार केस से प्रेरित है। साथ ही दावा किया गया है कि फिल्म ऐक्टर की छवि को नुकसान पहुंचा सकती है और चल रही कानूनी कार्यवाही में रुकावट डाल सकती है। वहीं फिल्म उनके पर्सनैलिटी राइट्स का भी उल्लंघन कर सकती है। दूसरी तरफ, इस मामले में फिल्म के निर्देशक भारत एस. श्रीनेत ने एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें अब कानूनी दबाव और पब्लिक क्रिटिसिज़्म को संभालने की आदत हो गई है।

# FWICE का मामला कोर्ट में

रणवीर सिंह और फरहान अख्तर से जुड़ा डॉन 3 का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं इस बात पर भी चर्चा हो रही है कि फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज (FWICE) को क्या किसी ऐक्टर को लेकर असहयोग निर्देश जारी करने का अधिकार है? इसी सवाल पर जहां पूरी इंडस्ट्री दो खेमों में बंट गई, वहीं अब फिल्म निर्माता टीपी अग्रवाल ने दिंडोशी के बॉम्बे सिविल कोर्ट में FWICE और IMPPA (इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स असोसिएशन) के खिलाफ एक याचिका दायर की है। दायर याचिका में कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति या संगठन के पास फिल्म इंडस्ट्री के सदस्यों पर बैन लगाने या उनके खिलाफ असहयोग निर्देश जारी करने का अधिकार नहीं है। इस पूरे मामले पर टीपी अग्रवाल ने कहा, ‘फिल्म इंडस्ट्री मिल-जुलकर काम करने से चलती है। किसी भी व्यक्ति के साथ काम करने से लोगों को रोकने की कोशिश को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। ऐसे कदम से लोगों की रोज़ी-रोटी और क्रिएटिव आज़ादी पर बुरे असर दिख सकते हैं।’


रणवीर सिंह

THE ECONOMIC TIMES

NBT नवभारत टाइम्स Wealth
अगले हफ्ते पढ़ें



• SIP शुरू करना जितना आसान, उन पर नजर रखना उतना ही ज़रूरी। कही आपके निवेश भी कई ऐप्स और खातों में बिखरकर जोखिम तो नहीं बन रहे?

हर सोमवार NBT Wealth
सिर्फ 6 रुपये में
अपने वेंडर से संपर्क करें

## फटाफट खबरें

### चांदी के आयात पर सरकार की सख्ती

■ पीटीआई, नई दिल्लीः सरकार ने मंगलवार को चांदी के आयात के नियमों को और कड़ा कर दिया है। अब RBI द्वारा चुनी गई एजेंसियों, विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT) से मान्यता प्राप्त संस्थाओं और इंडिया इंटरनैशनल बुलियन एक्सचेंज (IIBX) के जरिए चांदी मंगाने वाले जूलर्स को तभी अनुमति मिलेगी, जब उनके पास DGFT द्वारा जारी किया गया वैध इंपोर्ट ऑथराइजेशन होगा।

### डॉलर के मुकाबले 95.36 पर रुपया

■ पीटीआई, मुंबईः मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे गिरकर 95.36 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और दुनिया भर में सुरक्षित निवेश के तौर पर डॉलर की बढ़ती मांग की वजह से रुपये पर दबाव बना रहा। फॉरेक्स ट्रेडर्स का कहना है कि इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में रुपया 95.16 पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 95.03 का ऊपरी स्तर और 95.31 का निचला स्तर देखा। अंत में यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 17 पैसे की गिरावट के साथ 95.36 पर बंद हुआ। RBI रेफरेंस रेट के मुताबिक रुपये का भाव 95.17 रहा।

# मार्केट रैंकिंग में साउथ कोरिया ने भारत का छठा स्थान छीना

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**दुनिया** के शेयर बाजारों की रैंकिंग में भारत अब सातवें पायदान पर खिसक गया है। मंगलवार को दक्षिण कोरिया का शेयर बाजार भारत से आगे निकल गया।

एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और चिप बनाने वाली कंपनियों में आई तेजी से दक्षिण कोरियाई बाजार की कुल वैल्यू (KOSPI, KOSDAQ और KONEX को मिलाकर) बढ़कर 5.01 ट्रिलियन डॉलर (करीब 5 लाख करोड़ डॉलर) हो गई है। वहीं, भारत के नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) की कुल वैल्यू 4.85 ट्रिलियन डॉलर रह गई है। भारत पिछले 15 दिनों में दो पायदान नीचे गिर गया है। पिछले महीने ही भारत ताइवान से पिछड़ा था।

Bernstein के एनालिस्ट वेणुगोपाल गर्रे और निखिल अरेला ने एक नोट में कहा, ‘करीब 18 महीने पहले भारत का मार्केट कैप दक्षिण कोरिया से साढ़े तीन गुना और ताइवान से दोगुना ज्यादा था। लेकिन 2026 के शुरुआती पांच महीनों में ही भारत की वह बढ़त पूरी तरह खत्म हो गई है।’

### AI ने बढ़त दिलाई

- भारत ग्लोबल मार्केट कैप रैंकिंग में सातवें स्थान पर खिसका, दक्षिण कोरिया छठे पर पहुंचा।
- AI और चिप बनाने वाली कंपनियों की वजह से कोरियाई बाजार में भारी उछाल आया।
- दक्षिण कोरिया का मार्केट कैपः 5.01 ट्रिलियन डॉलर
- भारत (NSE) का मार्केट कैपः 4.85 ट्रिलियन डॉलर

AI Image


**...लेकिन भारत की इकॉनमी कहीं आगे :** भारत का बाजार रुपये की कमजोरी, FIIs की रेकॉर्ड बिकवाली और AI इंफ्रास्ट्रक्चर से सीधे जुड़ी कंपनियों की कमी की वजह से नीचे गिरा है। हालांकि, भले ही मार्केट वैल्यू के मामले में कोरिया आगे निकल गया हो, लेकिन इकॉनमी के मामले में भारत अभी भी कहीं आगे है। IMF के अनुमानों के मुताबिक, भारत की 4.15 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी कोरिया की 1.93 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी से कहीं बड़ी है।

**साउथ कोरिया के सामने चुनौती? :** असेट वैल्यू इन्वेस्टर्स के सीनियर इन्वेस्टमेंट एनालिस्ट रॉस मैकगैरी ने आगाह किया है कि यह तेजी कुछ ही चुनिंदा शेयरों की वजह से है। उन्होंने कहा, सैमसंग और SK Hynix ने इस तेजी में सबसे बड़ी भूमिका निभाई है। भारत के करीब पहुंचना और उसे पीछे छोड़ना एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन असली परीक्षा यह होगी कि क्या कोरिया अपने कॉरपोरेट गवर्नेंस सुधारों के जरिए इस बढ़त को आगे भी बरकरार रख पाता है।

### IT में खरीदारी से बाज़ार में हरियाली

पिछले चार दिनों से शेयर बाजार में जारी गिरावट पर मंगलवार को ब्रेक लग गया। IT शेयरों में आई जोरदार तेजी की बदौलत सेंसेक्स 382.50 अंक (0.52%) चढ़कर 74,649.84 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स अपने निचले स्तर से 1,047.07 अंक की छलांग लगाकर 74,862.19 तक पहुंच गया था। वहीं, निफ्टी 100.95 अंक (0.43%) की मजबूती के साथ 23,483.55 पर बंद हुआ। कच्चा तेल 1.28 प्रतिशत गिरकर 93.76 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बीएसई आईटी इंडेक्स में 4.40 प्रतिशत का बड़ा उछाल देखा गया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में सबसे ज्यादा तेजी TCS में देखी गई, जो 6.53 प्रतिशत उछला। इसके अलावा इंफोसिस 5.66%, HCL टेक 4.08% और टेक महिंद्रा 1.76 प्रतिशत बढ़कर बंद हुए।

# बाज़ार की गिरावट से डरे निवेशक, क्या खत्म हो रहा है SIP का क्रेज?

■ NBT रिपोर्ट

**शेयर** बाजार में पिछले दो सालों से मिल रहे खराब रिटर्न ने रिटेल निवेशकों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के डेटा से पता चलता है कि लोग अब अपनी मंथली SIP को बंद कर रहे हैं और नए निवेशकों के जुड़ने की रफ्तार भी काफी धीमी हो गई है।


असोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (AMFI) के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में SIP बंद करने वालों की संख्या नए रजिस्ट्रेशन से ज्यादा रही। इस दौरान SIP स्टॉपेज रेशियो 101% रहा, जो मार्च में भी इतना ही था। इसका मतलब यह है कि अप्रैल महीने में जितने नए SIP खाते खुले, उससे ज्यादा बंद कर दिए गए। हालांकि, एक राहत की बात यह है कि SIP के जरिए बाजार में आने वाला कुल पैसा अभी भी मजबूत बना हुआ है।

ET के मुताबिक, घरेलू निवेशकों का यह सहारा तब बहुत काम आया है जब विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकालकर जा रहे हैं। अगर SIP का पैसा आना बंद हो जाता, तो बाजार में और बड़ी गिरावट आ सकती थी।

SIP बंद करने का ट्रेंड समय के साथ बढ़ता जा रहा है। मार्च 2026 में 12 महीने का SIP स्टॉपेज रेशियो बढ़कर 94.5% हो गया, जो मार्च 2025 में 75.6% और मार्च 2024 में केवल 52% था।

आंकड़े बताते हैं कि अगर किसी ने पिछले दो सालों से निफ्टी 50 में SIP की होती, तो उसे 2.56% का नुकसान हुआ होता। वहीं निफ्टी 500 में निवेश करने वालों को केवल 0.83% का मामूली मुनाफा हुआ।

नए निवेशकों के जुड़ने की रफ्तार भी अप्रैल में सुस्त रही। इस महीने केवल 2,95,000 नए निवेशक म्यूचुअल फंड से जुड़े, जिससे कुल निवेशकों की संख्या 6.17 करोड़ हो गई। यह जून 2023 के बाद से किसी भी महीने में सबसे कम बढ़ोतरी है। फरवरी में 7 लाख और मार्च में 5 लाख नए निवेशक जुड़े थे। पिछले एक साल (मार्च तक) में कुल 72 लाख नए निवेशक आए, जबकि उससे पिछले साल यह आंकड़ा 97 लाख था।

AI Image


**अप्रैल में जितने नए SIP खाते खुले, उससे ज्यादा बंद हुए**

**SIP स्टॉपेज रेशियो**

- वित्त वर्ष 2024: 52.4%
- वित्त वर्ष 2025: 75.6%
- वित्त वर्ष 2026: 94.5%
- अप्रैल 2026: 101.1%

### क्यों निराश हैं निवेशक?

SIP बंद होने और नए निवेशकों की कमी की बड़ी वजह इक्विटी स्कीमों से उम्मीद से कम मुनाफा मिलना है। Mirae Asset इन्वेस्टमेंट के सीईओ स्वरूप मोहंती कहते हैं कि दो साल पहले कई निवेशक स्मॉल कैप शेयरों में मिल रहे भारी मुनाफे को देखकर आए थे। अब जब वैसा रिटर्न नहीं मिल रहा, तो वे निराश हैं। Samco MF के सीईओ विराज गांधी का कहना है कि कई निवेशक बहुत कम समय में ज्यादा मुनाफे की उम्मीद लेकर आए थे। चूंकि पिछले दो सालों से रिटर्न कम है, इसलिए नए निवेशक कम आ रहे हैं।

# ट्रेड डील में पेच, गोयल ने ब्रिटिश मंत्री से की बात

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : व्यापार समझौता लागू करने की राह में ब्रिटेन के नियमों के चलते उठ रहे सवालों के बीच वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को ब्रिटेन के बिजनेस एंड ट्रेड मिनिस्टर पीटर काइली से बातचीत की।



भारत आए काइली से बातचीत के बाद गोयल ने कहा, 'भारत और ब्रिटेन के आर्थिक संबंधों को अगले चरण में ले जाने, साझा कारोबारी प्राथमिकताओं और अपनी मजबूत साझेदारी को और मजबूत करने पर बहुत अच्छी बातचीत हुई।'

यह बातचीत इस मायने में अहम है कि 24 जुलाई 2025 को दोनों देशों ने FTA पर दस्तखत किए थे, लेकिन अभी यह लागू नहीं हो सका है। ब्रिटेन ने अपने स्टील उद्योग को बचाने के नाम पर टैरिफ फ्री स्टील इंपोर्ट का कोटा 1 जुलाई से घटाने की बात कही है और इस कोटे से ऊपर के स्टील आयात पर 50% टैरिफ लगेगा। साथ ही, ब्रिटेन ने 1 जनवरी 2027 से कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिजम लागू करने की बात की है, जिससे भारत से निर्यात पर आंच आएगी। ये बातें FTA पर दस्तखत के समय नहीं थीं, जिसमें भारत ने ब्रिटेन की स्कॉच व्हिस्की सहित कई चीजों पर आयात शुल्क में भारी छूट दी है।

### अमेरिका से अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू

इस बीच, द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने पर मंगलवार को ही यहां अमेरिका से भी बातचीत शुरू हुई।

# NHPC में रिटेल निवेशकों के लिए आज मौका

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः पब्लिक सेक्टर की कंपनी NHPC में अपनी हिस्सेदारी बेचने की सरकार की योजना को निवेशकों ने हाथों-हाथ लिया है। पहले ही दिन तय संख्या से 3.47 गुना ज्यादा बोलियां लगीं। सरकार ने मंगलवार को ग्रीन शू ऑप्शन का इस्तेमाल करने का फैसला किया है। सरकार अब इस ऑफर फॉर सेल (OFS) के जरिए कंपनी में अपना पूरा 6 प्रतिशत हिस्सा बेचेगी। DIPAM के सचिव अनीश चावला के मुताबिक, सरकार ने पूरा ग्रीन शू ऑप्शन इस्तेमाल करने का फैसला लिया है। अब बुधवार को रिटेल निवेशक और कंपनी के कर्मचारी बोली लगा सकेंगे। सरकार अगर 71 रुपये के भाव पर अपनी पूरी 6 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचती है, तो सरकारी खजाने में करीब 4,200 करोड़ रुपये आएंगे।

# PPI से दिखेगी थोक महंगाई की बेहतर तस्वीर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**थोक** महंगाई दर निकालने का समीकरण बदलने जा रहा है। सरकार ने तय किया है कि अगले 5 वर्षों में होलसेल प्राइस इंडेक्स (WPI) का उपयोग चरणबद्ध तरीके से बंद कर दिया जाएगा और इसकी जगह पर प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स (PPI) का उपयोग किया जाएगा। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्ट्री में प्रिंसिपल इकनॉमिक एडवाइजर प्रवीण महतो ने मंगलवार को कहा कि इससे महंगाई के रुझानों का बेहतर ढंग से आकलन हो सकेगा।

महतो ने कहा कि मिनिस्ट्री 15 जून को 2012-13 के बजाय नए बेस ईयर 2022-23 के साथ WPI की संशोधित सीरीज जारी करेगी। साथ ही, PPI की भी नई सीरीज जारी होगी। इसमें आउटपुट PPI, ट्रायल इनपुट PPI और सर्विसेज PPI के रूप में तीन इंडेक्स होंगे। शुरू में सर्विसेज PPI में 7 सेवाएं शामिल होंगी। इनमें बैंकिंग, सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन, इंश्योरेंस, पेंशन फंड मैनेजमेंट, रेलवे, एयर-पैसेंजर और दूरसंचार को रखा जाएगा। महतो ने कहा कि 5 साल की अवधि में WPI से PPI पर जाने में यूजर्स को पर्याप्त समय मिल जाएगा।

AI Image

NBT Explainer

**Q WPI और PPI में अंतर? :** PPI को WPI के मुकाबले इंफ्लेशन का बेहतर पैमाना माना जाता है। यह उत्पादकों को उनकी वस्तुओं और सेवाओं के लिए देश-विदेश में मिलने वाली कीमतों में औसत बदलाव की तस्वीर पेश करता है। वहीं, WPI किसी कमोडिटी की खरीद-फरोख्त के शुरुआती चरण में कीमतों में होने वाले बदलावों की जानकारी देता है।

**Q आउटपुट और इनपुट PPI:** आउटपुट PPI की गणना उत्पादक को मिलने वाले दाम के आधार पर होती है। यह बेसिक प्राइस होता है, जिसमें नेट टैक्स, ट्रेड और ट्रांसपोर्ट मार्जिन नहीं होता। इनपुट PPI कच्चे माल के खरीद मूल्य पर आधारित होता है। इसमें ट्रेड और ट्रांसपोर्ट मार्जिन शामिल होता है।

**Q PPI से फायदाः** अमेरिका, जर्मनी, चीन और फ्रांस सहित विकसित देशों में PPI का ही उपयोग होता है। इंटरनैशनल मॉनेटरी फंड ने भी इसके उपयोग की सलाह दी है। आउटपुट और इनपुट, दोनों तरह के PPI के आंकड़ों से कच्चे माल और तैयार माल की कीमतों के ट्रेंड को बेहतर ढंग से समझा जा सकेगा। यह भी दिखेगा कि कच्चे माल पर उत्पादकों के लिए जो महंगाई हो, उसका असर तैयार उत्पादों में किस तरह पड़ता है। दोनों PPI के उपयोग से महंगाई की डबल काउंटिंग से बचा जा सकेगा, जो WPI में हो जाता है। WPI में केवल वस्तुओं को, PPI में सेवाओं को भी रखा जाता है।

**Q आइटम बढ़ेः** नए तरीके में आइटम्स की संख्या 697 से बढ़ाकर 957 कर दी गई है। इसमें इलेक्ट्रिसिटी ग्रुप में सोलर और विंड एनर्जी को शामिल गया है। न्यूक्लियर इलेक्ट्रिसिटी भी है। क्रूड पेट्रोलियम और नैचरल गैस को प्राइमरी आर्टिकल्स से फ्यूल एंड पावर में रख दिया गया है, जिसमें कोयला, बिजली पहले से हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH17 User: cci Time: 06-02-2026 22:40 Color:



**NBT आज का इतिहास**

### विभाजन का आज आया था प्लान


आज ही के दिन 1947 को लॉर्ड माउंटबेटन ने भारत के विभाजन के प्लान का ऐलान किया था, जिसे 3 जून प्लान कहा जाता है। इसके तहत भारत और पाकिस्तान दो स्वतंत्र राष्ट्र बनाने, पंजाब और बंगाल के विभाजन, 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता देने का प्रस्ताव रखा गया था। कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने इसे स्वीकार किया। बाद में भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम पारित हुआ। रेडक्लिफ ने सीमा तय की गई।

NBT
Front Page-2
नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली
बुधवार, 3 जून 2026

**NBT वायरल न्यूज़**

### 21 साल बाद मिला जॉब लेटर

केरल के मलप्पुरम निवासी 61 साल के अब्दुल मजीद को 21 साल बाद सरकारी नौकरी का अपॉइंटमेंट लेटर मिला। उन्होंने 2005 में PSC परीक्षा दी थी। अडवाइस मेमो आने तक वह रिटायरमेंट की उम्र पार कर चुके थे।



**SPEED News इंटरनैशनल**

### कंबोडिया के ACLEDA बैंक के साथ KHQR




सिस्टम के जरिए UPI पेमेंट की सुविधा शुरू की गई है। भारतीय UPI से 45 लाख से अधिक जगह भुगतान कर सकेंगे।



### भारत ने इबोला से प्रभावित अफ्रीका को

मेडिकल ऐड की दूसरी खेप भेजी है। इसमें सुरक्षा उपकरण, जांच और दवाइयां, पोषण संबंधी सप्लीमेंट शामिल हैं।

### ब्रिटेन में सांसद रूपर्ट लो ने पाकिस्तानी



ग्रूमिंग गैंग्स की शिकार बच्चियों का मुद्दा उठाया। 3 साल में 500-600 लोगों ने 13 साल की बच्ची से रेप किया था।

### US प्रतिनिधि सभा के सदस्य रो खन्ना ने



हिंदू फोबिया, हिंदू विरोधी कट्टरता और हिंदू मंदिरों पर लगातार हो रहे हमलों की निंदा करने वाले एक प्रस्ताव का समर्थन किया है।

**साउथ लेबनान के रिहायशी इलाकों पर इस्राइली हमले**

# ट्रंप नाराज़, नेतन्याहू को किया फोन

■ NBT रिपोर्ट

- दावा, US राष्ट्रपति ने नेतन्याहू से कहा, अब हर कोई तुमसे नफरत करेगा
- इस्राइल ने कहा, खतरा हुआ तो बेरूत के इलाके बचेंगे नहीं

File



**अमेरिकी राष्ट्रपति** डॉनल्ड ट्रंप ने सोमवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंयामिन नेतन्याहू के साथ टेलीफोन पर तीखी बातचीत की और साउथ लेबनान के रिहायशी इलाकों पर हो रहे हमलों पर नाराजगी जताई। ट्रंप ने नेतन्याहू को दुनिया भर में इस्राइल के खिलाफ बढ़ती नाराजगी के लिए जिम्मेदार ठहराया। साउथ लेबनान पर लगातार हो रहे हमलों की वजह से ईरान ने सोमवार को चेतावनी दी थी कि वह वॉशिंगटन के साथ चल रही कूटनीतिक बातचीत रोक सकता है। इसी के बाद ट्रंप ने नेतन्याहू के साथ बेहद आक्रामक लहजे में बात की और कहा कि लेबनान पर तुरंत हमले रोको। बातचीत के बाद ट्रंप ने सीजफायर का ट्रूथ सोशल पर ऐलान भी किया।

**ट्रंप और नेतन्याहू के बीच टेलीफोन पर तीखी बात**

एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से Axios ने बताया कि ट्रंप, हिज्बुल्लाह के हमलों के जवाब में इस्राइल की सैन्य कार्रवाई को लेकर बेहद नाराज थे। ट्रंप ने किसी एक हिज्बुल्लाह कमांडर को निशाना बनाने के लिए पूरी इमारतों को तबाह किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने बेरूत के खिलाफ तेल अवीव की बढ़ती धमकियों पर भी असंतोष व्यक्त किया। एक सूत्र ने बताया कि ट्रंप ने नेतन्याहू से कहा, 'अब हर कोई तुमसे नफरत करता है। इस वजह से हर कोई इस्राइल से नफरत करता है।' हालांकि इस बातचीत के बाद नेतन्याहू के ऑफिस ने बयान जारी कर कहा कि इस्राइल का रुख पहले जैसा ही बना हुआ है।

**इस्राइल ने कहा**

### हमला हुआ तो जवाब देने से बिल्कुल हिचकेंगे नहीं

**एपी, बेरूत/यरुशलमः** इस्राइल ने मंगलवार को चेतावनी दी कि अगर हिज्बुल्लाह उत्तरी इस्राइली शहरों पर हमले जारी रखता है तो वह बेरूत के दक्षिणी उपनगरों, विशेष रूप से हिज्बुल्लाह के गढ़ दहियाह इलाके को निशाना बनाने से नहीं हिचकेगा। इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने कहा कि इस मामले में अमेरिका भी इस्राइल को रोकने की कोशिश नहीं करेगा और उसने यह संदेश पहुंचा दिया है।

**ट्रंप ने कहा**

### नेतन्याहू ने सेना मोड़ ली है, लेकिन फिर हुआ हमला

**ट्रुथ सोशल** पर किए गए एक पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि नेतन्याहू ने अपनी सेना को वापस मोड़ लिया, क्योंकि उन्होंने इस्राइली नेता से स्पष्ट रूप से कहा था कि बेरूत पर बड़ा हमला न किया जाए। ट्रंप ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि ईरान के साथ बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है। वहीं, ट्रंप के इस ऐलान के कुछ देर बाद ही इस्राइल ने साउथ लेबनान के कई इलाकों पर बमबारी की।

### विश्व युद्ध के बाद सबसे ज्यादा महंगाई

ईरान में मई 2026 में महंगाई दर 77.2% पर पहुंच गई, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। दवाइयों, टैक्सी किराये और संचार जैसी रोजमर्रा की जरूरतों की कीमतें एक साल में 113.8% बढ़ गईं। ईरानी मुद्रा रियाल की कीमत भी बुरी तरह गिरी है। विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ती महंगाई और आर्थिक संकट के कारण फिर बड़े विरोध-प्रदर्शन भड़क सकते हैं। (AP)

### US संसद में आज रुबियो पर होगी सवालों की बौछार!

■ **एपी, वॉशिंगटनः** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो बुधवार (भारतीय समय अनुसार) को संसद के सामने पेश होंगे, जहां उनसे डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन की विदेश नीति, ईरान युद्ध, वैश्विक कूटनीतिक चुनौतियों और अमेरिका की भूमिका को लेकर तीखे सवाल पूछे जाने की संभावना है। ईरान के साथ युद्ध शुरू होने के बाद यह पहला मौका होगा जब रुबियो प्रतिनिधि सभा और सीनेट की समितियों के सामने लगातार दो सुनवाई में हिस्सा लेंगे। आधिकारिक तौर पर ये सुनवाई विदेश मंत्रालय के वार्षिक बजट प्रस्ताव पर केंद्रित हैं, लेकिन माना जा रहा है कि चर्चा का मुख्य विषय ईरान के साथ जारी तनाव और हाल ही में हुए संघर्ष होंगे। अमेरिका और ईरान के बीच घोषित युद्धविराम पहले से ही कमजोर स्थिति में है और हाल के दिनों में दोनों पक्षों के बीच हुए हमलों ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। मंगलवार को कैलिफॉर्निया, आयोवा, मोंटाना, न्यू जर्सी, न्यू मैक्सिको और साउथ डकोटा में प्राइमरी इलेक्शन हो रहे हैं। इस चुनावी नतीजों को आगामी मध्यावधि चुनावों से पहले दोनों दलों की राजनीतिक स्थिति के संकेतक के रूप में देखा जा रहा है।



मार्को रुबियो

### यूक्रेन पर रूस का बड़ा हमला, 18 लोगों की मौत, 100 से ज्यादा घायल

AFP



यूक्रेन की राजधानी कीव में मंगलवार तड़के रूस ने दागीं मिसाइलें

■ **एपी, कीव (यूक्रेन)**

**रूस ने** यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई शहरों पर मंगलवार तड़के बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया। इसमें 18 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। हमले में कई रिहायशी इमारतें तबाह हो गईं और लोग मलबे में दब गए। मध्य यूक्रेन के दनीप्रो शहर में राहतकर्मियों ने मलबे से 3 साल के एक बच्चे, उनकी मां और 8 साल के भाई के शव निकाले। दनीप्रो में 12 और कीव में 6 लोगों की मौत हुई है।

**हमले में यूक्रेन की कई रिहायशी इमारतें तबाह हो गईं**

रूस ने रातभर में 656 ड्रोन और 73 मिसाइलें दागीं। यूक्रेनी वायुसेना के मुताबिक, एयर डिफेंस सिस्टम ने 602 ड्रोन और 40 मिसाइलों को मार गिराया या निष्क्रिय कर दिया, लेकिन कई मिसाइलें और ड्रोन अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल रहे। कीव, दनीप्रो, पोल्टावा, खार्किव और जापोरिज्जिया प्रमुख निशाने रहे। कई इलाकों में रिहायशी भवनों, वाहनों और अन्य नागरिक ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा। राजधानी की रहने वाली इरीना सालिकोवा ने बताया कि वह अपनी तीन साल की बेटी के साथ पूरी रात बाथटब में छिपकर बैठी रहीं। विस्फोट की वजह से उनके घर की खिड़कियां टूट गईं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले के बाद अमेरिका और यूरोपीय देशों से सैन्य सहायता की अपील की।

**मिसाइलों की कमी से हमले रोकना मुश्किल**

एक्सपर्ट के मुताबिक, यूक्रेन की कमजोर पड़ती एयर डिफेंस का फायदा उठाने की रूस कोशिश कर रहा है। अमेरिकी पैट्रियट एयर डिफेंस मिसाइलों की कमी और अंतरराष्ट्रीय भंडार में गिरावट के कारण यूक्रेन के लिए बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकना मुश्किल हो गया है।

## सर्वे में बोले यूज़र- म्यूजिक ऐप का सब्सक्रिप्शन रद्द करना जटिल

■ NBT रिपोर्ट

AI Image

**सब्सक्रिप्शन रद्द करने के विकल्प परेशान करने वाले थे?**




**म्यूजिक स्ट्रीमिंग** प्लैटफॉर्म्स पर डार्क पैटर्न्स को लेकर लोकल सर्कल्स के सर्वे में 49% यूजर्स ने बताया कि उन्हें सब्सक्रिप्शन ट्रैप का बहुत बार सामना करना पड़ा। इसमें सर्विस की सदस्यता लेना तो काफी सरल है, लेकिन उसे रद्द करना या डाउनग्रेड करना बेहद मुश्किल बना दिया जाता है। सर्वे में शामिल 19% लोगों ने कहा कि सेवा बंद करने के बाद भी उनसे नियमित रूप से शुल्क वसूला जाता रहा।

44% यूजर्स ने बताया कि शुरुआती दिनों के बाद बिना स्पष्ट सूचना दिए उनसे अधिक शुल्क लिया गया, जिसे 'बेट एंड स्विच' डार्क पैटर्न माना जाता है। इसके अलावा, 62% लोगों ने 'इंटरफेस इंटरफेरेंस' डार्क पैटर्न का अनुभव होने की बात कही। इसमें सदस्यता रद्द करने के विकल्प इस तरह डिजाइन किए जाते हैं कि यूजर आसानी से पहुंच न सके। सर्वे में 323 जिलों से 93,000 से लोगों ने हिस्सा लिया।

## 'नेपाल विवाद में तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं'

### विदेश मंत्रालय ने कहा, सीमा से जुड़े सभी मुद्दों के समाधान के लिए द्विपक्षीय तंत्र मौजूद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत ने** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह की ओर से सीमा विवाद के समाधान में चीन और ब्रिटेन को शामिल करने की बात को सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को स्पष्ट कहा कि भारत और नेपाल के बीच सीमा से जुड़े सभी मुद्दों के समाधान के लिए द्विपक्षीय तंत्र मौजूद हैं और किसी तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं हो सकती।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत-नेपाल सीमा के करीब 98 प्रतिशत हिस्से का सीमांकन हो चुका है और शेष विवादित हिस्सों पर दोनों देशों के बीच स्थापित तंत्र के माध्यम से बातचीत जारी है। उन्होंने कह कि भारत और नेपाल के बीच सीमा संबंधी सभी मामलों पर चर्चा और समाधान के लिए द्विपक्षीय व्यवस्थाएं मौजूद हैं। यह सभी संबंधित पक्षों के लिए स्पष्ट होना चाहिए कि भारत और नेपाल के बीच किसी भी द्विपक्षीय मुद्दे में तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। यह प्रतिक्रिया नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह के बयान के बाद आई है।



> प्रधानमंत्री बनने के बाद मुझे पता चला कि केवल भारत ने ही नेपाल की ज़मीन पर अतिक्रमण नहीं किया है, बल्कि नेपाल ने भी कई जगहों पर भारत की ज़मीन पर अतिक्रमण किया है। *-बालेन शाह, नेपाल के प्रधानमंत्री*

### कुछ जगह लंबे समय से बना है नेपाल के साथ सीमा विवाद

**भारत और** नेपाल के बीच लंबे समय से कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा क्षेत्रों को लेकर सीमा विवाद बना हुआ है। भारत लगातार इन क्षेत्रों को उत्तराखंड का हिस्सा बताता रहा है, जबकि नेपाल उन पर दावा करता है। जायसवाल ने कहा कि गंडक नदी के प्रवाह में बदलाव के कारण कुछ क्षेत्रों में सीमा निर्धारण संबंधी जटिलताएं पैदा हुई हैं। इसके अलावा सीमांकित क्षेत्रों में नो-मैन्स लैंड पर अतिक्रमण और सीमा पार कब्जे के कुछ मामलों की दोनों देश संयुक्त रूप से मैपिंग कर रहे हैं।

**कालापानी, लिपुलेख, लिम्पियाधुरा को लेकर विवाद है**

### EU और पाक के बयान पर ऐतराज़

■ **NBT रिपोर्टः** विदेश मंत्रालय ने यूरोपीय संघ (EU) और पाकिस्तान के संयुक्त प्रेस बयान में जम्मू-कश्मीर के संदर्भ को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को कहा कि भारत इस तरह के अनुचित उल्लेखों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, उन्होंने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं। जायसवाल ने कहा कि भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार न रखने वाले पक्षों को ऐसे मुद्दों पर बयान देने से बचना चाहिए। विदेश मंत्रालय की यह प्रतिक्रिया EU-पाकिस्तान संयुक्त विज्ञप्ति में जम्मू-कश्मीर का जिक्र किए जाने के बाद आई है।

**भारत ने कहा, J&K और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्से**

### चंडीगढ़ में रैपर बादशाह से जुड़ा सागो क्लब सील

■ **NBT न्यूज, चंडीगढ़ः** चंडीगढ़ प्रशासन ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सेक्टर-26 स्थित चर्चित सागो क्लब को सील कर दिया। मशहूर रैपर बादशाह से जुड़े इस क्लब के खिलाफ भवन नियमों के उल्लंघन को लेकर लंबे समय से कार्रवाई चल रही थी। प्रशासन का कहना है कि कई बार नोटिस जारी करने और नियमों का पालन करने के निर्देश देने के बावजूद क्लब प्रबंधन ने कमियां दूर नहीं कीं। इसके बाद क्लब को सील करने का फैसला लिया गया। मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे यूटी एस्टेट ऑफिस की बिल्डिंग ब्रांच और प्रवर्तन शाखा की संयुक्त टीम पुलिस बल के साथ सेक्टर-26 स्थित शोरूम नंबर-17 पहुंची। अधिकारियों ने मौके पर कार्रवाई करते हुए क्लब को सील कर दिया। निरीक्षण के दौरान क्लब परिसर में नक्शे से अलग कई निर्माण और बदलाव पाए गए थे।



रैपर बादशाह

## वेनेज़ुएला की राष्ट्रपति आज से भारत के दौरे पर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**वेनेजुएला की** कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रॉड्रिगेज बुधवार को भारत की 5 दिनों की यात्रा पर आ रही हैं। ईरान और अमेरिका में लड़ाई के चलते तेल-गैस सप्लाई प्रभावित होने के बीच डेल्सी की यह यात्रा काफी अहम मानी जा रही है।

डेल्सी इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी से बातचीत करेंगी। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा, 'इस बातचीत में भारत-वेनेजुएला संबंधों पर व्यापक चर्चा होगी। ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश, दवाओं, स्वास्थ्य देखभाल, परिवहन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर विचार होगा।' डेल्सी के साथ विदेश, वित्त, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, संचार एवं सूचना और परिवहन सहित वेनेजुएला के कई विभागों के मंत्री भी भारत आ रहे हैं।

**पीएम मोदी से मिलेंगी राष्ट्रपति डेल्सी रॉड्रिगेज**

File



ईरान और अमेरिका युद्ध के बीच डेल्सी रॉड्रिगेज की यात्रा खास

**भारत के लिए क्यों अहम है यह यात्रा**

**डेल्सी की** यह यात्रा इस मायने में अहम है कि जहां भारत कच्चे तेल की अपनी जरूरत का 88% से ज्यादा हिस्सा आयात करता है। ईरान युद्ध के बीच भारत ने वेनेजुएला से तेल खरीद बढ़ाई है। भारत के लिए वेनेजुएला इस मायने में अहम है कि वहां से आयात बढ़ने पर खाड़ी देशों पर निर्भरता घटेगी।

## अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले 30 भारतीय ड्राइवर अरेस्ट

■ पीटीआई, न्यू यॉर्क

**अमेरिका में** अवैध रूप से रह रहे करीब 30 भारतीय ट्रक ड्राइवरों को गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि सभी को जल्द ही देश से निर्वासित किया जाएगा। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा एजेंसी (CBP) ने सोमवार को बताया कि 11 से 15 मई के बीच एरिजोना के युमा सेक्टर में 'ऑपरेशन चेकमेट' चलाया गया था। इस अभियान के दौरान अधिकारियों ने अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 52 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें 36 लोग ट्रक चला रहे थे।

गिरफ्तार किए गए 36 ट्रक चालकों में 30 भारतीय थे, जबकि बाकी मेक्सिको, अल सल्वाडोर और रूस के नागरिक थे। कुछ के पास कैलिफॉर्निया, न्यू यॉर्क, वॉशिंगटन और वर्जीनिया से जारी वाणिज्यिक ड्राइविंग लाइसेंस थे।



11 से 15 मई तक चलाया गया था ऑपरेशन

### उत्तरकाशी में ट्रेकर की तलाश, एजेंसी पर ऐक्शन

■ **NBT रिपोर्ट, उत्तरकाशीः** उत्तरकाशी के दयारा बुग्याल क्षेत्र में 4 दिन से लापता महिला ट्रेकर बबीता पांडे की तलाश के लिए प्रशासन ने खोज अभियान तेज कर दिया है। SDRF, NDRF, पुलिस और वन विभाग की टीमें ड्रोन और डॉग्स की मदद से सर्च कर रही हैं। पर्यटन विभाग ने ट्रेकिंग एजेंसी 'ब्रो माउंटेन' और उसके गाइड का पंजीकरण निरस्त कर दिया है। विभाग ने एजेंसी पर स्थायी प्रतिबंध लगाने के लिए डीएम को पत्र भी भेजा है। नैनीताल निवासी बबीता पांडे (30) 29 मई की रात दयारा बुग्याल ट्रेक के दौरान लापता हो गई थीं।



महिला के साथ ट्रेक पर साथ गए 2 युवकों से पुलिस कर रही पूछताछ

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

**खबरों का ज्ञान**

**रोज़ की खबरों पर कितनी पैनी नज़र है, आज़माएं**

1 वेनेज़ुएला की राष्ट्रपति भारत आ रही हैं, उनका क्या नाम है?
A. ह्यूगो चावेज B. निकोलस मादुरो C. डेल्सी रॉड्रिगेज

2 नेपाल में सत्तारूढ़ पार्टी RSP के अध्यक्ष का क्या नाम है?
A. रवि लामिछाने B. बालेन शाह C. शेर बहादुर

3 कालापानी, लिपुलेख क्षेत्रों को लेकर किस देश के साथ भारत का सीमा विवाद है?
A. चीन B. नेपाल C. पाकिस्तान

4 क्रिकेट में धमाल मचाने वाले राजस्थान रॉयल्स के किस बल्लेबाज पर IIM इंदौर केस स्टडी करेगा?
A. जोफ्रा आर्चर B. रियान पराग C. वैभव सूर्यवंशी

5 शिक्षा संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष का क्या नाम है?
A. दिग्विजय सिंह B. अमित शाह C. रवि किशन

**कल के जवाब**

1 A. 2 2 C. 11 3 A. मसूद पेजेशकियन 4 C. 27.2% 5 B. रिचर्ड मार्ल्स

**लकी विनर्स**



1. के.सी. पालीवाल, नोएडा
2. सचिन जैन, नई दिल्ली
3. सुषमा शर्मा, दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

**हेल्थ सर्वे** रिपोर्ट में बताया गया कि कम उम्र में मां बनने के मामलों में शहरों की हालत गांवों से बेहतर, शहरों में बाल विवाह के मामले भी घटे

# गांवों में हर 5वीं लड़की की कम उम्र में हो रही शादी

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

AI Image

- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के आंकड़ों में कुछ जगह हालात सुधरे
- 15-19 साल की 6.7% लड़कियां जब सर्वे हो रहा था तब तक मां बन चुकी थीं



■ **नई दिल्लीः** देश में कम उम्र में शादी और किशोरावस्था में मां बनने के मामलों में कमी आई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, पहले के मुकाबले अब कम लड़कियों की शादी 18 साल से पहले हो रही है। हालांकि गांवों में यह समस्या अब भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। 20 से 24 साल की उम्र की 20.1% महिलाओं की शादी 18 साल की उम्र पूरी होने से पहले हो गई थी। पिछले सर्वे में यह आंकड़ा 23.3% था। यानी बाल विवाह के मामलों में गिरावट दर्ज की गई है।

लड़कों के मामले में भी सुधार दिखा है। 25 से 29 साल के 15.9% पुरुषों की शादी 21 साल की उम्र से पहले हुई, जबकि पिछले सर्वे में यह आंकड़ा 17.7% था। शहर और गांव के आंकड़ों में बड़ा अंतर दिखाई देता है। शहरों में 11.4% लड़कियों की शादी 18 साल से पहले हुई, जबकि गांवों में यह आंकड़ा 23.3% है। यानी गांवों में हर पांच में से एक से ज्यादा लड़की की शादी कम उम्र में हो रही है। मां बनने की उम्र के मामले में भी यही तस्वीर सामने आई। 15 से 19 साल की उम्र की 6.7% लड़कियां सर्वे के दौरान मां बन चुकी थीं या गर्भवती थीं। शहरों में यह आंकड़ा 3.4% रहा, जबकि गांवों में 7.9% दर्ज किया गया।

**गांवों में ज्यादा हो रहे बच्चे**

### सर्वे में बताया, शहरों में परिवार का आकार घट रहा

**सर्वे के** मुताबिक, देश में महिलाओं के औसतन बच्चों की संख्या (फर्टिलिटी रेट) 2.0 पर बनी हुई है। शहरों में यह 1.6 है, जबकि गांवों में 2.1 है। इसका मतलब है कि शहरों में परिवार का आकार छोटा हो रहा है, जबकि गांवों में अभी भी अपेक्षाकृत ज्यादा बच्चे पैदा हो रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि शिक्षा, जागरूकता और लड़कियों के स्कूल-कॉलेज तक पहुंच बढ़ने से शादी की उम्र बढ़ रही है।

## जून और अगस्त के बीच बढ़ सकता है वैश्विक पारा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**प्रशांत महासागर** में तेजी से बढ़ रही गर्मी के बीच दुनिया एक बार फिर अल नीनो के खतरे की ओर बढ़ रही है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) के अनुसार, जून से अगस्त 2026 के बीच अल नीनो विकसित होने की आशंका 80% है, जबकि इसके नवंबर तक बने रहने की आशंका 90% से अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह अल नीनो मध्यम से मजबूत स्तर का हो सकता है। अल नीनो एक ऐसी मौसमीय स्थिति है, जो दुनिया भर के तापमान और बारिश के पैटर्न को प्रभावित करती है। इसके कारण वैश्विक तापमान बढ़ सकता है और लू, सूखा, बाढ़ जैसी चरम मौसम घटनाएं ज्यादा गंभीर हो सकती हैं।



UN महासचिव गुटारेस ने इसे गंभीर जलवायु चेतावनी बताया है।

# JOIN OUR PAID SERVICE - 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## Full Package : All in One Plan

The Hindu Plan

(Starter) 1 Month = ~~199~~ ₹99
(Popular) 6 Month = ~~599~~ ₹349
(Best Value) 1 Year = ~~999~~ ₹549

Special Offer

You will Get

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

## The Hindu, BL, IE, NIE Plan

The Hindu Plan

(Starter) 1 Month = ~~149~~ ₹69
(Popular) 6 Month = ~~499~~ ₹269
(Best Value) 1 Year = ~~799~~ ₹399

Special Offer

You will Get

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW